बैशाख मास, शुक्ल पक्ष 7, वर्ष 12, अंक 9, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

प्रयागराज, गुरुवार, 27 अप्रैल, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की


प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अन्दर : बंटवारे के खिलाफ थे तारिक फतेह



अन्दर : 'रोहित शर्मा को आईपीएल से थोड़े समय के लिए विश्राम लेना चाहिए', गावस्कर ने भारतीय कप्तान को दी सलाह

# दंतेवाड़ा में नक्सली हमला, 11 पुलिसकर्मी शहीद

## गाड़ी को 50 किलो विस्फोटक से उड़ाया, ड्राइवर की भी मौत, पांच दिन पहले नक्सली कैंप किया था ध्वस्त

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में बुधवार को नक्सली हमले में 11 पुलिसकर्मी शहीद हो गए। ये जवान डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड यूनिट के थे। इनके अलावा इनकी गाड़ी के ड्राइवर की भी हमले में मौत हुई है। इनकी टीम बारिश में फंसे सुरक्षा बलों को रेस्क्यू करने जा रही थी। इसी दौरान नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट में पुलिसकर्मियों का वाहन उड़ा दिया। यह 50 किलो विस्फोटक से ब्लास्ट किया गया। हमला दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र में अरनपुर-समेली के बीच हुआ। सूत्रों के मुताबिक यहां पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसी दौरान नक्सलियों ने वाहन पर बम भी फेंका। आईजी सुंदरराज पी ने कहा- मौके पर सीनियर ऑफिसर्स भेजे गए हैं। इलाके में सर्चिंग ऑपरेशन जारी है। नक्सली हमले में शहीद होने वालों में

**हमला**

### सुरक्षाबलों को रेस्क्यू करने जा रहे थे, नक्सलियों का हमले के लिए चल रहा कैंपेन

### एक हफ्ते पहले विधायक के काफिले पर हुआ था हमला

प्रधान आरक्षक जोगा सोढ़ी, मुन्ना राम कड़ती, संतोष तामो, नव आरक्षक दुल्गो मण्डावी, लखमू मरकाम, नव आरक्षक जोगा कवासी, नव आरक्षक हरिराम मण्डावी, गोपनीय सैनिक राजू राम करटम, जयराम पोड़ियाम जगदीश कवासी और गाड़ी के ड्राइवर धनीराम यादव शामिल हैं।

बस्तर में नक्सलियों का टैक्टिकल काउंटर अफेंसिव कैंपेन चल रहा है।



नक्सली इस दौरान अक्सर कई बड़ी घटनाओं को अंजाम देते हैं। टीसीओसी को देखते हुए फोर्स भी अलर्ट मोड पर है। बस्तर के सभी जिलों में जवानों को सर्चिंग के लिए भेजा जा रहा है।

5 दिन पहले सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों का कैंप ध्वस्त कर दिया था। भारी मात्रा में विस्फोटक समेत नक्सलियों के दैनिक उपयोग का सामान बरामद किया गया था। बताया जा रहा है कि इस कैंप में करीब 25 से 30 की संख्या में नक्सली मौजूद थे। जवानों के आने की खबर मिलते ही सभी नक्सली भाग गए। बस्तर में किरंदुल-विशाखापट्टनम पैसेंजर और नाइट एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। ये दोनों यात्री ट्रेनें आज दंतेवाड़ा से आगे किरंदुल नहीं जाएगी। हालांकि किरंदुल से लौह अयस्क लेकर विशाखापट्टनम तक मालगाड़ियों की आवाजाही बरकरार रहेगी। ईको (ईस्ट कोस्ट) रेलवे मंडल ने यात्री ट्रेनों को लेकर आदेश जारी किया है।

बीजापुर से कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी के काफिले पर एक हफ्ते पहले नक्सलियों ने हमला किया था। जिस वाहन में जिला पंचायत सदस्य पार्वती कश्यप बैठीं थीं, उस वाहन पर गोलियां लगी थीं। सभी सुरक्षित हैं। विधायक विक्रम मंडावी, जिला पंचायत सदस्य समेत कांग्रेसी नेता गंगालूर गए हुए थे। यहां मंगलवार को साप्ताहिक हाट बाजार में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया था। वहां से लौटते वक्त पदेड़ा गांव के नजदीक नक्सलियों ने चलते वाहनों पर फायरिंग की थी।

### पीएम मोदी-सीएम बघेल ने दुख जताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- दंतेवाड़ा में छत्तीसगढ़ पुलिस पर हुए हमले की कड़ी निंदा करता हूं। हम हमले में शहीद हुए बहादुर जवानों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनके बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हमले पर दुख जताया है। कहा- शहीदों के परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। नक्सलियों को बख्शा नहीं जाएगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को हर संभव सहायता देने की बात कही है।

### नक्सलियों ने दो साल पहले जवानों पर दागा था बीजीएल, 22 जवान हुए थे शहीद

तीन अप्रैल 2021 को बीजापुर जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र के टेकलगुड़ा में हुई मुठभेड़ में 22 जवान शहीद और 35 से ज्यादा घायल हुए थे। इन पर 350 से 400 नक्सलियों ने हमला किया था। इनमें माओवादियों के बड़े कैडर्स के लीडर भी मौजूद थे। जवानों पर भारी मात्रा में बैरल ग्रेनेड लॉन्चर दागा गया था। साथ ही डीआरजी सीआरपीएफ कोबरा बटालियन के जवानों से हथियार भी लूट कर ले गए थे। कोबरा के एक जवान राकेश्वर सिंह मन्हास का अपहरण किया गया था। जवान के पास से भी हथियार लूट लिए थे। बाद में जवान राकेश्वर सिंह को नक्सलियों ने रिहा कर दिया था। करीब 40 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में फैले बस्तर क्षेत्र के सभी जिलों में नक्सलियों से मुकाबले के लिए डीआरजी के गठन की शुरुआत 2008 में हुई थी। सबसे पहले कांकेर और नारायणपुर जिलों में नक्सल विरोधी अभियान में इसे शामिल किया गया। 2013 में बीजापुर और बस्तर में इसका गठन हुआ। 2014 में सुकमा और कोंडागांव के बाद 2015 में दंतेवाड़ा में यह अस्तित्व में आया।




# 'चुनाव ड्यूटी से कतराइए नहीं'

**सुविधा**

### मिलेंगी बारातियों जैसी सुविधाएं, नहीं होगी खानपान सहित दूसरी दिक्कतें

**लखनऊ।** सरकारी कर्मचारी सोचते हैं कि चुनाव कराने जाएंगे तो बहुत परेशानियां होंगी। इसकी वजह से हर चुनाव से पहले ड्यूटी कटवाने के लिए आवेदनों की लंबी सूची के अलावा सिफारिशों की बाढ़ सी आ जाती है। अब जिला प्रशासन इन मुश्किलों को ही दूर कराने के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) बना रहा है, ताकि सभी कर्मचारियों को बरात जैसी बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस एसओपी में कागजी कार्यवाही को आसान बनाने से लेकर रवानगी स्थल और वापसी में बैलेट बॉक्स या ईवीएम जमा करने की प्रक्रिया को भी सुगम बनाया जा रहा है।



डीएम सूर्यपाल गंगवार का कहना है कि चुनाव के समय ड्यूटी कटवाने के लिए कर्मचारी, अधिकारी हर संभव प्रयास करते हैं। इसकी वजह यह भी है कि चुनाव कराने जाने के दौरान कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ये दिक्कतें मतदान के दिन से एक दिन पहले शुरू होती हैं। इसके बाद मतदान के दिन देर रात तक चालू रहती हैं। इन दिक्कतों को ही खत्म कर दिया जाए तो कर्मचारियों को भी चुनाव ड्यूटी करने में परेशानी नहीं आएगी। इसी को प्राथमिकता देकर एसओपी बनाई गई है। इसको लागू करते हुए अब सुविधाएं बेहतर करनी हैं। एसओपी के मुताबिक रवानगी स्थल स्मृति उपवन में सेक्टर और जोनवाइज काउंटर बनाकर मतदान किट दी जाएगी। इसी तरह पार्किंग में बस या अन्य गाड़ियां भी मतदान कर्मियों को जोन व सेक्टर वाइज पार्किंग में खड़ी मिलेंगीं। इससे कर्मचारियों को बेवजह भटकना नहीं पड़ेगा। इसकी जानकारी भी प्रशिक्षण के समय ही कार्मिकों को दी जा रही है। मतदान कार्मिकों व ड्राइवर के खाने-पीने की व्यवस्था भी स्मृति उपवन मैदान में ही रहेगी। चुनाव कराने के समय भी इसी तरह रिटर्निंग अफसर यह सुनिश्चित कराएंगे कि सभी पीठासीन अधिकारियों को निर्वाचक फार्म की बुकलेट, पीठासीन डायरी नए फार्मेट में मिल जाए, जिसे आसान भाषा में निर्वाचन आयोग के निर्देश के मुताबिक तैयार किया गया है।

# यूपी सरकार ने लगाई सुप्रीम कोर्ट से गुहार

**अतीक-अशरफ हत्याकांड**

### जांच की मांग के मुद्दे पर दायर की कैविएट, कहा-बिना हमारा पक्ष सुने न सुनाया जाए फैसला

**लखनऊ।** माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की पुलिस की मौजूदगी में हत्या को लेकर सुप्रीम कोर्ट में पहले ही याचिकाएं दायर हो चुकी हैं। इनमें मामले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज की अध्यक्षता में कमेटी बनाने की मांग की गई है। अब इस मामले में यूपी सरकार ने एक कैविएट दाखिल की है। योगी सरकार ने इस कैविएट के जरिए मांग की है कि बिना उसका पक्ष सुने इस मामले में कोई आदेश पास न किया जाए।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट में अतीक और अशरफ की हत्या की जांच के लिए सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व जज की अध्यक्षता में एक कमेटी के गठन की मांग की गई थी। कोर्ट ने इस मामले को 28



अप्रैल के लिए लिस्ट करने का निर्देश दिया है। यह याचिका वकील विशाल तिवारी ने दायर की है, जिन्होंने यूपी में 2017 के बाद से हुए 183 एनकाउंटरों की जांच की मांग की है। तिवारी ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की बेंच के सामने इस मामले में तत्काल सुनवाई की मांग की थी। हालांकि, कोर्ट ने इस मामले को 28 अप्रैल को लिस्ट करने के निर्देश दिए।

पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर ने भी सुप्रीम कोर्ट में लेटर पिटिशन दाखिल करके अतीक अहमद और उसके भाई की हत्या मामले की सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट की निगरानी में सीबीआई जांच कराने की मांग की है।




# राहुल की याचिका पर सुनवाई से जज ने खुद को किया अलग

**नई दिल्ली।** गुजरात हाईकोर्ट के एक न्यायाधीश ने बुधवार को राहुल गांधी की सूरत सत्र अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। इससे इस केस को लेकर एकबार फिर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, राहुल गांधी के वकील पीएस चंपानेरी ने न्यायमूर्ति गीता गोपी की अदालत के समक्ष मामले का उल्लेख किया और तत्काल सुनवाई किए जाने की गुहार लगाई। लेकिन संक्षिप्त सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति गीता



गोपी ने कहा- मेरे सामने नहीं। मालूम हो कि सूरत की सत्र अदालत ने राहुल की मोदी सरनेम को लेकर टिप्पणी पर आपराधिक मानहानि मामले में उनकी सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। पीएस चंपानेरी ने कहा कि अदालत ने पहले उन्हें मामले को बुधवार के लिए रखने की अनुमति दी थी, लेकिन जब यह सुनवाई के लिए याचिका आई तो मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। चंपानेरी ने कहा कि मामले को न्यायमूर्ति गीता गोपी की अदालत में ले जाने को कहा गया था क्योंकि उनकी अदालत क्रिमिनल रीविजन के विषय से संबंधित है। अब मामले को किसी अन्य अदालत में रखने के लिए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश को एक नोट भेजा जाएगा।

### यूपी रोडवेज की टिकट बुकिंग वेबसाइट हैक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की टिकट बुकिंग वेबसाइट को हैक करने से हड़कंप मच गया है। मंगलवार देर रात कुछ हैकर्स ने परिवहन निगम की इलेक्ट्रॉनिक बस टिकटिंग प्रणाली की वेबसाइट को हैक कर लिया, जिससे टिकटिंग सिस्टम ठप हो गया है। परिवहन निगम की बसों का संचालन मैनुअल टिकटिंग के जरिए कराया जा रहा है और बसों का संचालन प्रभावित ना हो, इसलिए क्षेत्रीय अधिकारियों से बस अड्डों तथा डिपो पर 24 घंटे निगरानी करने को कहा गया है। वेबसाइट का प्रबंधन करने वाली कंपनी मैसर्स ओरियन प्रो ने वेबसाइट से डेटा रिकवर करने के लिए विशेषज्ञों की एक टीम लगाई हुई है।

# संजय शेरपुरिया निकला बड़ा 'बहुरूपिया'

## यूपी एसटीएफ ने जालसाजी के आरोप में किया गिरफ्तार



जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** संजय राय शेरपुरिया ने, समाजसेवी के नाम पर अधिकारियों और नेताओं का चहेता बन लोगों को जमकर लूटा। सत्ताधारी नेताओं के साथ अपने फोटो दिखाकर अधिकारियों का खासमखास बना रहा। उसके एक इशारे पर जिले के आला अधिकारी उसके कार्यक्रम में शामिल होते थे। बीते मंगलवार को यूपी एसटीएफ के हाथों करोड़ों की ठगी के मामले में संजय शेरपुरिया के गिरफ्तारी की जानकारी होते ही जिले में हड़कंप मच गया। उसके करीबियों के होश उड़ गए हैं।

**कसा शिकंजा**

### समाजसेवी बनकर अधिकारियों और नेताओं का हो गया था चहेता

### बेराजगारों को रोजगार देने का दिया था झूठा दिलासा

विगत 2020 फरवरी में भांवरकोल थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव निवासी संजय राय शेरपुरिया ने जिले में कदम रखा। उसका आगमन ऐसे समय हुआ जब कोरोना महामारी की दूसरी लहर चल रही थी। लोग आंख बंद कर इसकी जालसाजी में आ गए। समाजसेवी बनकर जिले में अधिकारियों और नेताओं से मिलकर करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाया। उसके रहन सहन, बोल-चाल के बहकावे में लोग आ गए। जिसका उसने भरपूर फायदा उठाया। शवों के अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी से लेकर एंबुलेंस और कोरोना किट फ्री में उपलब्ध करायी। ग्रामीण क्षेत्रों में वैक्सीन और आक्सीजन कन्सट्रेटर मशीन डीएम को उपलब्ध कराया। लोगों को लगता था कि इस महामारी में कोई मसीहा आ गया है। लेकिन वहीं पहले से ही कुछ लोग कह रहे थे कि यह बहुत बड़ा जालसाज है।

### गुजरात में की थी बैंक से जालसाजी

विगत 29 मार्च 2017 को गुजरात उच्च न्यायालय ने बैंक डिफाल्टर पर पांच लाख का जुर्माना लगाया था। जब उसने संपत्ति पर कब्जा करने की कोशिश की तो बैंक ने कुर्क कर बेच दिया। मामला कांडला एनर्जी एंड केमिकल लिमिटेड के संजय राय से जुड़ा था। जिसने भारतीय स्टेट बैंक का 373 करोड़ रुपए से अधिक का बकाया भुगतान नहीं किया था। कर्ज की वसूली के लिए एसबीआई ने राय की कुछ संपत्तियों को कुर्क कर लिया। उनमें से एक सैटेलाइट कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी में स्थित एक भूखंड है। इतना ही नहीं बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए नंदगंज थाना अन्तर्गत सहेड़ी के करैला गांव में विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया। यूथ रूरल एंटरप्रेन्योर फाउंडेशन के नाम से संस्था खोल बेरोजगार युवाओं को रोजगार के लिए भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह , सूबे के मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मंत्री बृजेश पाठक, राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल, बलिया सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त, मनोज तिवारी, भोजपुरी स्टार पवन सिंह सहित कई बड़े नेताओं को आमंत्रित किया था। हालांकि गिरिराज सिंह, बृजेश पाठक, रविंद्र जायसवाल, वीरेंद्र सिंह मस्त कार्यक्रम में नहीं आए।



## संक्षेप

### आगामी चुनाव को लेकर सभासद प्रत्याशियों ने कमर कसली, दिन रात क्षेत्र वासियों से वोट की अपील करते दिखे

**प्रयागराज।** आगामी सभासद चुनाव को लेकर प्रत्याशियों मे जोर शोर से चुनाव प्रचार प्रसार की ताकत बड़ा दी है। युवाओ मे भी काफी जोश देखने को मिल रहा है। प्रयागराज मे इस बार काफी संख्या मे युवा प्रत्याशियों चुनाव मैदान मे दिखे। युवाओं मे राजनीती के प्रति तेजी से बड़ रहा क्रेज,वही संवादाता ने युवा सभासद प्रत्याशी आदर्श कुमार उर्फ अंशू से जन सम्पर्क के दौरान बात चीत की युवा प्रत्याशी अपने क्षेत्र के लोगों से जन सम्पर्क करते नजर आये उन्होंने ने बताया की मेरी पहली प्राथमिकता जनता की समस्या को दूर करना उनकी हर छोटी बड़ी दिक्कतों दूर करने का मेरा पूरा प्रयास रहेगा। हमारे क्षेत्र मे हर वर्ग के लोग रहते है सभी मेरे भाई बंधु है अगर क्षेत्र माता बहन, भाई बंधु मुझे आशीर्वाद देते है तो जरूर मेरा जीवन उनके प्रति समर्पित कर दूंगा। अंशू चलते चलते वोट की अपील करते रहे और वादा पर अटल रहे कहा जीतने के बाद क्षेत्र के लोगों शिकायत का मौका नहीं दूंगा हर वक्त दुःख सुख मे क्षेत्र वासियों के साथ खड़ा रहूंगा।

# आबकारी विभाग ने प्रवर्तन अभियान के तहत मारा छापा

**45 लीटर शराब पकड़ी,240 किलो नष्ट कराया लहन**

**मेजा।** आबकारी विभाग ने प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत बुधवार को माण्डा थाना क्षेत्र के दिघीया गाँव मे छापेमारी कर 45 लीटर अबैध देशी शराब व 240 किलो लहन नष्ट कराया। गौरतलब हो कि आबकारी विभाग ने अवैध शराब की रोकथाम व निर्माण सहित व्यापार प्रवर्तन अभियान चलाया है। जिला आबकारी अधिकारी, प्रयागराज के पर्यवेक्षण में मेजा तहसील के थाना माण्डा के ग्राम गाँव दिघिया में आबकारी निरीक्षक सर्वेन्द्र प्रताप सिंह ने अपनी टीम के साथ माण्डा पुलिस के सहयोग से छापेमारी कर लगभग 45 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए 240 किग्रा० लहन नष्ट किया गया।

आबकारी निरीक्षक ने बताया कि आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है।



छापेमारी के दौरान बरामद अवैध शराब व लहन नष्ट करती पुलिस




सार्वजनिक पार्क में जलता कूड़ा

### सार्वजनिक पार्क में कूड़ा जलाकर प्रदूषण फैलाने वाले सामाजिक अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**नैनी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी, जिलाधिकारी प्रयागराज तथा संबंधित सभी अधिकारियों को प्रार्थना पत्र भेजे जाने के बावजूद बच्चों के खेलने के सार्वजनिक मैदान में कई ट्रक कूड़ा रोज जलाया जा रहा है । इस कूड़े के जलाए जाने के कारण जहरीला धुआं लोगों के घरों में भर जाता है। पूरा वातावरण प्रदूषित हो जाता है। खुली हवा में लोग सांस नहीं ले पाते । लेबर कॉलोनी मोहल्ले के लोगों का इस धुएं के कारण जीना दुश्वार हो गया है। घरों में धुआं भर जाने के कारण छोटे-छोटे बच्चे ठीक से सांस न लेने पर के कारण तड़पने लगते हैं । इस जानलेवा हरकत के कारण पिछले दिनों मोहल्ले के व्यक्ति की सांस की बीमारी के कारण अचानक मृत्यु हो गई। बच्चों के खेलने के सार्वजनिक पार्क लेबर कॉलोनी मोहल्ले के बीचो बीच वार्ड संख्या 81, चक भटाही, लेबर कॉलोनी, नैनी, प्रयागराज में इस तरह का जो अपराधिक कृत्य किया जा रहा है। इससे संबंधित दोषी जनों के विरुद्ध सार्वजनिक स्थान पर प्रदूषण फैलाने, बच्चों के पार्क में कूड़ा फेंकने, गंदगी फैलाने आदि आरोपों के तहत जिला प्रशासन द्वारा विधिक कार्यवाही की जाए।

### माधव ज्ञान केन्द्र इण्टरमीडिएट कॉलेज माधवपुर खरकौनी नैनी प्रयागराज के छात्रों ने बढ़ाया कालेज का मान

**यूपी बोर्ड हाईस्कूल की परीक्षा में कॉलेज के टाप-10**



खुशबू कुशवाहा (93.16%) | धीरज कुमार (91.83%) | दिवस पाण्डेय (91.83%) | साकेत मिश्रा (91.66%) | हर्षित द्विवेदी (91.5%) | अंजली पाण्डेय (89.83%)



शांतनु मिश्रा (89.5%) | प्राची सिंह (89.16%) | श्रेया तिवारी (88.83%) | अवंतिका सिंह (88.83%) | पारो सिंह (88.5%) | शुभांगी (88.5%)

**यूपी बोर्ड इण्टरमीडिएट की परीक्षा में कॉलेज के टाप-10**



सेफाली मिश्रा (92.4%) | शिखा शुक्ला (90.2%) | शालू सिंह (89.6%) | श्रद्धा सिंह (88.4%) | अनामिका निर्मल (88.4%) | अंजली सिंह (88%)



अदरीजा मंजरी (88%) | प्राची द्विवेदी (87.6%) | शालिनी सिंह (87.2%) | अंजली शुक्ला (87%) | आदर्श गुप्ता (87.8%) | रिया कुशवाहा (86%)

## संक्षेप

### सिरसा नगर पंचायत के विकास की बाधक है भाजपाः नरेन्द्र सिंह



**मेजा।** सिरसा पौराणिक नगर होने के साथ साथ गंगापार और यमुनापार का मिलन द्वार भी है। लेकिन भाजपा की नजर इस नगर को ऐसा लगा कि यहां के लोगों को व्यापार करने के लिए दूसरे कस्बों और बाजारो मे अपने प्रतिष्ठान खोलने के लिए मजबूर होना पड़ा है। उक्त बातें बुधवार को सिरसा नगर पंचायत के लोगों से पार्टी प्रत्याशी श्याम कृष्ण उर्फ पप्पू यादव के पक्ष मे मतदान की अपील करते हुए सपा निवर्तमान प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने कहा। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के शासनकाल मे प्रस्तावित गंगापार और यमुनापार की दूरी कम करने तथा सिरसा बाजार मे गंगापार के लोगों की आवाजाही को सुगम और सरल बनाने के लिए पक्के पुल की आवश्यकता को भाजपाई भूल गए कि गंगा पर पुल भी बनना चाहिए। नरेन्द्र सिंह ने लोगों से सपा उम्मीदवार के पक्ष मे मतदान करके सपा मुखिया अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करने की अपील किया। साथ मे रहे वरिष्ठ समाजसेवी लक्ष्मी शंकर शुक्ल उर्फ लल्लन ने भी पप्पू यादव को जिताने की अपील किया।

### 'जा रहे हो तो जाओ ब्रज छोड़कर सब मन तोड़कर, प्रीत ब्रज सा कन्हैया नही पाओगे'



**उरुवा।** विकास खंड क्षेत्र उरुवा के खानपुर गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन बुधवार को कथा व्यास पं. विजय शंकर शास्त्री ने कथा यजमान राज किशोर, रामनिहोर, बजरंगबली, रामबहादुर, तेज बहादुर तथा श्याम बहादुर सहित भगवत प्रेमियों को भागवत पुराण के महात्म्य का बखान करते हुए मनोहारी संगीतमय कथा का रसपान कराया। कथा व्यास ने कंस के बुलावा लेकर ब्रज पहुंचे अक्रूरजी के साथ मथुरा जा रहे श्रीकृष्ण से बिरह पीड़ित होकर ब्रज वाशियों ने कहा कि जा रहे हो तो जाओ ब्रज छोड़कर,सब मन तोड़कर,प्रीत ब्रज सा कन्हैया नही पाओगे। कथा में भगवान कृष्ण द्वारा कंस वध तथा श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह का भी वर्णन किया गया। उक्त संगीतमय भागवत कथा में आयोजन समिति के गोरेलाल गुप्ता,सतीश गुप्ता सहित गांव और क्षेत्र के सैकड़ों भागवत प्रेमियों ने बैठकर भागवत कथा का रसपान किया।

### बोर्ड की परीक्षा में छात्राओं ने मारी बाजी, बढ़ाया गौरव



**थरवई।** क्षेत्र के नारायणपुर नीवी खुर्द गांव निवासी गायत्री प्रसाद तिवारी की पुत्री तनु तिवारी ने यूपी बोर्ड 10वीं की परीक्षा में 93 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है तनु तिवारी क्षेत्र के साथ स्थित विकास इंटर कॉलेज पाल नगर सहसो में अध्ययनरत है तनु ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता के साथ दादा एवं शिक्षकों को दिया। तरुण ने बताया कि वह सिविल सर्विसेस में जाना चाहती है इसी क्रम में जानकी देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज माधव नगर बिगहिया में यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट की परीक्षा में अंतरा श्री वास्तव ने 83% अंक हासिल कर विद्यालय में टॉप किया है इस दौरान विद्यालय प्रबंधक सहित कृपाराम मिश्रा प्रधानाचार्य उषा सिंह शिक्षक राम बहादुर सिंह सुभाष सिंह ने सभी सफल छात्र छात्राओं को ढेर सारी बधाइयाँ दी। वहीं सभी के चेहरे पर खुशी की झलक दिखी।

### ग्राम रोजगार सेवक के बेटी को हाई स्कूल में मिला 95 प्रतिशत अंक



**होलागढ़।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत अकोढ़ी में नियुक्त ग्राम रोजगार सेवक लक्ष्मी मिश्रा पत्नी अशोक कुमार मिश्र की बेटी सिद्धिदात्री मिश्रा को हाई स्कूल की बोर्ड परीक्षा में 95 प्रतिशत अर्थात 564 अंक मिला है।बेटी के अच्छे अंक लाने की खुशी में गांव एवं क्षेत्रीय लोगो ने माला पहनाकर मुह मीठा कराया । बेटी सिद्धिदात्री ने बताया कि वह पीसीएस बनना चाहती है।

### गांव में बन रहे उप स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण में अनियमितता की शिकायत

**फूलपुर।** फूलपुर विकास खण्ड के सराय अभय चंद उर्फ चंदौकी गांव में निमार्णाधीन स्वास्थ्य उपकेंद्र में घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। चंदौकी गांव निवासी वरिष्ठ समाजसेवी राजकुमार ने जिलाधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर आरोप लगाया कि ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गांव में बन रहे उप स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण में जिम्मेदारों द्वारा भारी अनियमितता बरती जा रही है। निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाली ईट की जहां गुणवत्ता खराब है वहीं निर्माण कार्य के मानकों का पालन नही किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सम्बन्धित ठेकेदार के साथ ही कार्यप्रभारी को समस्या से अवगत कराया पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य को मानक के विपरित करने पर अधिकारियों का घेराव करने की बात कही।

### युवती को युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगरगंसियारी निवासनीय एक महिला का आरोप है कि उसकी युवा पुत्री को प्रतापगढ़ क्षेत्र का एक युवक आते जाते अपने मकडजाल में फंसा कर भगा ले गया। महिला ने मऊआइमा थाने में दीपक कुमार सरोज पुत्र शेरबहादुर ग्राम सुधार गांव डार लीलापुर प्रतापगढ़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## अभियान चलाकर बिजली बकाया के 82 हजार वसूले,18 लोगों का कनेक्शन काटा

**उरुवा।** बिजौरा पावर हाउस अंतर्गत रामनगर गांव में चेकिंग अभियान चलाकर मंगलवार को विद्युत विभाग ने डेढ़ दर्जन लोगों के बकाए की वसूली कर कई लोगों का कनेक्शन काटा। यह जानकारी देते हुए पावर हाउस के अवरअभियंता इंद्रमणि सरोज ने बताया कि पूरे क्षेत्र में अभियान चलाकर विद्युत बकाए की वसूली करने के साथ विद्युत चोरी पर अंकुश लगाया जायेगा। उन्होंने बताया कि विद्युत बिल बकाया के 15 लोगों का कनेक्शन काटने के साथ 82 हजार वसूले गए। उप खंड अधिकारी चंद्रभूषण सिंह ने लोगों से अपील किया कि अपना बकाया विद्युत बिल तत्काल जमा करें और कटियामार लोग अपने घरों में नया विद्युत कनेक्शन लें, अन्यथा सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर लिपिक धीरज पटेल, टीजीटू दीपक कुमार सहित कई विद्युत कर्मचारी मौजूद रहे।

# गरीब पात्र को नही मिला अभी तक आवास, गरीब परेशान

**अनदेखी**

**एक वर्ष बीत जाने के बाद भी मुख्यमंत्री दैविक आपदा का आवास से कोसो दूर है गरीब परिवार**

**लालापुर।** सरकार ने गरीबों के लिए सरकारी आवास जहां देने के लिए बचनबद्ध है वही सम्बंधित अधिकारियो की लापरवाही से आज भी गांवो में ऐसे गरीब परिवार है जो गरीबी रेखा के नीचे अपना जीवन यापन कर रहे है।अगर इस तरह के गरीब परिवार को आवास नही मिला तो आखिर सरकारी आवास मिला किसको, ए बिषय एक बार सोचने पर मजबूर कर देता है।

ब्लाक जसरा अंतर्गत बेलामुण्डी गांव के बिमलेश कुमार हरिजन का कच्चा घर बीते वर्ष भयंकर बारिश में रात में गिर गया था। उसमें बिमलेश कुमार को काफी चोटे आई थी उसके वजह से आज तक परिश्रम वाला काम करने में असमर्थ है।उसकी पत्नी मेहनत मजदूरी करके किसी तरह बच्चों का पेट भर रही है। घर गिरी का लेखपाल ने वर्ष भर पहले अपनी रिपोर्ट लगा दी। एक वर्ष बीत जाने के बाद मुख्यमंत्री दैविक आपदा का आवास सीरियल नम्बर 1 पर दर्ज होने के बाद भी आज तक गरीब वंचित है। वही आवास न मिलने के वजह से गरीब परिवार अपने छोटे छोटे बच्चों के साथ पन्नी तले रहने पर मजबूर है। पंचायत सचिव बेलामुण्डी नितेश पाल का कहना है अभी तक मुख्यमंत्री दैविक आपदा का लक्ष्य नही आया था जैसे आएगा आवास मिल जाएगा।

खैर सवाल जो भी हो हमेशा जवाब ब्लाक के सम्बंधित अधिकारी सरकार के सभी आदेश को अपने मुताबिक अपने ही पिटारा में बन्द कर लेते है। अगर न बन्द किए होते तो वर्ष भर बीत जाने के बाद भी सीरियल नम्बर एक का आवास अभी तक नही बन सका इससे बड़ा उदाहरण क्या हो सकता है।




झोपड़ीनुमा पीड़ित का कच्चा मकान

### यूपी बोर्ड हाईस्कूल की परीक्षा में बाल भारती इण्टर कालेज ए0डी0ए0 नैनी, प्रयागराज के होनहार




विश्वनाथ पाण्डेय (89.34%) | अमनमणि तिवारी (88.34%) | लवकुश (89.17%) | आशीष पाल (84.67%) | अमरजीत भारतीया (87%)

**यूपी बोर्ड इण्टरमीडिएट की परीक्षा में कॉलेज के होनहार**



अर्पित तिवारी (92.2%) | निशांत त्रिपाठी (83.4%) | सुरेन्द्र दुबे (81 %) | पंचराज पाल (82.2%) | अंकिता त्रिपाठी (81.8%)

### यूपी बोर्ड हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में अंकित विद्या निकेतन इंटर कालेज रामनगर अरैली नैनी, प्रयागराज के होनहार



अनन्या पाठक (86.4%) | प्रिया मिश्रा (86.4%) | सौम्या तिवारी हाईस्कूल (94%) | शिवानी द्विवेदी हाईस्कूल (91%) | शिखा पाण्डेय हाईस्कूल (82%)

## आरडी पाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल का शत प्रतिशत रहा परिक्षा परिणाम

**नसरा अंसारी ने हाईस्कूल में 92.66 अंक व इण्टरमीडिएट में पूजा गुप्ता ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किया**

**फूलपुर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा मंगलवार को हाईस्कूल व इण्टर का परिक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें क्षेत्र के आरडी पाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाबूगंज की छात्रा नसरा अंसारी ने हाईस्कूल में 92.66 प्रतिशत अंक व बालक वर्ग में हर्षित ने 91 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय का मान बढ़ाया वहीं इण्टरमीडिएट बालिका वर्ग में पूजा गुप्ता ने 92 प्रतिशत व बालक वर्ग में ज्ञानसिंह यादव ने 82 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय के टापर बने। विद्यालय के प्रबंधक विजय पाल ने बताया कि विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सर्वोच्च अंक प्राप्त कर जहां विद्यालय का नाम रोशन किया है वहीं अपने माता पिता व गुरूजनो का सम्मान बढ़ाया है। छात्र छात्राओं की सफलता से विद्यालय परिवार ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के अन्य छात्र सौम्या यादव,मो सुहेल, रिचा तिवारी, सिमरन सिंह चौहान, संजना गुप्ता, निधि पटेल, तनु कुशवाहा, तनु पटेल, महिमा यादव, साक्षी, नाजरीन, दिशा पटेल, अरीबा, इसरार, सुधांशु कुशवाहा,ज्योति यादव, आदित्य मिश्रा, प्रियांशु कुशवाहा, रौनक मिश्रा, संतोष कनौजिया, अतुल जयसवाल, मोहम्मद महफूज, मोहम्मद अयान, अयान अली, प्रांजल सिंह, तरुण यादव, अंशुमान सिंह, सुजीत पटेल,अंशुमान यादव, करण चौरसिया, विनय पाल आदि ने भी सर्वोच्च अंक पाकर जहां विद्यालय का गौरव बढ़ाया वही इंटरमीडिएट में नूर्वी सुल्ताना, मेहविश फातिमा, नंदिनी सिंह चौहान, वजीहा फातिमा, महाविस इदरीसी, साबरीन बानो, साक्षी केसरवानी, दिपाली चौधरी,साक्षी यादव व बालक वर्ग में ज्ञान सिंह यादव , निखिल यादव, मो फैसल, वसिष्ठ ,कैफ , दीपक पाल ,रिशि मौर्य, अफजल आदि ने इण्टर मीडिएट में सर्वोच्च अंक प्राप्त किया।

विद्यालय में बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देना विद्यालय का प्रमुख उद्देश्य है। विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को बधाई। अन्य छात्र भी आगामी वर्षों में परिणाम की चिंता न कर लयबद्ध तरीके से पढ़ाई में मेहनत करें। निश्चित रूप से परिणाम सुखद होंगे। **विजय पाल-प्रबंधक आर डी पाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाबूगंज फूलपुर प्रयागराज।**



विजय पाल-प्रबंधक

## शुआट्स फोटोग्राफी क्लब का प्रमाणपत्र वितरण समारोह आयोजित

**नैनी।** फोटोग्राफी एक बेहतरीन शौक है और छात्रों के बीच काफी लोकप्रिय है। शुआट्स फोटोग्राफी क्लब छात्रों को सर्वश्रेष्ठ फोटोग्राफिक शॉट लेने में मदद करता है। यह छात्रों को सामाजिक बनाने और उनके व्यक्तिगत और व्यावसायिक कौशल में सुधार करने में भी मदद करता है। कार्यकारी अधिकारियों और स्वयंसेवकों और क्लब के सभी सदस्यों के बैच (2021-22) और (2022-23) के लिए शुआट्स फोटोग्राफी क्लब का एक प्रमाणपत्र वितरण समारोह विश्वविद्यालय परिसर में केंद्रीय पुस्तकालय के पास आयोजित किया गया था।

समारोह की शुरूआत क्लब के अध्यक्ष श्री सागर पटेल के स्वागत भाषण से हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसपीसी के स्टाफ सलाहकार और शुआट्स के कार्यवाहक कुलसचिव डॉ. सी.जॉन वेस्ली थे। एसपीसी के अध्यक्ष ने पूरे सत्र में सहायक होने के लिए अधिकारियों और स्वयंसेवकों के लिए धन्यवाद भाषण दिया। शुआट्स फोटोग्राफी क्लब के सभी छात्रों के लिए मुख्य अतिथि द्वारा एक उत्साहजनक और प्रेरक भाषण भी दिया गया। तत्पश्चात दोनों सत्रों के क्लब के प्रत्येक सदस्य को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। पदाधिकारियों व स्वयंसेवकों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए। अंत में अध्यक्ष द्वारा कार्यकारी और स्वयंसेवकों के रूप में एसपीसी की नई कार्यकारी टीम की घोषणा की गई।

2023-24 के लिए नई टीम में श्री प्रवीण सिंह को अध्यक्ष जबकि श्री अभिनव कुमार को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह महासचिव श्री शुभम कुमार, कोषाध्यक्ष मुस्कान सिंह, स्टूडियो प्रबंधक एवं संपादक श्री नमन सिन्हा, टीम लीडर श्री विश्वा, इवेंट मैनेजमेंट श्री अविनाश कुमार को भी नामित किया गया। श्री नीतिक पटेल, आर्यन श्याम, नीलिन सरकार, गार्गी, शुभम यादव, आशीष रंजन, विशाल मणि, चिरंतन को वालिंटियर्स के रूप में चुना गया है।

क्लब के सदस्यों को कुछ विशेष खिताब भी दिए गए जिसमें मोस्ट एक्टिव मेंबर - अभिनव कुमार, मोस्ट पैशनेट फोटोग्राफर - प्रवीण सिंह, बेस्ट फोटोग्राफी- चिरंतन, मोस्ट क्यूरियस फोटोग्राफर- नीतिक पटेल, मोस्ट क्रिएटिव फोटोग्राफर- आर्यन श्याम को मिला। शुआट्स फोटोग्राफी क्लब ने विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों जैसे स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, खेल दिवस, विश्वविद्यालय दिवस, कॉलेज उत्सव आदि में हमेशा सक्रिय रूप से भाग लिया है ताकि विश्वविद्यालय के सर्वश्रेष्ठ क्षणों को कैद किया जा सके।



समारोह में उपस्थित लोग

### कोरोना अब सामान्य बीमारियों की तरह : डॉ. आशुतोष गुप्ता

**प्रयागराज।** प्रयागराज के श्वांस रोग विशेषज्ञ डॉ. आशुतोष गुप्ता कहते हैं कि कोरोना अब अन्य सामान्य बीमारियों की तरह है इसलिए इसे लेकर घबराने की जरूरत नहीं है। बस सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने कहा, कोरोना के मरीज ऐसे ही मिलते रहेंगे लेकिन सभी सुरक्षित रहेंगे। डेथ रेट बिल्कुल शून्य होगी। डॉ. आशुतोष बताते हैं कि कोरोना के केस तो बढ़ रहे हैं लेकिन अच्छी बात यह है कि जो इस बार का वैरिएंट खतरनाक नहीं है। यह एक से दूसरे में तो फैल रहा है लेकिन इससे मरीज की सेहत पर विशेष असर नहीं होगा। कोरोना मरीजों में जो लक्षण मिल रहे हैं वह बिल्कुल सामान्य हैं जैसे सर्दी, बुखार, डायरिया आदि। यही कारण है कि डॉक्टर उन्हें अस्पताल में भर्ती करने की सलाह भी नहीं दे रहे हैं।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**द्वितीय शुद्धि पत्र**

शुद्धि पत्र सं- 6323/Misc दिनांक 25.04.2023 भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा जारी ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या 23/20 दिनांक 24.03.2023 एवं आर.ओ संख्या 458/23 (ADM) टेण्डर संख्या 6323RGC07 में निम्नलिखित शुद्धि पत्र जारी किया जाता है।

| टेण्डर संख्या | विवरण |
|---|---|
| 6323RGC07 | अनुलग्नक-B |
| से | को |
| Existing | Updated |

अन्य नियम एवं शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी।
458/23 (ADM)

### पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुस कर मार पीट तोड़ फोड़, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी घर में घुस कर मारे पीटे तोड फोड किये तथा जान से मारने की धमकी दिए। पुलिस ने अठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्रों के ग्राम गदियानी धनपारी का पूरा निवासी संतोष कुमार पुत्र समय लाल का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी एक राय होकर घर में घुस कर परिजनों को मारे पीटे तोड फोड किए। जिससे कई को चोटें आयी है। संतोष कुमार ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर अरविन्द, कृपाशंकर, शिवशंकर, आदित्य, उमेश, विवेक, अमरजीत, अंकेश ,रविंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत पट्टी परवेजाबाद वि0खं0 मूरतगंज, जनपद कौशाम्बी**

**अल्प कालिक निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पट्टी परवेजाबाद विकास खण्ड मूरतगंज जनपद कौशाम्बी में 15वॉ वित्त आयोग, 14वॉ वित्त आयोग पंचम राज्य वित्त योजना, मनरेगा योजना, कायाकल्प योजना, राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौंचालय निर्माण मरम्मत, स्वच्छता व नाली निर्माण मरम्मत, खड़ंजा निर्माण, हैंडपम्प मरम्मत, रिबोर, इण्टर लाकिंग, पंचायत भवन मरम्मत, आंगनवाड़ी केन्द्र निर्माण व मरम्मत, सोलर लाइट पम्प, सेनेटाइजर कार्य, सोक्ता गड्ढा, व अन्य कार्यों में उपयुक्त होने वाली सामाग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों द्वारा दिनांक 27-04-2023 से 04-05-2023 तक सील बंद निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 05-05-2023 को समय दोपहर 12 बजे में उपस्थित फर्मों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। सामाग्री की मात्रा पंचायत में स्वीकृत प्राकलन के अनुसार पृथक-पृथक होगा।

**उर्मिला देवी**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत पट्टी परवेजाबाद
वि0खं0 मूरतगंज
जनपद कौशाम्बी।

**रामकृत राम**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत पट्टी परवेजाबाद
वि0खं0 मूरतगंज
जनपद कौशाम्बी।

पत्रांक-मेमो/वित्तीय वर्ष 2023-24 दिनांक-26/04/2023

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

चिकित्सा निदेशक/ उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्यों के लिये ई-निविदाएं निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 11.05.2023 को 17:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं।


| निविदा सं. | कार्य का नाम | कीमत (रु.) | बयाने की रकम (रु.) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) | कार्य समापन की अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 146-Med/BMW/CH/PRYJ | Removal and disposal of all kind of Bio-medical waste from the sites of origin/Generation to final disposal from Railway Central Hospital, Prayagraj. | 1633220/- | 33100/- | 2000/- | 36 माह | 11.05.2023 at 17:30 |

नोट: उपरोक्त कार्य की अवधि कुल 36 माह है एवं ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) दिनांक 20.04.2023 को Gem Portal पर अपलोड कर दिया गया है।
631/23 (P)

www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



# प्रयागराज



**मौसम**

| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 39.00 |
| न्यूनतम : | 28.00 |
| सूर्योदय : | 06.03 |
| सूर्यास्त : | 06.15 |

### मुविवि के रक्तदान शिविर में कुलसचिव, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने किया रक्तदान

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में मंगलवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तदान करने के लिए विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों में उत्साह बरकरार रहा। राज्य रक्त संचरण परिषद, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह के निर्देशन में मुक्त विश्वविद्यालय में स्वैच्छिक विशेष स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के तत्वावधान में आयोजित किया गया।

## चुनाव प्रचार के लिए जा रही कार अनियंत्रित होकर आई रेलवे ट्रैक पर, चालक की मौत

**प्रयागराज।** दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर मंगलवार की शाम एक बड़ा हादसा होने से बच गया। यहां औद्योगिक क्षेत्र थाना स्थित एक पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास तेज रफ्तार कार खंभे से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर दिल्ली हावडा रूट पर जा पहुंची। दुर्घटना में कार चालक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि औद्योगिक थाना क्षेत्र के महुआरी गांव निवासी 35 वर्षीय पिंकू सिंह पुत्र सिलवंत सिंह निकाय चुनाव को लेकर मंगलवार को प्रचार में गए थे। करछना की तरफ से छिवकी की ओर अप लाइन के किनारे नई लाइन का काम चल रहा है। उसपर तेजी से वाहन चलाते हुए जा रहा था।अचानक पहिया गड्ढे में जाने के बाद कार खंभे से टकराते हुए अनियंत्रित हो गई और नई बन रही रेलवे लाइन से होते हुए मेन लाइन पर चली गई। आस-पास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और पिंकू को कार से बाहर निकाला। इसी



हादसे के बाद रेलवे ट्रैक पर क्षतिग्रस्त कार

बीच मालगाड़ी आती दिखी तो ग्रामीणों ने लाल गमछा दिखाकर उसे रोका। मालगाड़ी के चालक ने इसकी सूचना कंट्रोल में दी। सूचना पर आरपीएफ छिंवकी मौके पर पहुंची लेकिन तब तक ग्रामीण ट्रैक से कार हटा चुके थे। ट्रैक पर कार पलटने की सूचना पर हड़कंप मच गया। इस दौरान दो यात्री ट्रेनों को भी रोकना पड़ा।

ग्रामीणों ने पिंकू के परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे शहर स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। जहां देर शाम इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की शादी तीन वर्ष पहले बलिया निवासी दीपा सिंह के साथ हुई थी। वह चाचा मंचू सिंह की गाड़ी चलाता था। मंचू सिंह की पत्नी निकाय चुनाव में सभासद प्रत्याशी हैं और पिंकू सिंह उनके प्रचार में गया था। दो भाई और एक बहन में यह दूसरे नंबर का था। आरपीएफ प्रभारी छिंवकी ने बताया कि कार अनियंत्रित होकर ट्रैक के बीचोबीच पहुंच गई थी। सूचना पर जब आरपीएफ छिंवकी पहुंची तब तक ग्रामीण कार को हटा चुके थे। दुर्घटना में कार सवार की इलाज के दौरान मौत हो गई है। करछना स्टेशन के मध्य एक कार के मेन लाइन ट्रैक पर खड़ी होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही आरपीएफ पहुंची तो कार को ट्रैक से किनारे कर दिया गया था। कार चालक को ग्रामीण ही अस्पताल ले गए थे। अब घायल के मौत होने की सूचना मिली है। **- अमित कुमार सिंह,पी आरओ, प्रयागराज मंडल उत्तर मध्य रेलवे**

### वरिष्ठता तय करने में शिक्षामित्र की सेवा शामिल करने की मांग पर बीएसए को निर्णय लेने का निर्देश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बेसिक शिक्षा अधिकारी सिद्धार्थनगर को याची के सहायक अध्यापक नियुक्ति के पहले सहायक अध्यापक व शिक्षा मित्र के रूप में सेवा को वरिष्ठता निर्धारण में विचार कर नियमानुसार दो माह में निर्णय लेने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव ने रामराज चौधरी व 47 अन्य जूनियर बेसिक स्कूलों के सहायक अध्यापकों की याचिका पर दिया हैयाचियों की ओर से कहा गया कि वे 2005 में शिक्षामित्र नियुक्त हुए। 2015 में सहायक अध्यापक पद पर समायोजित किया गया किंतु सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद 25 जुलाई 2017 में सभी को वापस शिक्षा मित्र बनाया गया और चयन में शामिल होने का तीन अवसर दिया गया। याचीगण का चयन सहायक अध्यापक पद पर हुआ। सहायक अध्यापकों की सूची में उनका नाम सबसे नीचे जोड़ा गया। इन्होंने आपत्ति की कि उनकी शिक्षामित्र की सेवा को भी वरिष्ठता तय करने में शामिल किया जाय। बीएसए को प्रत्यावेदन दिया। जिस पर फैसला न होने पर याचिका दायर की गई थी।

## पूर्व विधायक उदयभान करवरिया की जमानत पर फैसला सुरक्षित, जवाहर पंडित हत्याकांड में मिली है उम्रकैद

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विधायक जवाहर यादव हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे पूर्व विधायक उदयभान करवरिया की जमानत अर्जी पर बुधवार को सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया है। पूर्व विधायक जून के बाद से लगातार पैरोल पर हैं। मामले में प्रतिवादी ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष याचिका दाखिल कर उनकी पैरोल निरस्त करने की मांग की थी। जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट को नियमित जमानत पर सुनवाई करने का निर्देश दिया था।कहा था कि पैरोल को लगातार बढ़ाया नहीं जा सकता है। हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत लगातार चार दिनों तक सुनवाई करने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया। उदयभान करवरिया सहित चार अन्य की आपराधिक अपील पर न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय व न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की खंडपीठ सुनवाई कर रही थी।याची की ओर से वरिष्ठद्द अधिवक्ता अनिल तिवारी ने तर्क दिया कि जवाहर यादव हत्याकांड से उसका कोई लेना देना नहीं है। घटना की प्राथमिकी कई दिनों के बाद बहुत सलाह मशविरा के बाद दर्ज कराई गई। घटना के दौरान याची दिल्ली में था। उसे सियाशी रंजिशन फंसाया गया। जबकि प्रतिवादी की तरफ से पक्ष रख रहे अधिवक्ता अभिषेक कुमार यादव को असिस्ट कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता एसएफए नकवी ने तर्क दिया कि घटना सिविल लाइंस इलाके की है। तीन लोग प्रत्यक्षदर्शी हैं। एके-47 से हत्या की गई और याची का नाम प्राथमिकी में दर्ज है। वह पैरोल का लगातार फायदा उठा रहा है। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद जमानत पर फैसला सुरक्षित कर लिया।

## नई पेंशन स्कीम लागू होने के बाद नियमित किए गए कर्मी भी पुरानी पेंशन के हकदार

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि पहले से कार्यरत जल संस्थान के दैनिक वेतन भोगी कर्मी याची, जिनकी सेवाएं सन 2005 में नई पेंशन स्कीम लागू होने के बाद नियमित की गई हैं, वे भी पुरानी पेंशन पाने के हकदार होंगे। इसी के साथ कोर्ट ने जल संस्थान के दैनिक वेतन भोगी कर्मी, जिन्हें बाद में नियमित किया गया है, उनकी पूर्व में की गई सेवा को नियमित सेवा के साथ जोड़ते हुए पुरानी पेंशन का लाभ देने का निर्देश दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक चौधरी ने रणवीर सिंह व 23 अन्य की याचिका पर दिया है। याची का कहना था कि याचीगण जल संस्थान झांसी के नियमित कर्मचारी हैं। वे 2005 से 2011 के बीच नियमित हुए हैं। इससे पहले 1989-91 के बीच दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी के रूप में नियुक्त हुए थे। इनको जल संस्थान झांसी के महाप्रबंधक के आदेश के द्वारा पुरानी पेंशन योजना के अंतर्गत लाभ से इसलिए वंचित किया गया, क्योंकि उनकी सेवा वर्ष 2005 नई पेंशन स्कीम लागू होने के बाद नियमित की गई है।कोर्ट ने कहा कुछ याची सेवानिवृत्त हो चुके हैं और कुछ अभी भी सेवारत हैं। सभी की दैनिक वेतन भोगी के रूप में दी गई सेवाओं को जोड़ते हुए उनको पुरानी पेंशन स्कीम का लाभ देने का आदेश दिया जाए। कोर्ट ने दैनिक कर्मी की सेवा को क्वालीफाइंग सेवा मानते हुए तीन माह में पुरानी पेंशन का लाभ देने का निर्देश दिया है। कहा है कि सेवानिवृत्ति परिलाभों का भी भुगतान किया जाए।

## अग्नि सुरक्षा पर मॉक एक्सरसाइज कर बच्चों को दी ट्रेनिंग





अग्नि सुरक्षा पर मॉक एक्सरसाइज कर जागरूक करते हुए

**प्रयागराज।** बिशप जॉनसेन गर्ल्स स्कूल एण्ड कॉलेज और टीबी स्त्रपू चिकित्सालय में जनपद स्तरीय अग्नि सुरक्षा पर मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने की। अग्निकाण्ड मॉक एक्सरसाइज में अग्निकाण्ड से बचाव, सीपीआर, बहुमंजिला इमारत में फंसे व्यक्ति को निकालना, सिलेण्डर में आग लगने से बचाव आदि का मॉक एक्सरसाइज कराते हुए प्रशिक्षण दिया गया।इस अवसर पर बच्चों को अग्नि काण्ड से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। इसमें अग्नि काण्ड के कारणों एवं उसको रोकने के उपायों के बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मॉक एक्सरसाइज की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसके माध्यम से दी गयी जानकारी से उन संस्थानों को मदद मिलेगी, जिनमें फॉयर सेफ्टी के नार्म्स पूरे किए जाने हैं। उन्हें इससे प्रेरणा मिलेगी और वे अपने यहां फायर सेफ्टी के नार्म्स को पूरा करेंगे। बच्चे भी अपने घर में यहां पर बताये गये सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दें।मॉक एक्सरसाइज में जगदम्बा सिंह, अपर जिलाधिकारी, (वि./रा.), डा. शारदा चैधरी अधीक्षिका, टीबी सप्रू चिकित्सालय, डा. अशोक कुमार, प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी, डॉ. आरके पाण्डेय मुख्य अग्निशमन अधिकारी, संजय बरनवाल, प्रभारी चिकित्साधिकारी, निखिल गंगवार, प्रेक्षक, उप्र राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, लखनऊ, अनिल कुमार, बिशप जॉनसेन गर्ल्स स्कूल एण्ड कॉलेज की प्रधानाचार्या, चीफ वार्डन सिविल डिफेन्स, जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, प्रेम कुमार पासवान, डिप्टी कमाण्डर, एनडीआरएफ, प्रभारी निरीक्षक, एसडीआरएफ एवं आपदा मित्र उपस्थित रहे।

## नए पुल से यमुना में कूदा युवक गोताखोरों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद शव को निकाला बाहर

**प्रयागराज ।** कीडगंज थाना क्षेत्र के नए यमुना ब्रिज से बुधवार शाम एक युवक ने छलांग लगा दी। गोताखोरों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है।नगर के कीडगंज पुलिस के मुताबिक नए यमुना पुल से बुधवार की शाम को एक युवक नदी में कूद गया। सूचना पर पहुंचे गोताखोर मनोज निषाद और उसकी टीम ने घंटों मशक्कत के बाद युवक को यमुना से ढूंढ निकाला और बाहर ले आए। मौके पर पहुंची कीडगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन कोई डॉक्यूमेंट न मिलने की वजह से उसकी पहचान नहीं हो पाई।

थानाध्यक्ष कीडगंज रामाशीष यादव ने बताया कि मृतक की उम्र 20 से 25 वर्ष के आसपास है। उसके पास कोई डॉक्यूमेंट अथवा मोबाइल नहीं मिला है। सोशल मीडिया के जरिए उसकी पहचान कराने की कोशिश की जा रही है।

## सरल विधा में लिखी जाए स्व अध्ययन सामग्री : प्रो0 आशुतोष गुप्ता

**प्रशिक्षण**

### मुविवि में दूरस्थ शिक्षा एवं स्व-अध्ययन सामग्री विकास पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

**प्रयागराज।** स्व अध्ययन सामग्री दूरस्थ शिक्षा का अभिन्न अंग है। दूरस्थ शिक्षा प्रणाली में छात्रों के सामने शिक्षक नहीं होते। पाठ्य सामग्री ही छात्रों के सामने शिक्षक के रूप में होती है। ऐसी स्थिति में स्व अध्ययन सामग्री को सरल विधा में लिखा जाना चाहिए जिससे वह शिक्षार्थियों के समझ में आ सके और उनका ज्ञानार्जन कर सके।

उक्त उद्गार प्रोफेसर आशुतोष गुप्ता, निदेशक, विज्ञान विद्या शाखा एवं निदेशक, आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चियन केंद्र सीका ने मुक्त विश्वविद्यालय के विभिन्न



प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकगण

विद्याशाखाओं में नवनियुक्त सहायक आचार्यों (संविदा) को स्व-अध्ययन सामग्री के लेखन कार्य के सम्बन्ध में बुधवार को दूरस्थ शिक्षा एवं स्व-अध्ययन सामग्री विकास विषय पर आयोजित एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में व्यक्त किए।

प्रोफेसर गुप्ता ने कहा कि पाठ्य सामग्री लेखन का कार्य अपने विषय में दक्ष शिक्षक ही कर सकते हैं। उन्होंने कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निर्देशन में सभी नवनियुक्त शिक्षकों को लेखन सामग्री निर्माण में अपनी प्रतिभा एवं क्षमता विकसित करने का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर प्रोफेसर गुप्ता ने दूरस्थ शिक्षा पद्धति में अध्ययनरत छात्रों को प्रदान की जाने वाली अध्ययन सामग्री की अवधारणा, उपभोग तथा महत्व को विस्तार से रेखांकित किया।

आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चियन केन्द्र के तत्वावधान में लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए प्रोफेसर एस कुमार, निदेशक, समाज विज्ञान विद्या शाखा एवं उप निदेशक, आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चियन केंद्र ने कहा कि पाठ्य सामग्री ही एक ऐसा माध्यम है जिसमें छात्र दूर होते हुए भी हमारे पास रहता है। यह हमारे ज्ञान एवं कौशल पर निर्भर करता है कि हम छात्र को कितनी गुणवत्तापूर्ण पाठ्य सामग्री तैयार करके देते हैं। पाठ्य सामग्री में ही शिक्षक का चेहरा छुपा होता है। उन्होंने कहा कि हमें सुस्पष्ट एवं युगानुकूल पाठ्य सामग्री तैयार करने में अपने ज्ञान का बहुमूल्य उपयोग करना चाहिए।

प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र में डॉ देवेश रंजन त्रिपाठी, सह आचार्य, व्यवसाय प्रबंधन ने स्व-अध्ययन सामग्री विकास के विभिन्न चरणों को क्रमशः पीपीटी के माध्यम से प्रदर्शित कर नव नियुक्त सहायक आचार्यों की जिज्ञासाओं का समाधान किया तथा उपस्थित सहायक आचार्यों को क्रमशः 8 समूह में रखकर इकाई विकसित करने का अभ्यास कराया। जिसके अंतर्गत प्रत्येक समूह ने अपने द्वारा विकसित की गई इकाई का प्रस्तुतीकरण करते हुए उसमें अपेक्षित सुधारों को प्राप्त किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन डॉ गौरव संकल्प ने किया।

### सपा चुनाव प्रभारी ने बैठक कर बाटी जिम्मेदारियां

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता, पार्टी के लखनऊ कार्यालय में निर्वाचन का प्रभार संभाले के के श्रीवास्तव मंगलवार की देर रात शहरमें अपने आवास पर पहुंचे। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में जिम्मेदारी पदाधिकारियों, नेताओं की बैठक कर अब तक की तैयारियों की समीक्षा करते हुए भावी रणनीति पर चर्चा की। के के श्रीवास्तव प्रयागराज महानगर के अध्यक्ष एवं पार्षद भी रह चुके हैं। उनके अनुभव का लाभ पार्टी को प्रयागराज में मिलेगा ऐसा माना जा रहा है। बैठक में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेखार हुसैन,मेयर प्रत्याशी अजय श्रीवास्तव, राम सुमेर पाल,जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, यमुनापार कुलदीप यादव, विधायक संदीप यादव, पूर्व मंत्री लल्लन राय, पूर्व प्रवक्ता दान बहादुर मधुर, रविन्द्र यादव एडवोकेट, गोपाल जी श्रीवास्तव,अमर सिंह, मो गौस, सुभाष यादव, मयंक श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## जीवन ज्योति प्रांगण में मनाया गया पृथ्वी दिवस



पृथ्वी दिवस पर विभिन्न प्रकार के मॉडलों को प्रदर्शन करते बच्चे

**करछना।** जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल में 26 अप्रैल पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में 501 पौधों का वृक्षारोपण किया गया। जिसमें डॉक्टर के के शुक्ला ने वृक्षारोपण कर शुभारंभ किया जिसमें कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया। साथ ही कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के बच्चों ने पृथ्वी दिवस के अवसर पर चार्ट पेपर अलंकृत किया , कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के बच्चों ने पृथ्वी दिवस पर विभिन्न प्रकार के मॉडलों को प्रदर्शन किया । इस अवसर पर डॉक्टर शुक्ल ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया जिसमें प्राचार्य श्री रत्नाकर शर्मा व समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं, ऑफिस स्टाफ, ड्राइवर्स एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## इफको में श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन



श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित इफको के अधिकारी व कर्मचारी

**फूलपुर।** इफको की फूलपुर इकाई में मुख्य प्रबंधक (उपकरण) के पद पर कार्यरत एस० योगेन्द्र ने बुधवार को अपने पिता स्व० सोबरन सिंह की पहली पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पिता के जीवन पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि मुझे उदार और परोपकारी पिता का पुत्र होने पर गर्व है। माता पिता के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए उन्होंने कहा कि आज मै जो भी हूं वो अपने माता पिता के दिए संस्कारों, सीखो और उनके बताए जीवन के मूलमंत्रों को आत्मसात करके ही हूं। इस दौरान दर्जनों की संख्या में इफको के कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे। बता दें की इटावा जनपद के रहने वाले एस योगेन्द्र के माता द्रोपदी देवी व पिता जी का पिछले वर्ष अप्रैल माह में देहान्त हो गया था।

### अशरफ की वायरल चिट्ठी पर अतीक के वकील बोले-फर्जी है

**प्रयागराज।** सोशल मीडिया पर एक चिट्ठी वायरल हो रही है। बताया जा रहा है कि यह चिट्ठी गैंगस्टर अतीक के भाई अशरफ ने अपनी हत्या से पहले लिखी थी। इसमें शाइस्ता परवीन का भी नाम है। वायरल चिट्ठी पर अतीक अहमद के वकील विजय मिश्रा से संपर्क किया। इस पर उनका कहना है कि यह फेक चिट्ठी है। असली चिट्ठी हाईकोर्ट और मुख्यमंत्री के पास पहुंच सकती है।मर्डर से पहले जब अशरफ को 28 मार्च को प्रयागराज लाया जा रहा था, तब उसने कहा था कि उसे एक अफसर ने धमकाया है। कहा था कि दो हफ्ते बाद अशरफ को बहाने से निकाला जाएगा और निपटा दिया जाएगा।अशरफ ने अपनी हत्या की ओर इशारा किया था। उसने कहा था- अगर मेरी हत्या होती है तो सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस, इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और मुख्यमंत्री को मेरा बंद लिफाफा मिलेगा। उसमें उस अधिकारी का नाम होगा, जिसने मुझे हत्या की धमकी दी है।

## वार्षिक उत्सव पर बच्चों ने खूब मचाया धमाल

**उतरांव।** प्यागीपुर स्थित एस जे एस पब्लिक स्कूल मे मंगलवार शाम वार्षिकोत्सव मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर शिक्षकों और मेहमानों का दिल जीत लिया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

विद्यालय के प्रबंधक सीबी सिंह ने कहा कि वार्षिक उत्सव के आयोजन का मकसद बच्चों को शिक्षा के साथ ही कला और संस्कृति से जोड़ना भी है। इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को बाहर लाने में मददगार साबित होते हैं। कार्यक्रम की शुरूवात संस्थापक सर्वजीत सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूवात की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद डॉक्टर रमेश चंद्र बिन्द रहे। उन्होंने अपने सम्बोधन मे कहा की युवा पीढ़ी को संस्कारी और सकारात्मक मार्गदर्शन की आवश्यकता है। बच्चे कल के भविष्य हैं। उन्हें जिस सांचे में ढाला जाएगा वे




वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

ढलेंगे। जरूरत है बस उन्हें सही मार्गदर्शन देने की। विशिष्ट अतिथि के रूप मे ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह,थाना अध्यक्ष उतराव श्रवन कुमार रहे। कार्यक्रम में सरस्वती बंदना, नाटक, कव्वाली, डांडिया, लोकगीत, भक्ति गीत आदि छात्र, स्वाति सिंह, सुविकृति, सुहानी पटेल, रोहनी, पिंकी, नाजिम, फहद, पीयूष, अंशु, फलक, नेहा आदि ने प्रस्तुत किया। संस्थापक सर्वजीत सिंह व उदय भान सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।कार्यक्रम का संचालन राज कुमार व मंजू ने बखूबी निभाया। उक्त अवसर पर प्रधानाचार्य संतोष कुमार, ने आए हुए क्षेत्र के ग्राम प्रधानों एवं पत्रकार बंधुओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। उक्त अवसर पर देवराज, दीपचंद, श्रवण यादव, दीपचंद यादव, सुमन दीपचंद यादव, सुमन, शशि मिश्रा, सायमा, नफीस, अंजू, प्रधान संघ अध्यक्ष रामबाबू सिंह, अब्दुल्ला अंसारी, रमेश विश्वकर्मा, नवीन सिंह, धर्मेंद्र पटेल, दिलशाद कुरैशी, राकेश पाल, भूपेन्द्र मिश्रा, राज पति, विनोद यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### तीन जुआंरियों का हुआ चालान

**कौशाम्बी।** महेवाघाट थाने की पुलिस ने महेवा गांव के समीप जुए की फड़ से तीन जुआरियों को पकड़ लिया। पुलिस ने जुए की फड़ से एक हजार रुपये नकदी के साथ ताश के पत्ते बरामद किए हैं। पकड़े गए जुआरी राम मिलन, रामचंद्र, राम सुमेर निवासी घोघ का पुरवा महेवाघाट हैं। पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए सभी आरोपितों को जेल भेज दिया है।

### युवक को पीटकर दी जान से मारने की धमकी

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के नंदौली निवासी कुलदीप का पड़ोसी अजय से पुराना विवाद चल रहा है। दोनों के बीच तीखी झड़प हो गई। इसके बाद अजय ने कुलदीप को पीट दिया। मारपीट देख मोहल्ले के अन्य लोगों ने बीच-बचाव करते हुए मामला शांत कराया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपित अजय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# एक ही रात एक गांव के पांच घरों में हुई नकबजनी

## हौसले बुलंद चोरों ने दीवाल में सेंध कर वारदात को दिया अंजाम

**कौशाम्बी।** सरायअकिल कोतवाली के कनैली चैकी अंतर्गत कोल्हुआ गांव में मंगलवार की रात चोरों गांव के पांच घरों में सेंध काटकर नकदी, जेवरात सहित कीमती सामान उठा ले जाने में सफल रहे। दूसरे दिन भुक्तभोगी गृहस्वामियों ने चोरी की लिखित तहरीर चैकी पुलिस को सौंपा है। हालांकि एक ही रात और एक ही गांव में जिस तरह से हौसले बुलंद चोरों ने वारदात को अंजाम दिया, उसे लेकर क्षेत्र की पुलसिंग व्यवस्था पर सवाल उठना लाजमी है और लोगों के जेहन में इसके लिए आक्रोश भी व्याप्त है।

जिक्र करें तो कोल्हुवा गांव निवासी रामलाल पुत्र बरमदीन के मुताबिक मंगलवार की शाम वह लोग खाना पीना करने के बाद बरामदे में सो रहे थे। पीछे की दीवाल में चोरों सेंध काटकर घर के अंदर घुसे और बक्से का ताला तोड़कर उसमे मौजूद सोने का लाकेट, समेत सोने चांदी के तकरीबन डेढ़ लाख के गहने उठा ले


दीवाल में चोरों द्वारा की गई सेंध

जाने में सफल रहे। इतना ही नहीं यह कह लिया जाए कि चोरों के जेहन में जैसे कोई दहशत ही नहीं थी इसके बाद पड़ोसी फूलचंद्र पुत्र रामसुख पहुंचे और पीछे की दीवाल में सेंधमारी अंधर प्रवेश किए। कमरे में रखी अलमारी का लाकर तोड़कर वहां से 50 हजार नकदी समेत करीब चार लाख के जेवरात में हाथ साफ कर दिया। यह सिलसिला यहीं नहीं खत्म हुआ बल्कि इसी गांव के रामकरन पुत्र कल्लू के घर पहुंचे तो वहां बंधी बकरी ही खोल लिए। सिलसिला आगे पीछे चलता गया और फिर चोरों ने अजय सिंह पुत्र देशराज में भी प्रयास किया लेकिन खाली हाथ लौटना पडा। चोरों ने अपना खेल खत्म नहीं किया हौसला इतना बुलंद था कि इन्द्रबली पहुंचे जहां दरवाजे में लगी कुंडी को हाथ डालकर खोल लिए और अन्दर घुस गए पर उन्हें क्या पता था कि इस कमरे में भूसा भरा है। वहां भी उन्हें खाली हाथ ही लौटना पड़ा। अब जब दूसरे दिन बुधवार को सुबह लोगों ने घरों का सामान तितर वितर देखा तो उनके होश फाख्ता हो गए। हालांकि शोरगुल सुनकर लोगों की भीड़ पहुंच गई। एक के बाद एक फिर चोरी वारदात की जानकारी मिलने लगी। हालांकि एक ही रात और पांच घरों में चोरों की सेंध मारी देख ग्रामीणों में दहशत पसर गई। बहरहाल पीड़ित परिवारों ने इसकी लिखित तहरीर कनैली चैकी पुलिस को दिया। लेकिन सवाल इस बात का उठ रहा है कि एक ही रात और पांच घरों में सेंध मारी करते समय चोरों के जेहन में लोगों के अलावा पुलिस की क्या बिल्कुल दहशत नहीं थी। बहरहाल कुछ भी हो कहीं न कहीं चोरी की वारदात पुलसिंग व्यवस्था की पोल जरूर खोल रही है। हालांकि इलाकाई बुद्धिजीवियों ने इस ओर एसपी बृजेश कुमार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कनैली चैकी पुलिस की कार्यशैली की जांच कराए जाने की मांग किया है। हालांकि लोगों के आरोपों पर जाएं तो कहा जा रहा है कि चैकी पुलिस गश्त के नाम पर पूरी तरह लापरवाही करती है, शायद यही वजह है कि चोरों के हौसले बुलंद हैं।

## पड़ोसी युवक के साथ किशोरी फरार

**कौशाम्बी।** चरवा इलाके के एक गांव की किशोरी को पड़ोसी गांव का युवक भगा ले गया। सोमवार की दोपहर किशोरी घर से खेत की ओर जाने के बहाने निकली थी। देर रात किशोरी के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। दूसरे दिन पता चला कि पड़ोसी गांव का युवक किशोरी के साथ शाम को देखा गया था। पीड़ित पिता ने बुधवार को थाने में नामजद शिकायत की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते प्रेमी युगल की तलाश शुरू कर दी है।

## नेपियर घास लगाने के बाद पांच वर्ष तक मिलेगा हरा चारा

**कौशाम्बी।** कृषि विज्ञान केंद्र,कौशांबी के पशु पालन वैज्ञानिक डॉ आशीष श्रीवास्तव ने डेरी से जुड़े पशु पालकों को पशुपालन विषय के अंतर्गत पशुओं के चारे की समस्या के निवारण के लिए नेपियर घास की वैज्ञानिक खेती विषयक पर टेलीफोनिक वार्ता पर जानकारी दी। जिसमें पशुपालन वैज्ञानिक ने किसानों को बताया कि नेपियर घास एक वर्षीय चारे की फसल है। इसके पौधे गन्ने की भांति लंबाई में बढ़ते हैं, एक पौधे से 40 से 50 किल्ले निकलते हैं। यह पशुओं के लिए बहुत ही पौष्टिक चारा है। जो सर्दी गर्मी व वर्षा ऋृतु में कभी भी उगाया जा सकता है। जब किसानों के पास गर्मी में हरे चारे की किल्लत होती है, उस समय नेपियर घास पशुओं के लिए हरे चारे के रूप में वरदान साबित होता है। किसान भाई इस घास को एक बार लगा लेने पर पांच साल तक लगातार प्रति महीना इससे हरा चारा प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इसके लगाने के लिए तने के टुकड़े को लेते है जिसमें कम से कम दो गाठे होनी चाहिए, जिसको एक गांठ जमीन में तथा अन्य गांठ जमीन के ऊपर 45 डिग्री के कोण पर टेढ़ा करके लगाते हैं, यह पौधे से पौधे की दूरी 60 सेंटीमीटर तथा लाइन से लाइन की दूरी 1 मीटर रखते हैं। इस फसल से वर्ष भर में 150 से 200 टन हरा चारा प्रति हेक्टेयर प्राप्त हो जाता है। गांठ को कारबेंडजिउम से शोधित भी कर सकते है। साथ ही साथ चारा फसल चक्र चरी- नूट्रि बाजरा फोरैजेए- बरसीम लेने पर जोर दिया ताकि दुधारू पशुओ को साल भर हरे चारे की कमी ना हो। किसान पशु स्वस्थ के साथ दूध से अधिक आय कमा सके।

# हाईस्कूल में अभिषेक 96.33% अंक पाकर बने विद्यालय टापर

**चरवा, कौशाम्बी।** चरवा अंतर्गत उदय प्रकाश इण्टर कॉलेज सिरसी के छात्र छात्राओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा परीक्षा परिणाम की घोषणा 25 अप्रैल को हुआ। परीक्षा परिणाम देखते ही छात्र एवं छात्राओं तथा अध्यापकों के चेहरे खिल उठे और सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया करते हुए बधाई दिया। हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में अभिषेक सिंह 96.33 प्रतिशत, प्रिया यादव 88.83, सागर सिंह 88.33, सुहाना शाक्य 83.00, मोहिनी यादव 82.50, सुमन कुमारी 81.33, शिवानी यादव 79कृ16, श्रेया यादव 78.16 अंक प्राप्त किया। वही इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में विशाखा 76.40, शीलू कुमारी 70.20, शालू यादव 69.40, रिया यादव 68.20, सूरज 67.00, नीलू पाल 66.60, रोशनी


अव्वल छात्र-छात्राओं का मुंह मीठा कराते शिक्षक

देवी 65.60, पूनम कुमारी 65.20, अंक प्राप्त किया। इण्टर कालेज के प्रबंधक श्री निवास यादव व प्रधानाचार्य ओम प्रकाश यादव ने छात्र-छात्राओं के इस सफलता पर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया और अपने संदेश में कहा कि सफलता कठिन परिश्रम और समर्पण का परिणाम होता है। शिक्षा के ही माध्यम से परिवार ,समाज ,देश का विकास संभव होता है। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक हरी प्रसाद शर्मा, चन्द्र मोहन त्रिपाठी, सौरभ यादव, दिनेश कुमार, रूपम जी, पप्पू जी, कुलदीप जी आदि लोग मौजूद रहे।

## दबंगों ने दंपती को पीटकर किया घायल

**कौशाम्बी।** चरवा थाने के हरदुआ खास गांव में बुधवार सुबह रंजिश में दबंगों ने दंपती को पीट दिया। घायल दंपती ने थाने में दो लोगों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बड़ी गौहानी गांव निवासी युवक मजदूरी करता है। उसकी पत्नी ने बताया कि कुछ महीने पहले उसकी बेटी को गांव का एक युवक भगा ले गया था। शिकायत के बाद आरोपित को जेल भेजा गया। अब वह जेल से छूटकर जमानत पर आया है। उसकी बेटी का इसी सम्बंध में मंगलवार को न्यायालय में बयान देना था। किशोरी ने युवक के खिलाफ बयान दर्ज कराया। इसी बात से आरोपित नाराज हो गया। महिला के अनुसार बुधवार सुबह वह अपने पति के साथ मजदूरी करने ईंट भट्ठा जा रही थी। इसी दौरान आरोपित युवक अपने एक साथी के साथ उनके पास पहुंचा और पक्ष में बयान न देने को लेकर गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने अपने साथी के साथ मिलकर दंपती की पिटाई कर दी। इससे दोनों को काफी चोटें आई। लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल दंपती ने थाने में दोनों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# ई-रिक्शा पलटा, हादसे में एक की मौत

**हादसा**

### चरवा के काजू तिराहे के समीप हुआ हादसा

**चरवा, कौशाम्बी।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत काजू गांव स्थित तिराहे के समीप बुधवार को सवारियों से भरा ई-रिक्शा पलट गया। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने हादसे की जानकारी मृतक के परिजनों को देते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जिक्र करें तो चरवा थाना क्षेत्र के काजू गांव निवासी आकाश पुत्र रामचन्द्र सरोज (18) बुधवार को गांव के ही गामा पुत्र रामबली पाल के ई-रिश्क्शा में सवार होकर डीजल लेने जा रहा था। कहा जा रहा है कि जैसे ही ई-रिक्शा गांव के तिराहे के समीप पहुंचा कि आचानक चालक अनियंत्रित हो गया। जब तक वह ई-रिक्शा को संभाल पाता तब तक वह पलट गया और हादसे में आकाश की दबकर मौत हो गई। उधर घटना की


घटना स्थल पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण

जानकारी मिलते ही परिवारीजन पहुंच गए। सूचना पर पहुंची चरवा पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम का माहौल व्याप्त रहा।

# बीडीओ सरसवां, एवं पशु चिकित्साधिकारी सरसवां को प्रतिकूल प्रविष्टि

**बैठक**

### लापरवाही मिलने पर डीएम ने किया कार्यवाही

**कौशाम्बी।** कलक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में विकासखंड वार गोशालाओं की प्रगति पर बैठक हुई। इस दौरान लापरवाही पाए जाने पर बीडीओ सरसवां व पशु चिकित्साधिकारी सरसवां को डीएम ने प्रतिकूल प्रविष्ठ देने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी यह कार्यवाही लक्ष्य के सापेक्ष भूसा दान की प्रगति अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर किया है। वहीं नाराजगी प्रकट करते हुए सभी खण्ड विकास अधिकारियों को आमजन को जागरूक करते हुए भूसा दान में प्रगति लाने के निर्देश दिय हैं।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी ई.ओ को भी आमजन को जागरूक कर भूसा दान में प्रगति लाने के निर्देश दिये। गौशालाओं में गोवंशों को ग्रीष्म ऋतु से बचाव के सम्बन्ध में शासनादेशानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों से सभी गौशालाओं का सत्यापन कराने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिये। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि गौशालाओं में नियुक्त केयरटेकरों में से कम से कम एक केयरटेकर 24 घण्टे गौशालाओं में उपस्थित रहे। उन्होंने सहभागिता योजना के तहत गोवंशों की सुपुर्दगी में तेजी लाने के निर्देश दियें। कहा कि सभी गौशालाओं में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था के साथ ही भूसा-चारा आदि आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ए.के सागर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।


अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम सुजीत कुमार

## 83 लीटर शराब के साथ आठ धराए

**कौशाम्बी।** पुलिस ने अभियान चलाकर आठ लोगों को महुआ की शराब के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 83 लीटर शराब बरामद की है। कोखराज पुलिस ने मुन्ना निवासी खलीलाबाद के कब्जे से दस लीटर बासुदेव निवासी कसिया के कब्जे से नौ लीटर, सैनी पुलिस ने कंधई निवासी हौली के कब्जे से दस लीटर, मोहनिया निवासी सौरई खुर्द के पास से 12 लीटर शराब बरामद की है। महेवाघाट पुलिस ने आशुतोष निवासी महेवाघाट के पास से 12 लीटर, करारी पुलिस ने बाबूलाल बैशकांटी के कब्जे से दस लीटर, पिपरी पुलिस ने भगवान दीन निवासी बलहापुर के पास से दस लीटर व मंझनपुर पुलिस ने संतोष निवासी कोतारी के पास से दस लीटर शराब बरामद की है। पुलिस ने सभी को जेल भेज दिया।

## लापता किशोरी का नहीं लगा सुराग

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी महीने भर पहले संदिग्ध दशा में घर से लापता हो गई। पीड़ित पिता ने आशंका जाहिर की है कि भाई व उसकी बहू ने बेटी को कहीं गायब कर दिया है। बुधवार को पीड़ित पिता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया है। पिपरी थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी दादा के घर उसकी बहू के साथ रहती थी। महीने भर पहले पीड़ित परिवार खेत पर काम करने के लिए गया था। देर शाम घर लौटने पर जानकारी हुई कि किशोरी घर से लापता है। खोजबीन के बाद भी किशोरी का कहीं पता नहीं चल सका। पीड़िता के पिता के आरोप है कि उसके भाई व बहू ने मिलकर उसकी बेटी को कहीं गायब कर दिया है। बेटी की तलाश में पखवाड़ा भर भटकने के बाद पीड़ित पिता ने मामले की शिकायत कोतवाली में की लेकिन पुलिस ने उसकी एक नहीं सुनी। बुधवार को पीड़ित पिता ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है। एसपी ने पीड़ित परिवार को जांच और कार्रवाई का निर्देश दिया है।

## जनपदवासी पोर्टल पर पंजीकरण कर बनायें फैमिली आईडी

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया गया है कि शासन द्वारा उत्तर प्रदेश में निवास करने वाले सभी परिवारों के लिए फैमिली आईडी-एक परिवार, एक पहचान योजना प्रारम्भ की गयी है। जनपद में निवास करने वाले सभी परिवारों के लिए फैमिली आईडी बनाया जाना है। जनपद में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित परिवारों की राशन कार्ड संख्या ही फैमिली आईडी है। जनपद के ऐसे परिवार जो राशन कार्ड के पात्र नहीं हैं, वह फैमिली आईडी पोर्टल पर आवेदन कर फैमिली आईडी बनवा सकतें हैं। फैमिली आईडी का उद्देश्य भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए फैमिली आईडी से सहूलियत होगी। फैमिली आईडी न होने के कारण सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलने में दिक्कत का सामना करना पड़ सकता हैं। पात्र लाभार्थियों को शत-प्रतिशत आच्छादित करना, डुप्लीकेट या फर्जी लाभार्थियों को हटाना, छूटे हुए लाभार्थियों और जरूरतमंद परिवारों की प्राथमिकता के आधार पर पहचान, सरकार की सभी योजनाओं का संतृप्तीकरण एवं लाभों के लक्षित वितरण के लिए सभी विभागों का एकीकरण करना हैं। अपर जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को आवाह्न किया है कि जिन परिवारों ने अभी तक फैमिली आईडी के लिए ऑनलाइन आवेदन नहीं किया है वह ऑनलाइन आवेदन कर फैमिली आईडी अवश्य बनवा लें।

# आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निस्तारण की हुई समीक्षा

**कौशाम्बी।** कलक्ट्रेट स्थित उदयन सभागार में बुधवार को अपर जिलाधिकारी जयचंद्र पांडेय द्वारा आईजीआरए एवं सीएम हेल्पलाइन के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गयी।

बैठक में अपर जिलाधिकारी ने आईजीआरए एवं सीएम हेल्पलाइन के तहत प्राप्त शिकायतों की विभागवार विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों से कहा कि 30 अप्रैल तक सभी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित किया जाय। कोई शिकायत लम्बित न रहने पाये। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण न पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेंगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण में समय व गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। इस अवसर पर सभी


अधिकारियों के साथ बैठक करते एडीएम जयचंद्र मिश्र

उपजिलाधिकारीगण, जिला विकास अधिकारी विजय कुमार एवं ई-डी.एम कीर्त कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### रास्ते में जलभराव से आवागमन में दिक्कत

**कौशाम्बी।** सरसवां ब्लॉक के धवाड़ा गांव के मुख्य रास्ते में जलभराव होने से लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा कि गांव के कुछ दबंगों ने जबरन नाली के पानी निकासी को अवरूद्ध कर दिया है। जिसकी शिकायत भी लोगों ने उच्चाधिकारियों से की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसे लेकर स्थानीय लोगों में रोष है।

## पड़ोसी ने साथियों संग युवक को पीटा

**कौशाम्बी।** संदीपनघाट थाना क्षेत्र के भीटी देह माफी गांव में पड़ोसी ने साथियों के साथ मिल युवक को पीट दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल का प्राथमिक उपचार कराने के बाद तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

भीटीदेह माफी निवासी सोनू कुमार का पड़ोसी बुलबुल से पुराना विवाद चल रहा है। आरोपित ने साथियों के साथ मिल युवक को पीट दिया। परिजनों को घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित थाने पहुंचा और मामले की नामजद शिकायत पुलिस से की। पीड़ित युवक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित बुलबुल, सलमान व आकाश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# हाईस्कूल में 92.66% अंक पा रिषभ, इंटर में 89.20% अंक से अजय हुए विद्यालय टाप

**पूरामुफ्ती, कौशाम्बी।** चायल तहसील अंतर्गत संचालित विंध्य इंटर कॉलेज मोहम्मदपुर के छात्र छात्राओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम देखते ही छात्र छात्राओं और शिक्षकों के चेहरे खुशी से खिल उठे और सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दिया। हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में रिषभ सिंह 92.66, आंचल आर्या 86.80, स्वाती सिंह 80.60, रंजना प्रजापति 80.60, अंजली 79.80,हिमांशु 78.60 तथा प्रिंस यादव 77.30, अंक प्राप्त किए। वहीं इंटर में अजय दिवाकर 89.20, हर्ष 88, चन्दन सिंह 82 प्रतिशत, अजय सिंह 81.66, मो मुकेश दिवाकर 80 प्रतिशत, अभय मोचन 78.4, अमन उल्ला 77 प्रतिशत, ज्योति 75.6, दीक्षा कुमारी 75 प्रतिशत व संजना सिंह पटेल 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय के संचालक


विद्यालय टाप छात्रों को सम्मानित करते शिक्षक

लवकुश सर ने इस दौरान संबोधन में कहा कि शिक्षा एक ऐसा धन है,जिसे न कोई छीन सकता और न ही कोई ले सकते हैं। शिक्षा ही सफलता की कुंजी है, जिसे कठिन परिश्रम से हासिल किया जा सकता है। इसके माध्यम से परिवार,समाज व देश का विकास संभव होता है। इस दौरान प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार पटेल ने भी सभी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। इस मौके पर अखिलेश सर, आई.बी सर, कुलदीप सिंह,सोहन लाल, रोहित कुमार,शिव कुमार सर आदि शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ का केस

**लालगंज।** उदयपुर पुलिस ने किशोरी के साथ छेडछाड को लेकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव की पीडिता के पिता ने मंगलवार को पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उसकी पुत्री बीते रविवार शाम शौच के लिए गयी थी। रास्ते मे पूरे चंदवरियन का पुरवा रामपुर कसिहा गांव का आरोपी जानकी प्रसाद का पुत्र सुरेश कुमार गुप्ता पहले से घात लगाए बैठा था। किशोरी को सूनसान जगह पर अकेली देख वह उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। किशोरी ने शोर मचाया तो आरोपी ने उसे मुंह खोलने पर जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### व्यापार मण्डल के गठन की दी अनुमति

**प्रतापगढ़।** यूपी उद्योग व्यापार मण्डल के जिला स्तरीय नेताओं ने परिवायां बाजार में स्थानीय व्यापारियों को व्यापार मण्डल के गठन की अनुमति प्रदान की है। इसके लिए बाजार के व्यापारियों ने मण्डल के जिलाध्यक्ष से अनुमति प्रदान किये जाने का अनुरोध किया था। जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केशरवानी ने नियमों कायदों को बताते हुए बाजार में मण्डल के गठन की अनुमति प्रदान की। इस मौके पर महामंत्री संजय सोनी समेत अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

### मृतक शिक्षक के परिजनों को सौंपी सहायता राशि

**प्रतापगढ़।** लक्ष्मणपुर ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय चंदापुर में तैनात रहे हंडौर निवासी सहायक अध्यापक कुलदीप त्रिपाठी की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई थी। शिक्षक की मौत पर शिक्षक साथियों ने मंगलवार को बीआरसी पर मृत शिक्षक के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इसके साथ शिक्षकों ने सामूहिक रूप से जुटाई गई आर्थिक मदद शिक्षक के परिजनों को पदान की। इस दौरान बीईओ शशांक कुमार, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रशांत सिंह, गणेश प्रताप सिंह, मत्सेन्द्र नाथ मिश्र, आशीष खरे, मुख्तार खान, वीरेंद्र यादव, विजय विश्वकर्मा, आलोक सिंह, राघवेंद्र मिश्र आदि मौजूद रहे।

### पोल टूटने से दो गांव की सप्लाई बाधित

**प्रतापगढ़।** अजगरा रानीगंज विद्युत उपकेंद्र के शमशेरगंज व परसीपुर परसन की सोमवार को आये तेज तूफान में पेड़ टूटकर बिजली की लाइन पर गिर गया। जिससे तीन पोल टूट गए। पोल टूटने से दोनों गांव की सप्लाई बाधित हो गई। आपूर्ति ठप होने से उपभोक्ता परेशान हैं। तीसरे दिन तक सप्लाई ठीक करने के लिए कोई कदम नहीं उठाए जाने से उपभोक्ताओं में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी है। इस बारे में अजगरा विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता अखिलेश कुमार का कहना है कि पोल इस समय नहीं हैं। इसलिए समस्या हो रही है। पोल मंगाया गया है। जल्द ही सप्लाई बहाल कराई जाएगी।

# अपराध नियंत्रण अभियान में हर समय मुस्तैद दिखेगी पुलिस : एसपी

## अधिवक्ताओं ने एसपी समेत अफसरों को सौंपा लोक शांति गौरव सम्मान

**लालगंज।** एसपी ने मातहतो को महिला अपराधो के नियंत्रण के लिए शीर्ष प्राथमिकता पर कड़े कदम उठाए जाने को कहा है। वहीं पुलिस अधीक्षक ने अपराध नियंत्रण अभियान के साथ पुलिस गश्त मे किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर जिम्मेदारो के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाने को लेकर भी आगाह किया। पुलिस कप्तान के कडक तेवर को देख मातहतो की घिघ्घी देर रात तक बंधी दिखी। जिले के एसपी सतपाल अंतिल ने मंगलवार की देर शाम स्थानीय सीओ कार्यालय तथा कोतवाली के निरीक्षण के दौरान जनसुविधाओं को भी जनता को समारोहपूर्वक समर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान एसपी को संयुक्त अधिवक्ता संघ द्वारा लोकशांति गौरव सम्मान-2023 से भी नवाजा गया। एसपी सतपाल अंतिल ने सीओ कार्यालय को पेपरलेस बनाए जाने के लिए पुलिस उपाधीक्षक रामसूरत सोनकर की सराहना की। वहीं उन्होनें सीओ कार्यालय में पर्यावरण संरक्षण के लिए वृहद पौधरोपण को भी सराहा। सीओ कार्यालय मे एसपी ने फरियादियों के लिए शीतल पेयजल तथा चहरदीवारी का लोकार्पण भी किया। इसके बाद एसपी सतपाल अंतिल ने कोतवाली गेट पर नवनिर्मित बाउण्ड्रीवाल तथा मेस के सुसज्जीकरण एवं महिला हेल्प डेस्क व पुलिस बैरिक के भी सुदृढ़ीकरण के तहत कराये गये कार्यो को फरियादियों को समर्पित किया। एसपी ने कहा कि पुलिस थानो मे जनसुविधाओं की बढोत्तरी व सुसज्जीकरण का उददेश्य फरियादियों को थानो मे रचनात्मक वातावरण को उपलब्ध कराना है। वहीं उन्होने कहा कि अपराध नियंत्रण मे तभी सफलता मिल सकती है जब पुलिस का व्यवहार जनापेक्षी हो। एसपी ने कोतवाली के अभिलेखो का भी निरीक्षण किया। लंबित मुकदमो के निस्तारण में तेजी लाए जाने को कहा। कार्यक्रम के दौरान संयुक्त अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल तथा उपाध्यक्ष लाल विनोद सिंह एवं रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के साथ एसपी सतपाल अंतिल को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। अधिवक्ताओं ने टेज्नी आईपीएस अमृत जैन, एएसपी पश्चिमी रोहित मिश्र, एएसपी पूर्वी विद्यासागर मिश्र, सीओ लालगंज रामसूरत सोनकर, सीओ रानीगंज विनय साहनी, सीओ कुण्डा अजीत कुमार को भी लोक शांति गौरव सम्मान सौपा। कार्यक्रम मे सिविल जज कुंवर दिव्यदर्शी, एसडीएम उदयभान सिंह, तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने भी शासन की मंशा के अनुरूप सौहार्द व शांति पर जोर दिया। लक्ष्मणपुर ब्लाक प्रमुख प्रेमलता सिंह के प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता राकेश सिंह ने भी पंचायत प्रतिनिधियों की ओर से एसपी सतपाल अंतिल को सम्मानित किया। इस मौके पर राममोहन सिंह, श्रीराम केसरवानी, सभासद सोनू शुक्ल, धर्मेन्द्र मौर्य, विजय मिश्र बॉबी, आईपी मिश्र आदि मौजूद रहे।



सीओ कार्यालय में फीता काटकर उद्घाटन करते एसपी



एसपी समेत अफसरों को लोक शांति गौरव सम्मान से सम्मानित करते अधिवक्तागण

### सार्वजनिक रास्ते को दीवाल बनाकर किया बंद, शिकायत

**पट्टी।** सर्वजनिक रास्ते को पड़ोसियों ने दीवाल बनाकर बंद कर दिया। जिससे आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मामले में उपजिलाधिकारी को नामजद शिकायत पत्र देते हुए रास्ता खुलवाने की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के पडरी मुश्तरका गांव के रहने वाले श्याम सुंदर ने आरोपित किया है कि सार्वजनिक रास्ते को पड़ोसियों द्वारा उस पर दीवार बनाकर बंद कर दिया गया है। जिससे आने जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मामले में पीड़ित ने उप जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए रास्ता खुलवाए जाने की मांग की है। फिलहाल इस मामले में उप जिलाधिकारी पट्टी ने कंधई पुलिस को मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने को आदेशित किया है।

## पुलिस अधिकारियों ने चौपाल लगाकर किया शांति बनाए रखने की अपील

**चौपाल**

**समाज में भाईचारा बनाए रखने की अपील करते हुए एसओ ने ग्रामीणों जरूरी सावधानी बरतने के निर्देश दिए**

**प्रतापगढ़।** नवगठित नगर पंचायत कोहड़ौर के तहत गॉव मामूली व लोकई का पुरवा में बुद्धवार को ग्रामीणों की समस्याओं के निदान के लिए थानाध्यक्ष कोहड़ौर ने चौपाल लगाई। चौपाल में एसओ ने हर ग्रामीण की समस्या को सुना और समस्या के निदान के लिए न्याय संगत तरीका बताया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि नगर निकाय चुनाव 4 मई को होने जा रहा है। चुनाव के दौरान ऐसा कोई कार्य न करें जिससे क्षेत्र में अशांति फैले और कनून का उल्ल्घंन हो। समाज में भाईचारा बनाए रखने की अपील करते हुए एसओ ने ग्रामीणों जरूरी सावधानी बरतने के निर्देश दिए। इस दौरान कोहड़ौर थाने की पुलिस समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे। एसओ लालगंज भी संगियापुर बूथ पर चैपाल लगाई और शांति बरतने के निर्देश दिए। इसी प्रकार सीओ पट्टी और एसओ ने बीबीपुर गॉव में संम्भ्रांत व्यक्तियों के साथ चैपाल लगाकर शांतिपूर्ण चुनाव संपंन कराने का सहयोग मांगा। फतनपुर थाने के एसओ ने नगर पंचायत सुवंसा के नौडेरा प्राथमिक विद्यालय में चैपल लगाकर ग्रामीणों को चुनाव के संबंध में निर्गत आदेशों से अवगत कराते हुए शांति बनाने में सहयोग की अपील की।



चौपाल में लोगों से शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील करते पुलिस अधिकारी

### सड़क हादसे में चार घायल

**प्रतापगढ़।** कुण्डा क्षेत्र में अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में चार लोग घायल हो गये। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। कुंडा के ऊगापुर निवासी श्यामलाल सोनकर (70) वाहन की टक्कर से घायल हो गए। वहीं महाबीरन का पुरवा बानेमऊ निवासी धुन्नीलाल मिश्रा (65) और फूलताली चकादर अली निवासी राम सुमेर (52) बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गए। उधर, शिवपुरम मुहल्ला निवासी मुक्ता तिवारी (50) पत्नी बालकृष्ण तिवारी वाहन की टक्कर से घायल हो गए।

## भाजपा प्रत्याशी को पार्टी के बगावती दे रहे टक्कर

**25 सालों से नगर पालिका अध्यक्ष पद पर काबिज है भाजपा प्रत्याशी हरि प्रताप सिंह**

**प्रतापगढ़।** पिछले 25 वर्षो से नगरपालिका प्रतापगढ़ की कुर्सी पर काबिज पूर्व विधायक हरि प्रताप सिंह को उन्हीं के पार्टी से बगावत कर निर्दल उम्मीदवार उन्हें कड़ी टक्कर दे रहे हैं। पार्टी से टिकट मांग रहे भाजपा जिला संगठन के कई प्रत्याशी खुलकर बगावत पर उतर आए और निर्दलीय अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रहे हैं। जिला संगठन का एक धड़ा मानता रहा है कि पार्टी के अन्य लोगों को मौका दिया जाना चाहिए। आरोप है कि हरि प्रताप ने 25 सालों से शहर में कोई विकास नहीं किया है। वारिस होने पर कई मोहल्ले पानी में डूब जाते हैं। शहर की सड़के व साज सज्जा दुर्दशा के शिकार हैं। टिकट न मिलने से नाराज कार्यकर्ता पार्टी के खिलाफ उन्हें हराने के लिए मैदान में कूद पड़े हैं। यही हाल जिले के पॉच नगर पंचायतों का भी है। टिकट न मिलने से नाराज पदाधिकारी भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ चुनावी मैदान में है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने ऐसे बगावती कार्यकताओं पर सख्ती दिखाई। अपने-अपने जीत का दावा करते हुए सभी उम्मीदवार चुनाव प्रचार में दिन रात एक किए हैं। पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष वरूण प्रताप सिंह, सभासद विनय सिंह भोला पार्टी से बगावत कर हरि प्रताप के खिलाफ डरकर मुकाबला कर रहे हैं। यही हाल सपा पार्टी में भी है। सपा की कर्मठी नेता महिमा गुप्ता को टिकट न मिलने से नाराज होकर निर्दल चुनाव लड़ रही है। सपा के उम्मीदवार संतोष कुमार यादव को कड़ी टक्कर दे रही है। बसपा प्रत्याशी सादिक अली भी दिन रात एक किये हुए हैं और जीत का दावा कर रहे है। कॉग्रेस प्रत्याशी भी अध्यक्ष पद पर जीत का दावा कर रहे है। निर्दल विजय सिंह भी मतदाताओं से अपने जीत के आंकड़े गिना रहे हैं।

## अश्वनी बने विकास परिषद के सचिव व शिशिर कोषाध्यक्ष

**प्रतापगढ़।** भारत विकास परिषद विशाल की बैठक में अश्वनी केसरवानी को सचिव पद की नई जिम्मेदारी दी गई। साथ ही कोषाध्यक्ष रहते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों की बैठक में सराहना हुई। शिशिर खरे को कोषाध्यक्ष पद का जिम्मा सौंपा गया। जिसका सभी सदस्यों ने अनुमोदन किया। परिषद के अध्यक्ष गिरिजा शंकर मिश्र ने सदस्यों का स्वागत करते हुए प्रतापगढ़ में भारत विकास परिषद की शाखा के अवतरण का संक्षिप्त इतिहास प्रस्तुत किया। उन्होंने सदस्य संख्या में वृद्धि हेतु सभी सदस्यों से सहयोग का अनुरोध किया। बैठक में अश्विनी केसरवानी ने अपने कोषाध्यक्ष के कार्यकाल का आय-व्यय का लेखा प्रस्तुत किया। जिसका सभी उपस्थित सदस्यों ने करतल ध्वनि के साथ अनुमोदन किय। शिशिर खरे, कोषाध्यक्ष ने सदस्यता वृद्धि हेतु किए गए अपने प्रयासों की चर्चा करते हुए तीन नवयुवक साथियों को शाखा से जोड़े जाने की सूचना दी। कविता केसरवानी महिला संयोजिका के द्वारा एक बौद्धिक खेल का संचालन भी किया गया जिसका सदस्यों ने आनंद उठाया। गोविंद प्रसाद खंडेलवाल प्रांतीय उपाध्यक्ष, ने प्रयागराज में संपन्न प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में लिये गये विभिन्न निर्णयों से अवगत कराया। संचालन पूर्व अध्यक्ष उदय भानु सिंह ने किया। इस मौके पर श्रीनारायण शुक्ल, डॉ0 आर0 के0 सिंह, डॉ0 एस0 एस0 गुप्ता एवं डॉ0 आर0 के0 मिश्र ने भी अपने विचार रखे।

### नियुक्त किये गए प्रेक्षक व लायजन अफसर

**प्रतापगढ़।** जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 नितिन बंसल ने नगर निकाय चुनाव के लिए नियुक्त प्रेक्षक व लायजन अफसरों की ड्यूटी लगाई है। निर्वाचन आयोग द्वारा प्रेक्षक सत्य प्रकाश (अपर आयुक्त आबकारी प्रयागराज) को नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक हेतु निरीक्षण गृह लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड आरक्षित है। प्रेक्षक के साथ दो लॉयजन आफिसरों को भी तैनात करते हुए मोबाइल नंबर जारी किया है। आबकारी अधिकारी संजय कुमार मोबाईल नम्बर 9454465617 एवं स्टेनो कार्यालय वाणिज्य कर के विकास सिंह मोबाइल नम्बर 8948562713 की ड्यूटी लगायी गयी है। इसके अतिरिक्त प्रेक्षक हेतु लायजन आफिसर के रूप में उप निबन्धक पट्टी कमलेश चन्द्र वर्मा एवं स्टेनो के रूप में कार्यालय सिंचाई खण्ड के दिनेश सरोज को तैनात किया गया है।

## उमरवैश्य समाज के 15वें सामूहिक विवाह की तैयारियों के लिए बैठक कर बनाई रणनीति

**प्रतापगढ़।** जिला उमरवैश्य समाज सभा की मासिक बैठक बुद्धवार को चिलबिला स्थित उमरवैश्य धर्मशाला में गुलाब चन्द्र उमरवैश्य की अगुवाई में सम्पन्न हुई। जिसमें आगामी 24 नवम्बर को राष्ट्रीय स्तर के होने जा रहे 15वें सामूहिक विवाह समारोह को सकुशल सम्पन्न कराने की रणनीति बनाई गई। कार्यो का बंटवारा करते हुए कमेटियों के गठन पर विचार किया गया। समाज सभा के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि होने जा रहे सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन चिलबिला के मौर्य रिसार्ट में सम्पन्न होगा। विवाह में कई राज्यों के युवक यवतियों परिजन शामिल होंगे। इसके लिए जोड़ों के विवाह के लिए आवेदन मिल रहे हैं। जो अभी तक 15 युवक युवतियों ने विवाह के लिए आवेदन किया है। एक दिव्यांग जोड़े ने भी विवाह के लिए अवेदन किया है। समाज सभी के अध्यक्ष गुलाब चंन्द्र उमरवैश्य ने कहा कि अगले माह कमेटियों का गठन कर लिया जाएगा। जिन्हें विवाह संपंन कराने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। बैठक में शोभनाथ, मदन लाल, आशीश कुमार, रवि गुप्ता, अजय कुमार, कैलाश, जवाहरलाल, हनुमान प्रसाद, आदि शामिल रहे।



सभा में उपस्थित उमरवैश्य समाज

### टापर्स का किया गया सम्मान

**रानीगंज।** ग्राम विकास इंटर कॉलेज कलीपुर मैंनहा में बुधवार को प्रधानाचार्य अजीत कुमार सिंह नेइंटर के छात्र शिवा 88 प्रतिशत, हाईस्कूल की छात्रा प्रियांशी तिवारी 91 प्रतिशत, ऋतिक 83 प्रतिशत, मोहम्मद इश्तियाक 85 प्रतिशत, रिहान सी भारती 85 प्रतिशत को डायरी कलम देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अशोक कुमार मिश्र, जूली गौतम, मानसी शर्मा, शीलू पाल ,अंजू रजक, पुष्पा यादव आदि मौजूद रहे।

### मतदान कार्मिक पोस्टल बैलेट से देंगे वोट

प्रतापगढ़। निकाय चुनाव में मतदान कराने के लिए चिन्हित किए गए मतदान कार्मिक और वाहन चालकों को भी वोट देने का मौका दिया जाएगा। प्रशासन की ओर से 28-29 अप्रैल को कराए जाने वाले दूसरे चरण के प्रशिक्षण में इन्हें पोस्टल बैलेट से मतदान करने का मौका मिलेगा। इसके लिए प्रशासन की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई है और निकायों की मतदान सूची में शामिल कार्मिक और चालक चिह्नित किए जा रहे हैं। जिले की एक नगरपालिका और 18 नंगर पंचायतों के अध्यक्ष और वार्ड सदस्य पद का चुनाव चार मई को कराया जाएगा। चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासन की ओर से मतदाताओं को वोटिंग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रत्येक मतदाता वोट कर सके, इसके लिए मतदान कार्मिकों और वाहन चालकों से भी मतदान कराया जाएगा। प्रशासन इसके लिए निकाय चुनाव की सूची में शामिल कार्मिकों और वाहन चालकों की लिस्ट तैयार कर रहा है। प्रशिक्षण के दौरान कार्मिक और वाहन चालक अपने मनपसंद प्रत्याशी को वोट कर बैलेट पेपर पीठासीन अधिकारी के पास जमा कर देंगे। मतगणना वाले दिन पोस्टल बैलेट निकायवार मतों की गिनती में शामिल कर लिए जाएंगे।

## मलेरिया दिवस पर आयोजित हुई प्रतियोगिताएं



चित्रकला के माध्यम से बच्चों को मलेरिया से बचाव हेतु जागरूक करती छात्राएं

**प्रतापगढ़।** विश्व मलेरिया दिवस पर जिले के माध्यमिक विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिता के जरिए बच्चों को मलेरिया फैलने से रोकने आदि के बारे में जागरूक किया गया। डीएम के निर्देश पर डीआईओएस ने विद्यालयों में कार्यक्रम को सफल बनाने की जिम्मेदारी प्रधानाचार्य डा0 विन्ध्याचल सिंह को सौंपी थी। उनके निर्देश पर विद्यालयों में भाषण, चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं के जरिए बच्चों को मलेरिया रोग के बारे में सचेत किया गया। मलेरिया रोग के बारे में विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यो ने बच्चों को जागरूक किया। कुसुम मौर्य, डा0 रूचि पाण्डेय, बंदना तिवारी, ललिता पटेल, पूजा पटेल, डा0 अनूप सिंह, सालिग राम प्रजापति, मनीषा रावत, ऋचा श्रीवास्तव, अनुपम ओझा, रमेश चन्द्र मिश्र, अंसार अहमद सुनील कुमार यादव, सत्य प्रकाश यादव, गीता यादव आदि ने अपने विद्यालयों में बच्चों को मलेरिया रोग के फैलने व इसे रोकने के बारे में विस्तार से बताया।

### मारपीट की अलग-अलग घटना में तीन घायल

**प्रतापगढ़।** अलग-अलग मारपीट की घटना में तीन लोग घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। घायल के परिजनो ने पुलिस को नामजद तहरीर दी है।

हथिगवां थाना क्षेत्र के परेवा नारायणपुर निवासी विनोद कुमार (35) पुत्र बेनी माधव तथा उसके भाई भोलेनाथ (45) को गांव के ही कुछ लोगों ने रंजिश के चलते पीटकर घायल कर दिया। वहीं पूरेजीत निवासी मंगला देवी (42) पत्नी ओम प्रकाश को रंजिश के चलते गांव के ही कुछ लोगों ने पीटकर घायल कर दिया। परिजन घायलों को सीएचसी ले जाने के बाद आरोपितों के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को देते हुए कार्यवाही की मागं की है।

## दहेज को लेकर गर्भवती महिला को पीटा

**पट्टी।** महिला ने दहेज कम मिलने की बात को लेकर ससुराली जनों पर मारने पीटने का आरोप लगाया है। महिला जेठ, देवर सहित दो अन्य के खिलाफ मारपीट करने व घर से भगा देने की शिकायत पुलिस से की है।

करैला बाजार कंसापट्टी गांव निवासी मुन्जरीन खातून पत्नी हयात अली ने आरोप लगाया है कि वह मंगलवार की सुबह लगभग सात बजे घर का काम कर रही थी। उसी समय जेठ रियासत अली, देवर शेर अली पुत्र मोबीन, तवस्सुम बानो पत्नी रियासत अली व नाजरीन बानो पत्नी शेर अली पहुंचे और लाठी डंडे से उसकी पिटाई शुरू कर दी। जब उसका भाई सादाब अख्तर पुत्र मो० इस्लाम जो रिश्तेदारी को आया था बीच बचाव करने लगा तो आरोपियों ने उसकी पिटाई कर दी। हल्ला गुहार पर जब आस पडोस के लोग पहुंचे तो आरोपित लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। महिला ने बताया है कि वह गर्भवती है चोट लगने से उसके बच्चे को भी अघात पहुंचा है। महिला ने पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, रेफर

**प्रतापगढ़।** कुंडा के करम अली का पुरवा निवासी परवेज अशरफ (20) पुत्र कलीम को परिजनों ने किसी बात को लेकर डांट दिया था। जिससे नाराज होकर उसने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। थोड़ी देर में ही उसकी हालत बिगड़ने लगी तो घबराए परिजन उसे सीएचसी लाए। हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने रेफर कर दिया।

### अपहरण व दहेज के अरोपी भेजे गये जेल

**प्रतापगढ़।** अंतू पुलिस ने दहेज हत्या के आरोप में फरार चल रही महिला को मंगलवार को थाना क्षेत्र के अकेलवा आम तिराहा से गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला मीना देवी पत्नी शत्रुधन लाल शर्मा निवासी आशापुर भटान अंतू पर दहेज के लिए बहू की हत्या का आरोप है। अंतू थाने में आरोपी महिला पर मामला दर्ज था। पुलिस ने कई बार दबिश दिया पर गिरफ्तार न कर सकी। थाने के दरोगा व आरक्षी सुमन मौर्य ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अंतू पुलिस ने अपहरण के एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के पारा हमीदपुर निवासी विक्रम वर्मा पुत्र शिव शंकर वर्मा पर थाने में अपहरण का मुकदमा दर्ज था। थाने के दरोगा उमेश प्रताप सिंह ने आरोपी को पारा मोड़ से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जनसंपादकीय

# कई और भी थे अंग्रेजों के वफादार

एल एस हरदेनिया



जब सोवियत रूस में क्रांति हो गई तो लेनिन ने पूरे राष्ट्र को संबोधित करते हुए यह कहा कि क्रांति के पूर्व पूरे देश के नागरिकों की क्या स्थिति थी यह मेरी चिंता का विषय नहीं है। परंतु अब क्रांति के बाद यदि कोई नागरिक देश के साथ गद्दारी करेगा तो यह किसी भी हालत में सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने विशेषकर अधिकारियों व कर्मचारियों से सौ प्रतिशत वफादारी की अपेक्षा की।

इस तरह दक्षिण अफ्रीका में रंगभेदी शासन समाप्त होने के बाद वहां के सर्वोच्च नेता अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) के नेल्सन मंडेला ने अपने देश के सभी गोरे नागरिकों को माफ कर दिया। जिस दिन दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति के रूप में उनकी शपथ हो रही थी तो मंडेला ने दुनिया भर के राष्ट्रपतियों, प्रधानमंत्रियों आदि की उपस्थिति में कहा कि ह्यअब में आपका परिचय मेरे दो अत्यंत महत्वपूर्ण मेहमानों से करवाना चाहता हूं। इसके बाद मंच पर दो गोरे आ गए। उनका परिचय देते हुए मंडेला ने कहा कि ये मेरे 27 वर्ष के कारावास के दौरान मेरे ऊपर सबसे ज्यादा ज्यादतियां इन दोनों ने की थीं। पर मैं आज इन्हें क्षमा प्रदान कर रहा हूं और इनके माध्यम से देश के उन सभी गोरों को क्षमा प्रदान कर रहा हूं जिन्होंने समय-समय पर दक्षिण अफ्रीका के मूल निवासियों पर तरह-तरह के जुल्म किए थे।

यह बात हमारे देश पर भी लागू होती है। हमारे देश पर लंबे समय तक अंग्रेजों ने राज किया। उस दौरान अनेक लोगों ने अंग्रेजों की सेवा की। लाखों लोगों ने अंग्रेजों की नौकरी की। हजारों लोग सेना और पुलिस में भर्ती हुए। अंग्रेजों की पुलिस ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर गोलियां चलाई जेल में उन्हें नाना प्रकार की यंत्रणाएं दीं। आजादी के बाद इन सभी कर्मियों की सेवाएं यथावत रखी गईं। यहां तक कि उच्चतम पदों पर पदस्थ आईसीएस अफसर सभी राज्यों के मुख्य सचिव सहित ज्यादातर महत्वपूर्ण पदों पर बने रहे। हमारे प्रदेश के मुख्य सचिव लगातार आईएएस कैडर के रहे। सब ने काफी क्षमता और योग्यता से सेवाएं दीं। इनमें से कई की सेवाओं को आज भी याद किया जाता है। आरसीव्हीपी नरोन्हा ऐसे ही अधिकारियों में से थे जिनके प्रेरणादायी किस्से आज भी लोगों की जुबान पर हैं।

**अंग्रेजों के शासन के दौरान देश के करीब एक तिहाई हिस्से पर राजा-रजवाड़ों का राज रहा। अंग्रेजों ने इन्हें अपने क्षेत्र में शासन करने की पूर्ण स्वतंत्रता दी। इन्हें अपनी सेना और पुलिस रखने की इजाजत दी। आजादी के बाद एक-दो को छोड़कर सभी ने आजाद भारत की सार्वभौमिकता स्वीकार की। यहां तक की राजाओं के प्रतिनिधियों ने संविधान निर्माण की प्रक्रिया में भाग लिया।**

अंग्रेजों के शासन के दौरान देश के करीब एक तिहाई हिस्से पर राजा-रजवाड़ों का राज रहा। अंग्रेजों ने इन्हें अपने क्षेत्र में शासन करने की पूर्ण स्वतंत्रता दी। इन्हें अपनी सेना और पुलिस रखने की इजाजत दी। आजादी के बाद एक-दो को छोड़कर सभी ने आजाद भारत की सार्वभौमिकता स्वीकार की। यहां तक की राजाओं के प्रतिनिधियों ने संविधान निर्माण की प्रक्रिया में भाग लिया। इनमें से बहुसंख्यक ने स्वतंत्रता आंदोलन दबाने में अंग्रेजी साम्राज्य की मदद की।

ऐसे ही रजवाड़ों में सिंधिया परिवार भी शामिल था। इसलिए अकेले उस परिवार की निंदा करना कहां तक उचित है? हां, उन्हें भी यह स्वीकार करना चाहिए कि उनके पूर्वजों ने झांसी की रानी वीरांगना लक्ष्मीबाई के विरूद्ध अंग्रेजों की मदद की थी। परंतु ज्योंही भारत आजाद हुआ सिंधिया ने अपने साम्राज्य का विलय भारत में कर दिया और कुछ संपत्तियों को छोड़कर अपनी सारी संपत्ति भारत सरकार को सौंप दी। भारत की आजादी का उत्सव मनाने के लिए सिंधिया ने बाकायदा सभी जिलों के लिए एक निश्चित राशि मंजूर की। फिर सिंधिया परिवार देश की राजनीति में भाग लेने लगा। आजादी के बाद लगभग सभी पार्टियों ने उनकी लोकप्रियता का लाभ उठाया। यहां तक कि जनसंघ ने अपने ग्वालियर अधिवेशन के लिए माधवराव सिंधिया को स्वागताध्यक्ष बनाया। अधिवेशन में बोलते हुए अध्यक्ष अटलबिहारी वाजपेयी ने भविष्यवाणी की कि माधवराव भारत के विलियम पिट द यंगर होंगे। यंगर ब्रिटेन के ऐसे राजनीतिज्ञ थे जो मात्र 24 वर्ष की आयु में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बन गए थे।

सन- 1967 तक माधवराव की माता विजयाराजे सिंधिया कांग्रेस की सांसद रहीं। सन-1967 में टिकट वितरण के सवाल पर उनके तत्कालीन मुख्यमंत्री डी. पी. मिश्र के साथ मतभेद हो गए और उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी और कांग्रेस के विरूद्ध चुनाव लड़ा। उनके प्रभाव वाले क्षेत्र में उनके उम्मीदवार न केवल चुनाव जीते बल्कि उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवारों की जमानतें भी जप्त करवाईं। चुनाव के नतीजों से यह स्पष्ट हुआ कि ग्वालियर क्षेत्र में सिंधिया परिवार की कितनी जबरदस्त लोकप्रियता है। इसी तरह जब सन-1987 में माधवराव सिंधिया की पुत्री का विवाह हुआ तो यह आरोप लगाया गया कि विवाह की तैयारी में सरकारी साधनों का उपयोग हो रहा है। वास्तविकता जानने के लिए भोपाल से हम कुछ पत्रकार ग्वालियर गए और वहां के निवासियों से चर्चा की। लगभग सभी ने यह कहा कि यदि सरकारी साधनों का उपयोग हो रहा है तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। आखिर महाराज ने अपनी पूरी संपत्ति भारत सरकार को दे दी थी इसलिए यदि उनके परिवार में हो रहे महोत्सव में सरकार मदद कर रही है तो इसपर शोरगुल मचाने का कोई औचित्य नहीं है।

वैसे यह जानने का प्रयास किया जाना चाहिए कि सिंधिया समेत अनेक राजा-महाराजा अपने-अपने इलाकों में इतने लोकप्रिय क्यों रहे?

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# बंटवारे के खिलाफ थे तारिक फतेह

स्मरण

आर.के. सिन्हा



तारिक फतेह को उनके चाहने वाले एक बेखौफ लेखक के रूप में याद रखेंगे। वे सच का साथ देते रहे। वे भारत के परम मित्र थे। उन्हें इस बात का गर्व रहा कि उनके पूर्वज हिंदू राजपूत थे। वे बार-बार कहते- लिखते थे कि भारत,पाकिस्तान और बांग्लादेश के तमाम मुसलमानों के पु?खे हिंदू ही थे और उन्हें जबरदस्ती मुसलमान बनाया गया था । उनकी इस तरह की साफगोई कठमुल्लों को नागवार गुजरती थी। उनकी तारीफ यह थी कि वह डंके की चोट पर अपने पूर्वजों को हिंदू बताते रहे। बहुत कम मुसलमान यह हिम्मत दिखा पाते हैं। वह सांप्रदायिकता पर लगातार चोट करते रहे।

तारिक फतेह पहली बार 2013 में भारत दौरे पर आए थे तब उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा था, 'पाकिस्तान को तो अब भूल जाइए। इसको एक न एक दिन कई टुकड़ों में टूटना ही है। वो दिन भी दूर नहीं जब बलूचिस्तान और सिंध उससे अलग हो जाएगा। पाकिस्तानी सेना एक औद्योगिक माफिया है जिसका अपने देश के अनाज, ट्रकों, मिसाइलों से ले कर बैंकों तक पर नियंत्रण हैं।' यह सुनकर पाकिस्तान के हुक्मरान तिलमिला गए थे। वे मानते थे कि, 'भारत ही एकमात्र ऐसा देश है जहां मुसलमान बिना डरे स्वतंत्रतापूर्वक काम करते हैं।'

तारिक फतेह से जितने लोग मुहब्बत करने वाले हैं उससे बहुत ही कम नफरत करने वाले हैं। वे कभी इस्लाम की आलोचना नहीं करते थे, बल्कि इस्लाम के नाम पर झूठे गौरव और पाखंड की आलोचना करते थे। कट्टरपंथी उनके तर्क से तिलमिला कर रह जाता था। एक बार एक मौलवी साहब औरंगजेब की बहुत तारीफें कर रहे थे और उसे सच्चा और अनुकरणीय मुसलमान साबित कर रहे थे । तारिक फतह ने उससे सिर्फ.एक सवाल किया कि अगर औरंगजेब एक सच्चा मुसलमान था तो क्या उसने हज की थी ? मौलवी साहब बगलें झाँकते नजर आने लगे और उनकी सारी पिछली तारीफों पर फतेह साहब के एक सवाल ने पानी फेर दिया । किसी मुसलमान पर हज उतना ही बड़ा फर्ज.है जितने कि नमाज, रोजा और जकात । इनमें से कोई एक दूसरे की भरपाई नहीं कर सकता । चारों ही अलग अलग फर्ज.हैं । कोई भी मुस्लिम जब बालिग हो जाए और हज करने के लायक स्वास्थ्य और आमदनी हो तो हज तुरन्त फर्ज.हो जाती है । अल्लाह ने औरंगजेब को 96 साल की लम्बी उम्र दी, बचपन से बुढ़ापे तक तंदुरुस्त रखा । पहले शाहजादा फिर बादशाह बनाया । हज में दुनियावी मसायल की वजह से कोई माफी नहीं है । अगर सामर्थ्यवान होते हुए भी 96 साल की उम्र तक औरंगजेब हज नहीं करता तो या तो उसका हज के फर्ज. होने पर ईमान नहीं है या उसे ईश्वर पर भरोसा नहीं है कि वह हज करने गया तो वापस उसकी गद्दी उसे मिलेगी या नहीं । उसका पंजवक्ता नमाजी होना और टोपियाँ सिल कर रोजी कमाना सब बेकार गया ।

देश में सीएए-एनआरसी के मुद्दे पर हुए दंगो के बाद तारिक फतेह ने कहा था, 'हर वह व्यक्ति हिंदू है, जो हिंदुस्तान के इतिहास और परंपरा की मिल्कियत रखता है।'

मुस्लिम समुदाय में तारिक फतेह जैसा बोल्ड और जीनियस लेखक या विचारक मिलना मुश्किल है। कट्टरता के विरुद्ध बिगुल फूंकने वाला, पाकिस्तान के आतंकवाद-प्रेम पर मुखर होकर निरंतर प्रहार करने वाला कोई दूसरा मुस्लिम लेखक या विचारक मिलना मुश्किल है। इस्लाम सहित तमाम मुद्दों पर मुखर रूप से बोलने वाले तारिक फतेह टीवी डिबेट में अक्सर खुद को हिंदुस्तानी बताते थे और हमेशा सिंध और हिंद का कनेक्शन जोड़ते थे। तारिक फतेह पाकिस्तान के विचार को खारिज करते थे। वे मानते थे कि देश का बंटवारा नहीं होना चाहिए था। दुर्भाग्य यह है कि उनकी मौत का कुछ लोग जश्न मना रहे हैं। सोशल मीडिया पर आपको तारिक फतेह को लेकर तमाम तरह की ओछी टिप्पणियां पढ़ने को मिलेंगी।



तारिक फतेह धार्मिक अतिवाद के खिलाफ बोलने और एक उदारवादी इस्लाम के पक्ष को बढ़ावा देने के लिये प्रसिद्ध थे। उन्होंने 'यहूदी मेरे दुश्मन नहीं हैं' नाम से एक पुस्तक भी लिखी। पाकिस्तान में बलूचों के आंदोलनों के समर्थक भी रहे। बलूचिस्तान में मानवाधिकारों के हनन और पाकिस्तान द्वारा बलूचों पर की जा रही ज्यादतियों के विषय पर भी बोलते और लिखते रहे। तारिक फतेह मुस्लिम इतिहास के भी प्रकांड विद्वान थे, जिस कारण तर्कों और तथ्यों में उन्हें पराजित करना किसी के लिये नामुमकिन था।

तारिक फतेह बहुत बुद्धिमान व्यक्ति थे। वे पाकिस्तान के शहर कराची में जन्मे थे और 1987 से कनाडा में रहने लगे। तारिक फतेह वाकई पंजाब के शेर और हिंदुस्तान के बेटे थे, जैसा कि आपकी बिटिया नताशा ने कहा है। तारिक फतेह ने एक बार मुझसे जानना चाहा कि क्या सच है कि भारत के संविधान की मूल प्रति पर हडप्पा और मोहन जोदड़ों के चित्र हैं। मैंने कहा कि मेरे पास संविधान की मूल प्रति है आपको नन्द लाल बसु की हडप्पा और मोहन जोदड़ि की पेंटिंग दिखाता हूँ कमैंने जब उन्हें संविधान की मूल प्रति पर हडप्पा और मोहन जोदड़ो की पेंटिंग दिखाई तो वे भावुक हो उठे और उनकी आँखों से आंसू निकल पड़े क

तारिक फतेह किसी टीवी के कार्यक्रम में सिंध का इतिहास, पंजाब का इतिहास, पाकिस्तान के वजूद और यूपी के मुसलमानों की बात अवश्य करते थे। वे बार-बार कहते थे कि पाकिस्तान के पंजाबियों पर उर्दू भारत से पाकिस्तान गए मुसलमानों ने थोपी। इस वजह से उनसे भारत और पाकिस्तान का एक तबका खफा रहता था। यह सच है कि पंजाबियों पर उर्दू थोपी गई।

चूंकि वे एक बेखौफ साहसी लेखक थे और खुलकर अपनी राय का इजहार करते थे इसलिए उनकी जान के दुश्मन भी कम नहीं थे। उन्हें जान से मारने की धमकियां मिलती रहती थीं। कुछ समय पहले तारिक फतेह ने अपने ट्विटर अकाउंट पर एक 'ट्विटर स्पेस' का स्क्रीन शॉट शेयर करते हुए लिखा था कि एक सज्जन ने ग्रुप बनाया है जो मेरा सिर कलम (सर तन से जुदा) करने की योजना बना रहा है। तारिक फतेह के न रहने से आज दुनिया ने एक सच्चा लेखक खो दिया है। उनकी जब याद आएगी तो फैज अहमद फैज का यह शेर ह्यकर रहा था गम-ए-जहाँ का हिसाब आज तुम याद बे-हिसाब आएह्न याद कर ही उनके प्रशंसकों का सहारा बनेगा ।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

## तारिक फतेह का जाना

के. विक्रम राव



तारेक फतेह चले गए। कैंसर से रुग्ण थे। टोरंटो में खाके सिपुर्द हो गए। वे 73 साल के थे। वे शरीयत में बदलाव के पक्षधर थे। कराची में जन्मे तारिक फतेह सदैव पाकिस्तान के खिलाफ रहे। वे अखंड भारत के समर्थक थे। उनकी मां सुन्नी थी, मुंबई की। पत्नी नरगिस शिया, गुजराती दाऊदी बोहरा। स्वयं को फतेह बड़ी साफगोई से किस्मत का शिकार बताते थे। उनके पिता भी जिन्ना की बात मानकर पाकिस्तान आए। 'मैं पाकिस्तानी था। अब कनाडा का हूं। पंजाबी मुस्लिम कुटुंब का था, जो पहले सिख था। मेरा अकीदा इस्लाम में है, जिसकी जड़े यहूदी मजहब में रहीं', फतेह कहते थे। अपनी जवानी में फतेह मार्क्सवादी छात्र नेता रहे। जैव रसायन में स्नातक डिग्री ली। पत्रकार के रूप में कराची पत्रिका सन के रिपोर्टर थे। जनरल जियाउल हक की सैन्य सरकार ने उन्हें दो बार जेल में डाला। देशद्रोह का आरोप लगाया।

तारिक फतेह भारतीय मुसलमानों को राय देते रहे : 'अपनी आत्मा को इस्लामी बनाओ। दिमाग को नहीं।' तारेक ने बताया था कि बाबर तो भारतीय इतिहास का कबाड़ था। वह हिंदुस्तानियों को काला बंदर मानता था। अपने लोकप्रिय टीवी शो में फतेह हमेशा ब्रिटिशराज द्वारा मुगलों के महिमा मंडन के कठोर आलोचक रहे। वे कई बार कह भी चुके थे कि औरंगजेब का नामोनिशान भारत से मिटाना चाहिए । अपने भाषण में फतेह ने कहा भी था : 'आज केवल हिंदुस्तानी ही इस्लामिक स्टेट के आतंक को नेस्तनाबूद कर सकता है। अतः क्या शुरूआत में आप नई दिल्ली में औरंगजेब रोड का नाम दारा शिकोह रोड रख सकते हैं ?' उनका सवाल था। अपने सगे अग्रज दारा शिकोह को औरंगजेब ने लाल किले के निकट हाथी से रौंदवाया था। उनका सर काटकर तश्तरी में रखकर पिता शाहजहां को भेजा था। मोदी सरकार ने तीन साल लगा दिए औरंगजेब रोड का नाम बदलने में।

तारिक फतेह अपने टीवी कार्यक्रम में अक्सर कहा करते थे कि वे बलूचिस्तान को आजाद राष्ट्र के रूप में देखना चाहते हैं। पाकिस्तान ने उसे गुलाम बना रखा है। वे कश्मीर पर पाकिस्तान के हिंसक हमलों की हमेशा भर्त्सना करते रहे। मूलतः वे विभाजन के विरुद्ध रहे। अपनी पुस्तक 'यहूदी मेरे शत्रु नहीं हैं' में फतेह ने स्पष्ट लिखा था कि भ्रामक इतिहास के फलस्वरुप यहूदियों के साथ अत्याचार किया गया। वे मुंबई में 9 नवंबर 2008 के दिन यहूदी नागरिकों पर गोलीबारी से संतप्त थे। उन्होंने इस वैमनस्य की जड़ों पर शोध किया। उन्होंने पाया कि यहूदी से उत्कट घृणा ही इस्लाम का मूल तत्व है। वे समाधान के हिमायती थे।

तारिक फतेह ने इस्लामी राष्ट्रों द्वारा असहाय मुसलमानों की उपेक्षा को मजहबी पाखंड करार दिया था। वे मानते थे कि रोहिंग्या मुसलमान न्याय के हकदार हैं, उपेक्षा के पात्र नहीं। एक मानवीय त्रासदी आई है जहां एक पूरी आबादी पर सबसे जघन्य अत्याचार ढाये जा रहे हैं। वे एक जातीय और धार्मिक अल्पसंख्यक हैं। म्यांमार में दसियों हजार रोहिंग्या मुसलमान एक तानाशाह की सेना द्वारा क्रूर कार्रवाई में खदेड़े गये। वे शरण मांग रहे हैं, विशेषतः मुस्लिम देशों से। मगर ये सारे इस्लामी राष्ट्र खामोश हैं। तारिक फतेह ने तत्कालीन पाकिस्तानी राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ की इस्लामाबाद में लाल मस्जिद तथा उसके अंदर आतंकवादियों पर कार्रवाई के पीछे की राजनीति की जांच की मांग की थी। उनकी दृष्टि में यह साजिश थी। तारिक फतेह ने लिखा था : 'जनरल मुशर्रफ और उन्हें सहारा देने वाले अमेरिकियों, दोनों को यह महसूस करना चाहिए कि मलेरिया से लड़ने के लिए दलदल को खाली करने की जरूरत है, न कि अलग-अलग मच्छरों को मारने की। पाकिस्तान में इस्लामी कट्टरवाद से लड़ने का सबसे अच्छा तरीका ही है कि फर्जी मतदाता सूचियों को खत्म करें और लोकतांत्रिक चुनाव आयोजित किया जाए। निर्वासित राजनेताओं को देश में लौटने दिया जाए।'

मगर तारिक फतेह को देशद्रोही कहा गया। अखिल भारतीय फैजान-ए-मदीना परिषद ने एक निजी समाचार चैनल पर तारेक फतेह के आकर्षक टेलीविजन कार्यक्रम 'फतेह का फतवा' पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। एक मुस्लिम संगठन ने कथित रूप से अपने टीवी कार्यक्रम के माध्यम से 'गैर-इस्लामिक' विचारों को बढ़ावा देने के लिए तारेक फतेह का सिर कलम करने वाले को 10 लाख रुपये के 'इनाम' की घोषणा की थी।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

# प्रकाश सिंह बादल एक राष्ट्रीय व्यक्तित्व थे

स्मृति शेष

डॉ. प्रभात ओझा



बहुत कम लोगों को याद होगा कि चौधरी चरण सिंह की सरकार के दौरान प्रकाश सिंह बादल 1979-80 में केंद्रीय कृषि मंत्री रहे। इसके पहले आपातकाल के बाद हुए चुनाव में वे लोकसभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे। थोड़े समय के लिए बादल के इस कार्यकाल को राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका के तौर पर देखा जाय तो इसके अतिरिक्त आम तौर पर उन्होंने अपने को पंजाब तक ही सामित कर लिया था। सच्चाई है कि इसके बावजूद वे राष्ट्रीय व्यक्तित्व के स्वामी थे। तभी तो लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के वे अनिवार्य अंग बने रहे। हाल के विधानसभा चुनाव से पहले उनकी बहू हरसिमरत कौर ने केंद्र सरकार से इस्तीफा जरूर दे दिया था। एनडीए से अलग बादल का अकाली दल राज्य में सरकार नहीं बना सका परन्तु राष्ट्रीय फलक पर उनके योगदान को देखते हुए प्रदेश में राजकीय तो पूरे देश में राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके अंतिम दर्शन के लिए जाने की योजना बनाई।

असल में प्रकाश सिंह बादल अपने राष्ट्रीय व्यक्तित्व के बावजूद क्षेत्रीय राजनीति का पुरोधा माने जाते हैं। ऐसी क्षेत्रीय राजनीति, जिससे तमाम उतार-चढ़ाव के बीच पंजाब में अकाली नेता हमेशा अनिवार्य हिस्सा माने जाते हैं। चौधरी चरण सिंह मंत्रिमंडल के कृषि मंत्री प्रकाश सिंह बादल को जल्द समझ में आ गया कि वे पंजाब और पंजाबियत के लिए ही बने हैं। वैसे बाद में भी उनके अकाली दल ने केंद्र की सरकार में भागीदारी की। उनकी बहू हरसिमरत कौर और बेटे सुखबीर सिंह बादल भी केंद्र में मंत्री रह चुके हैं।

देखा जाय तो पंजाब के बाहर बादल और अकाली दल की राजनीति लुका-छीपी के खेल की तरह ही है। वे किसी राष्ट्रीय दल से समझौता भी पंजाब के क्षेत्रीय हितों को दरकिनार कर नहीं करते थे। यहां उनके इस कदम को देखना होगा, जब 2020 के किसान आंदोलन में किसानों का समर्थन करते हुए उन्होंने 2015 में मिले पद्म विभूषण सम्मान को वापस कर दिया था। इसे पंजाब के किसानबहुल लोगों के स्वाभिमान को सम्मान के तौर पर ही देखा जाना चाहिए।

पंजाब की क्षेत्रीय राजनीति 1920 में अकाली दल के गठन से शुरू हुई। सरदार सरमुख सिंह चुब्बल एकीकृत अकाली दल के पहले अध्यक्ष थे। उनके बाद मास्टर तारा सिंह के नेतृत्व में अलग पंजाब प्रांत के लिए आंदोलन और उसमें सफलता के सोपान चढ़ने की लंबी कहानी है। इसमें अंग्रेजी शासन के साथ सम्बंध वाले विवाद के अंश भी हैं। हम बात प्रकाश सिंह बादल के संदर्भ में कर रहे हैं। आजादी के बाद उन्होंने पूर्व के नेताओं से बहुत कुछ सीखा, साथ ही समर्थन-विरोध के बीच वे भी डोलते रहे। राजनीति में समर्थन-विरोध चलता रहता है। पंजाब की क्षेत्रीय राजनीति में बादल पहले कांग्रेस के साथ ही जुड़े रहे। स्वाधीनता आंदोलन और कांग्रेस के एकाकार होने की सच्चाई से प्रकाश सिंह बादल भी अछूते नहीं थे। उन्होंने विधानसभा सदस्य बनने की अपनी पहली यात्रा 1957 में कांग्रेस के टिकट पर ही पूरी की। भारतीय जनता पार्टी के पुराने रूप जनसंघ के साथ तो वे 1970 में आए। तब उन्होंने जनसंघ से मिलकर पंजाब में संयुक्त सरकार बनाई। करीब सवा साल की सरकार हिन्दी भाषा के सवाल पर जनसंघ के समर्थन वापसी के साथ गिर गई थी।

बादल का राजनीतिक सफर देश की आजादी के साथ ही शुरू होता है। वर्ष 1927 में पैदा हुए बादल सिर्फ 20 साल की उम्र में सरपंच निर्वाचित हुए थे। सरपंची की यह कुर्सी लोकतांत्रिक ढंग से भले सही, परन्तु अपने पिता से विरासत में मिली। वे 1957 में पहली बार विधायक बने और कुल दस बार पंजाब विधानसभा के लिए चुनाव जीता। इस दौरान वे पांच बार मुख्यमंत्री बने।



निधन के सिर्फ एक साल पहले वे अपने जीवन का अंतिम चुनाव हार गये। कहा जाता है कि यह उनकी पहली हार थी। यहां याद करना होगा कि बादल पहली बार 1967 में पराजित हुए थे, जब वे अकाली दल (संत फतेह सिंह) उम्मीदवार के रूप में सिर्फ 57 मतों के अंतर से हारे। अंतिम चुनाव में तो अभी 2022 में उम्र में उनसे 36 साल छोटे गुरमीत सिंह खुडियन ने बादल को बड़े अंतर से मात दी। चुनाव में शह और मात होती रहती है। बादल की मात तो सिर्फ दो बार हुई किंतु सच यह है कि पंजाब की राजनीति के वे अनिवार्य अंग बने रहे। उनकी सक्रियता के बाद राष्ट्रीय दलों को उन्हें साधने की कोशिशें करनी पड़ी। प्रकाश सिंह बादल ने बाद में 1997 में भारतीय जनता पार्टी से समझौता किया। बीजेपी को पंजाब में दखल के लिए बादल की जरूरत थी, तो बादल भी कांग्रेस के मुकाबले बीजेपी के साथ हो गये। पहले की जनसंघ के साथ वाली सरकार के मुकाबले इस बार बादल ने भाजपा से चुनाव पूर्व समझौता किया। उनके गठबंधन की सरकार बनी। बीजेपी के साथ बादल ने 2007 में भी मिलकर चुनाव लड़ा और मुख्यमंत्री बने। फिर 2012 में भी इस गठबंधन की सरकार बनी।

पंजाब के बाहर बन रहे गठबंधनों की राजनीति में प्रकाश सिंह बादल एनडीए के हिस्सा बने। वर्ष 1970 में जनसंघ के साथ सरकार बना ही चुके थे। वर्ष 1998 से 2020 तक भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए के साथ वे सहज रूप से जुड़े रहे। इस दौरान भाजपा को साथ लेकर वे दो बार राज्य में सीएम की कुर्सी हासिल करने में सफल रहे। इसी दौरान हरसिमरत कौर 2014 और 2019 में केंद्र में मंत्री बनीं। अभी 2020 के किसान आंदोलन के दौरान केंद्र सरकार और राज्य की राजनीति में से किसी एक को चुनने में देर हुई। हरसिमरत कौर ने जब केंद्र सरकार छोड़ा, तबतक देर हो चुकी थी। शायद बुजुर्ग बादल सही और सटीक दिशा निर्देश नहीं दे पाए। उन्होंने पद्मविभूषण भी लौटाया किंतु जिस पंजाब और पंजाबियत का हवाला देकर उन्होंने अपना वजूद बनाया और कायम रखा, उसी पंजाब ने हाल के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ उनकी पार्टी को भी नकार दिया। देखना है कि प्रकाश सिंह बादल के बाद बादल परिवार इसे किस ढंग से संभाल पाता है।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

**निधन के सिर्फ एक साल पहले वे अपने जीवन का अंतिम चुनाव हार गये। कहा जाता है कि यह उनकी पहली हार थी। यहां याद करना होगा कि बादल पहली बार 1967 में पराजित हुए थे, जब वे अकाली दल (संत फतेह सिंह) उम्मीदवार के रूप में सिर्फ 57 मतों के अंतर से हारे। अंतिम चुनाव में तो अभी 2022 में उम्र में उनसे 36 साल छोटे गुरमीत सिंह खुडियन ने बादल को बड़े अंतर से मात दी। चुनाव में शह और मात होती रहती है। बादल की मात तो सिर्फ दो बार हुई किंतु सच यह है कि पंजाब की राजनीति के वे अनिवार्य अंग बने रहे। उनकी सक्रियता के बाद राष्ट्रीय दलों को उन्हें साधने की कोशिशें करनी पड़ी। प्रकाश सिंह बादल ने बाद में 1997 में भारतीय जनता पार्टी से समझौता किया।**

व्यंग्य

# तलाश पार्टी प्रवक्ता की



संजीव जायसवाल संजय

हाई कमान की भौंहे तनी हुई थीं। पार्टी के छवि सुधारने के लिए निर्देश पर निर्देश जारी किए जा रहे थे किंतु छवि थी कि रसातल में मिली जा रही थी। असफलता का ठीकरा फोड़ने के लिए सिर तलाशने की गौरवशाली परम्परा रही है इसलिए तलाश शुरू हुई। गाज गिरी पार्टी प्रवक्ताओं पर। फौरन आवश्यकता निकाली गई ऐसे जुझारू प्रवक्ताओं की जो पार्टी की नीतियों को ठीक से प्रस्तुत कर सकें।

पार्टी मुख्यालय में अभ्यर्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी। धुरंधर, घाघ, निर्भीक, तेज-तर्रार, हाजिरजवाब, जानकार, विशेषज्ञ हर किस्म के दावेदार हाजिर। किसी को पार्टी की सारी नीतियां कठस्थ थीं तो किसी की उंगलियों पर पार्टी का विजन था। पार्टी की उपलब्धियों का बखान करने वाले चारणों की तो लाईन लगी हुई थी। कोई दूसरा बाजी न मार ले जाए इसलिए साक्षात्कार कक्ष में घुसने के लिए धक्कम-मुक्का जारी थी।

पार्टी के दिग्गज एक से एक जड़ीले प्रश्न पूछ रहे थे। उनके धड़ीधड़ उत्तर भी मिल रहे थे। अभ्यर्थी पूरी तैयारी करके जो आए थे। हर अभ्यर्थी के जाने के बाद साक्षात्कारकर्ता आशा भरी दृष्टि से हाईकमान की ओर देखते किंतु उनके चेहरे की शिकन कम नहीं हो रही थी। लगता था कि योग्य उम्मीदरवार की तलाश अधूरी रह जाएगी।

धक्का-मुक्की से विरत वह श्वेतधारी इत्मिनान से अलग बैठा था। न कोई जल्दबाजी न कोई हड़बड़ी। जब सारे उम्मीदवार निबट गए तब उसने भीतर प्रवेश किया।

'आप हमारी पार्टी की नीतियों के बारे में क्या जानते हैं?' एक दिग्गज ने प्रश्न किया।

'देखिए सत्ता पक्ष की एक ही नीति है, अनीति की। गरीब भूखों मर रहे हैं लेकिन उन्हें मलाई काटने से फुर्सत नहीं' उन्होंने बताया।

'हम आपसे अपनी पाटी की विशेषता पूछ रहे हैं सत्ता पक्ष की नहीं' दूसरे दिग्गज ने टोंका।

'कोई एक विशेषता हो तो बताऊं? जब से ये सत्ता में आए हैं लूट मचा रखी है। मंहगाई और व्यापार घाटा बढ़ता जा रहा है। गैस और पेट्रोल के दाम आसमान छू रहे हैं, बेरोजगारी चरम पर है, सीमा पर अशांति मची हुई है। इनकी एक ही विशेषता है, येन-केन-प्रकारेण सत्ता पर काबिज रहना' उन्होंने आवाज उंची करते हुए जवाब दिया।

'अरे भाई, आप हमारी पार्टी के बारे में क्या जानते हैं?' पहले दिग्गज का स्वर तेज हो गया।

'अब जानने को बचा ही क्या है? जितने भी गुंडे-मवाली, लुटेरे, बलात्कारी थे सब सत्ता पक्ष में शामिल होकर देश को लूटने में जुटे हुए है। जब से ये सत्ता में आए हैं लॉ एण्ड आर्डर नाम की कोई चीज ही नहीं बची है' उन्होंने मेज पर घूंसा पटकते हुए कहा।

'हम आप से आम पूछ रहे हैं और आप इमली बता रहे हैं' दूसरे दिग्गज ने डपटा फिर बोला,'सीधे-सीधे बताईए कि आप हमारी पार्टी के सामाजिक चिंतन के बारे में क्या सोचते हैं?'

'समाज का चिंतन बचा ही कहां है? सत्ता पार्टी ने तो सामाजिक ताने-बाने को तार-तार कर दिया है। वोटों की खातिर समाज के टुकड़े-टुकड़े कर दिए हैं। इन लोगों को सत्ता में बने रहने का कोई हक नहीं है' उन्होंने एक-एक शब्द पर जोर देते हुए कहा।

'अजीब आदमी हैं आप। विषय पर बात ही नहीं कर रहे। हर प्रश्न का उलटा उत्तर दे रहे हैं' पहले दिग्गज का भी पारा गरम हो गया। उसने चीखते हुए कहा,'आपसे आखिरी प्रश्न पूछ रहा हूं। हाल ही में हमारी पार्टी को कुछ सफलताएं मिली हैं उनका श्रेय आप किसको देगें?'

'श्रेय किस बात का? देश-विदेश हर मोर्चे पर असफल है यह सरकार। उद्द्योगों में ताला लग रहा है, कामगारों की नौकरियां जा रहीं, किसान आत्महत्या कर रहे, बैंको में घोटाले हो रहे हैं, टैक्स चोर मजे कर रहे हैं, मां-बहनों की इज्जत लुट रही है। कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जहां इस सरकार को सफलता मिली हो फिर श्रेय किस बात का?' वे गला फाड़ते हुए चीखे।

दोनों दिग्गज भी गला फाड़ बरस पड़े,'आप पागल हो गए है। विषय पर बात ही नहीं कर रहे हैं। निकल जाइए यहां से। हमें आप जैसे प्रवक्ताओं की...'

'...ही आवश्यकता है' अब तक शांत बैठे हाई कमान ने उनकी बात काटी फिर मुस्कराते हुए बोले,'बेस्ट डिफेंस इज ए गुड ऑफेंस। युद्ध में तलवार रोंकने से ज्यादा महत्व तलवार भोंकने का होता है उसी तरह लोकतंत्र में कीचड़ साफ करने से ज्यादा महत्व कीचड़ उछालने का होता है। महाशय में हवा का रूख मोड़ने की क्षमता है। इनसे बेहतर प्रवक्ता और कोई हो ही नही सकता।'

अगले दिन से वे पार्टी की ओर से चैनलों पर तलवार भांजने लगे। उनके मुकाबिल दूसरी पार्टियों को भी पलटीबाजों, कीचड़ोलाजिस्टों और कुतर्करिस्टों को उतारना पड़ा। लोकतंत्र को श्मशान में दफनाने के लिए सभी पूर्ण ईमानदारी से कटिबद्ध हैं और जनता नागनाथों और सांपनाथों को क्रमिक रूप से पूजने के लिए प्रतिबद्ध।

**(लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क 7318213943)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# चुनाव में पहचान के लिये 12 पहचान पत्र होंगे मान्य : डीएम

**जानकारी**

**उप व निकाय चुनाव के लिए जारी किया गया निर्देश**

**जनसंदेश न्यूज**


जिलाधिकारी दिव्या मित्तल

**मीरजापुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट दिव्या मित्तल ने जानकारी देते हुये बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार 395-छानबे (अ.जा.) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के उप निर्वाचन के लिये 10 मई 2023 को होने वाले मतदान में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिये वैकल्पिक रूप में कुल 12 फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा।

वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, बैंकों डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटो युक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एन.पी.आर. के अन्तर्गत आई.जी.आई. द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिस्एबिलिटि आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार मान्य होगा। उन्होंने यह भी बताया कि एपिक के सम्बन्ध में लेखन अशुद्धि, वर्तनी की अशुद्धि इत्यादि को नजरअंदाज कर देना चाहिये, बशर्ते निर्वाचक की पहचान ईपीआईसी से सुनिश्चित की जा सकें। यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रदर्शित करता है, जो कि किसी अन्य सभा निर्वाचन क्षेत्र के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया है, ऐसे एपिक भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किये जायेंगे, बशर्ते उस निर्वाचक का नाम, जहां वह मतदान करने आया है, उस मतदान केन्द्र से सम्बन्धित निर्वाचन नामावली में उपलब्ध हो। यदि फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण निर्वाचक की पहचान सुनिश्चित करना सम्भव न हो, तब निर्वाचक को उपरोक्त में किसी एक वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज को प्रस्तुत करना होगा। उपरोक्त किसी बात होते हुये भी प्रवासी निर्वाचकों को, जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 20क के अधीन निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत हैं, मतदान केन्द्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर भी पहचाना जायेगा।

# मृतक के परिजनों को दिया जाय मुआवजा : प्रह्लाद सिंह


मृतक के घर पहुंचे किसान नेता

**अदलहाट।** क्षेत्र में बुधवार को मदनपुर खजुरौल, में अकाशीय बिजली की चपेट में आने से बीते 21 अप्रैल को रात में कल्लू सिंह का आकस्मिक निधन होने से स्वर्गीय कल्लू सिंह के आवास पर पहुंच कर भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष कंचन सिंह फौजी के नेतृत्व में लोगों ने प्रह्लाद सिंह प्रदेश महासचिव के साथ पहुंचे कर शोकाकुल परिवार को शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके बड़े पुत्र धर्मराज पटेल व छोटे पुत्र शिवाजी पटेल और उनके छोटे भाई रामनरेश सिंह व परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया। साथ ही शासन से मांग किया कि किसान के परिवार को किसान बीमा और मुख्यमंत्री राहत कोष से मुआवजा दिलाया जाय। इस दौरान अनिल सिंह, वीरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सावित्री देवी, डाक्टर पंचम सिंह, रामवृक्ष सिंह, अरविंद सिंह, राम सूरत सिंह, जगदीश सिंह, लक्ष्मण सिंह, शिव कुमारी देवी, राधेश्याम सिंह, राममूरत सिंह बाबाजी, कृष्णदेव सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### प्रधान के साथ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, रोजगार सेवक पर लगाया आरोप


प्रधान के साथ प्रदर्शन करते ग्रामीण

**लालगंज।** विकासखंड परिसर पर लालगंज के कोठी गांव के ग्राम प्रधान रामचंद्र मौर्य ने बुधवार को गांव के ग्रामीणों व मजदूरों के साथ प्रदर्शन करते हुए रोजगार सेवक पर आरोप लगाया कि विकास कार्य में बाधा उत्पन्न किया जा रहा है। जिसके कारण गांव का विकास नहीं हो पा रहा है। रोजगार सेवक व ग्राम प्रधान का बिवाद विकासखंड परिसर में चर्चा के केंद्र में बना रहा है। बताया गया कि प्रधान द्वारा रोजगार सेवक के साथ काफी दिनों से मतभेद बना हुआ है। वहीं प्रदर्शनकारी महिलाओं ने रोजगार सेवक को विकास विरोधी बताया। प्रदर्शन करने वालों में सोना देवी, बसंती देवी, सरिता देवी, कलावती देवी, नंदलाल, मुन्नीलाल, सीताराम, मटुकधारी आदि ने विकास खंड मुख्यालय पर प्रदर्शन किया।

### अधिवक्ता के निधन पर जताया शोक

**लालगंज।** अधिवक्ता सभागार में बुधवार को उपरौध अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार शुक्ला के अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में समिति के सदस्य हरबालिका मिश्रा एडवोकेट के असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उनके कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। बैठक में अधिवक्ताओं द्वारा यह निर्णय लिया गया कि दिन भर न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। इस अवसर पर सचिव ह्रदयशंकर चतुवेर्दी, प्रभुनाथ दुबे, अरुण कुमार तिवारी, जीत नारायण दुबे, राकेश दुबे, उमाशंकर मिश्र, हरिनंद सिंह, विपिन तिवारी, जगत नारायण मिश्रा, राजकुमार पांडेय, लक्ष्मीकांत पांडेय, चौधरी श्यामनारायण यादव, श्रीचंद यादव, मिथिलेश सिंह, कमलेश मिश्रा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### आशा कार्यकर्ता की बिगड़ी हालत


आशा का उपचार कराते साथी

**हलिया।** क्षेत्र के गलरा गांव में बुधवार को सीएचओ संग घर घर जाकर आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनवाने के बाद घर लौट रही आशा कार्यकर्ता की अचानक तबीयत बिगड़ गई और सड़क पर गिरकर अचेत हो गई। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची आशा संगिनी आरती मिश्रा ने आशा कार्यकर्ता को एंबुलेंस की मदद से उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ड्रमंडगंज ले गई। जहां आशा कार्यकर्ता का उपचार किया जा रहा है हालत सामान्य बताई जा रही है।क्षेत्र के गलरिया गांव निवासी आशा कार्यकर्ता रन्नो देवी गलरा गांव में ग्रामीणों का गोल्डेन कार्ड बनवाने के बाद दोपहर बाद अपने घर जा रही थी कि जैसे ही गलरिया गांव की सीमा पर पहुंची कि तेज धूप होने के कारण गश खाकर जमीन पर गिर पड़ी। रास्ते से गुजर रहे ग्रामीणों ने आशा संगिनी आरती मिश्रा व आशा कार्यकर्ता के पति राजकुमार को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची आशा संगिनी ने एंबुलेंस सेवा पर फोनकर एंबुलेंस की मदद से उपचार हेतु अचेतावस्था में न्यू पीएचसी ड्रमंडगंज ले गई। जहां आशा कार्यकर्ता का उपचार किया जा रहा है। फार्मासिस्ट आनंद सिंह ने बताया कि आशा कार्यकर्ता का उपचार किया जा रहा है जहां हालत सामान्य है। आशा कार्यकर्ता के पति राजकुमार ने बताया कि तीन दिन पूर्व पत्नी बुखार से पीड़ित थी। धूप में पैदल चलने से अचानक हालत बिगड़ गई है।

### कच्ची शराब के साथ तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से पुलिस ने बुधवार को अवैध कच्ची शराब लेकर बेचने के लिए जा रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए निजी मुचलके पर छोड़ दिया। मंगलवार की रात क्षेत्र में गश्त पर निकले एस आई हरिकेश राय को मुखबिर से सूचना मिली कि बेलगवां गांव निवासी लालजी कोल गैलन में 15 लीटर कच्ची शराब लेकर सुखड़ा डाक बंगले की तरफ जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर एस आई ने आरोपी को पन्द्रह लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। इसी तरह एस आई श्याम लाल ने मुखबिर की सूचना पर सिकटा गांव निवासी रामधनी कोल को बीस लीटर कच्ची शराब व बेलगवां गांव निवासी मुनेन्द्र को पन्द्रह लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर दोनों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया।

### दरवाजे पर खड़ी बोलेरो उठा ले गये चोर

**चील्ह।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी चेतगंज अंतर्गत चेतगंज बाजार से मंगलवार की रात दरवाजे पर खड़ी बोलेरो गाड़ी चोरी हो गई। वाहन स्वामी ने चेतगंज पुलिस चौकी में चोरी की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चेतगंज बाजार निवासी शिवकुमार सरोज अपनी बोलेरो गाड़ी जो उनके पिता माता प्रशाद सरोज के नाम से है मंगलवार की रात दरवाजे पर खड़ी करके सोने चले गए। सुबह जब उठकर देखा तो दरवाजे पर बोलेरो गाड़ी नहीं रही। उन्होंने देखा कि गाड़ी की चाबी घर में पड़ी है आसपास काफी खोजबीन किए पता लगाया लेकिन कहीं पता नहीं चला अंत में बोलोरो चोरी होने की तहरीर चेतगंज पुलिस चौकी में देकर बोलेरो बरामद कराने की मांग की। चोरी की सूचना पर मौके पर पहुंचे चेतगंज चौकी प्रभारी हरकेश सिंह क्षेत्र में आसपास लगे कमरों में छानबीन करने में जुटे रहे।

### बालिका को ट्रक ने कुचला मौत

**मीरजापुर।** देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के भिस्कुरी गांव के पास ट्रक की चपेट में आने से 10 वर्षीय बालिका की मौत हो गई। बताया जाता है कि सेंट जेवियर स्कूल में पढ़ने वाली 10 वर्षिय बालिका आराध्या उर्फ वैष्णवी पुत्री सुनील स्कूल बस से उतरकर घर जा रही थी। इस दौरान स्कूल बस आगे बढ़ गया, जहां बस से पास ले रहे ट्रक ने रौंद दिया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने स्कूल बस व चालक को मौके पर रोक लिया। घटना के बाद ग्रामीणों ने ट्रक को दौड़ा लिया, जिसके बाद पुलिस ने पड़री से ट्रक को पकड़ लिया। मौके पर पहुंची पुलिस स्कूल बस व ट्रक को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्यवाई में जुटी हुई है। चौकी प्रभारी वीके राय ने बताया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज करके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया।

### 20 लीटर अवैध शराब के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा छानवें विधानसभा उप-चुनाव एवं नगर निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी व प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है। बुधवार को प्रभारी जय कृष्ण निर्भय मय पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र से आरोपियों विरेन्द्र पुत्र पेच नरायन निवासी लालपुरा थाना लालगंज मीरजापुर व श्यामपाल पुत्र बाबूलाल निवासी लालापुर थाना लालगंज मीरजापुर को कुल 20 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

### तमंचा व कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार


पकड़ा गया आरोपी

**मीरजापुर।** थाना अदलहाट पुलिस द्वारा एक अवैध तमंचा मय जिन्दा कारतूस के साथ 01 आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा छानवें विधानसभा उप-चुनाव एवं नगर निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने दृष्टिगत जनपद में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शस्त्र के विरूद्ध जारी अभियान में विधिक कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। बुधवार को उ0नि0 राकेश राय मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त सूचना के आधार थाना क्षेत्र से 01 आरोपी शिवपुजन पुत्र स्व0 सतीश निवासी सुकृत थाना राबर्टसगंज सोनभद्र को गिरफ्तार किया गया। आरोपी शिवपूजन उपरोक्त के कब्जे से एक 315 बोर तमंचा मय 01 जिंदा कारतूस बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अदलहाट पर धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार आरोपी को जेल भेजा गया।

### एक मई से सात बजे से चलेगा न्यायालय

**मीरजापुर।** प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि गया इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में न्यायालय सुबह 7:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक चलेगा। यह 1 मई से प्रभावी होगा। साथ ही जुलाई महीने में चतुर्थ शनिवार को न्यायालय खुला रहेगा।

# भाजपा ने बंद की आंख चुनाव में बन गया शूल

**गले की हड्डी बना**

**गैर दलों से आये लोगों को कमान सौंपते ही बिगड़ा खेल**

**जिले में हर सीट पर बागी ठोंक रहे ताल**

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** लोकसभा चुनाव के पूर्व भाजपा नगर निकाय चुनाव को पूर्वाभ्यास मान रही हैं। जिसमें दूसरे दलों से आये लोगों के हस्तक्षेप से पार्टी के तेवर और कलेवर पर असर दिख रहा है। पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं को दर किनार कर दिया गया।

दूसरे दलों से आकर बसेरा बनाने वालों को टिकट दे दिया गया। जिसकी वार्ड और अपने क्षेत्र के मतदाता पहचानतें नहीं। उन्हें भी महज यस सर की हुन्कार भरने पर टिकट दे दिया गया। इससे उठे बवाल के चलते जिले के करीब आधी सीटों पर भाजपा के बागी भी ताल ठोक रहे हैं। जिले में 3 नगर पालिका परिषद और एक पंचायत को मिलाकर अध्यक्ष समेत कुल 104 सीट हैं। सबसे ज्यादा रोचक लड़ाई नगर पालिका परिषद मीरजापुर की सीट पर हैं। जिस पर भाजपा के मनोज जायसवाल काबिज थे। अब उनकी ही टीम के श्याम सुंदर केशरी को प्रत्याशी बनाया गया है। जिसके चलते भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनोज श्रीवास्तव ने बागी तेवर अपना लिया। करीब 53 वर्ष के मनोज ने 16 वर्ष की आयु से ही पार्टी के नीति रीति पर काम करते रहे।

बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद के बाद भाजपा में वर्ष 2015 में अशोक सिंघल के कहने पर शामिल हुए। विधान सभा चुनाव के दौरान प्रदेश के नेताओं के द्वारा टिकट देने का किया गया वादा कोरा साबित हुआ। इस बार भी उन्हे दर किनार कर दिया गया। साजिश के तहत गोल बनाकर पहुंचे टीम को समझौते में टिकट दे दिया गया। प्रदेश के सबसे विशाल श्रीराम नवमी शोभा यात्रा का आयोजन करने वाले मनोज ने निर्दल प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया हैं। जातीय भेदभाव को दर किनार कर युवा हुजूम और कट्टर हिंदुत्व के साथ वह मैदान में जोरदार टक्कर दे रहे हैं। इसी प्रकार चुनार में विजय बहादुर सिंह को दो बार पत्नी सहित अध्यक्ष रहे वर्मा बगावती तेवर में हैं। कछवां सीट पर भाजपा के पिंकी मोदनवाल को मिताली जायसवाल चुनौती दे रही हैं। जबकि अहरौरा में भाजपा के ओम प्रकाश केशरी के राह में सिद्धार्थ सिंह राह का रोड़ा बने हैं। इसके अलावा करीब आधी सीटों पर डटे सभासद भाजपा के अरमानों पर पानी फेरने में लगे है। जनहित की उपेक्षा कर 5 साल तक मोदी योगी के नाम पर लूट करने वालों को सबक सिखाने के लिए जनता भी बागियों के साथ हैं। नगर के रमईपट्टी मोहल्ला निवासी 16 वर्षीय युवक के मौत के बाद उसके परिजनों को करीब 2 साल तक डेथ सार्टिफिकेट के दौड़ाना गले की हड्डी बन गया है।

## दो पक्षों में सीमा विवाद को लेकर मारपीट, छह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया।** हलिया थाना क्षेत्र के हलिया कस्बा में बुधवार सुबह दो पक्षों में टटरा लगाने को लेकर मारपीट हो गई जिसमें दोनों पक्षों से कुल पांच लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायलों को उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया। जहां पर एक की हालत गंभीर देखकर चिकित्सक ने मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। हलिया कस्बा निवासी रमेश यादव व संतलाल यादव के बीच घर के पास लगाने को लेकर कहासुनी के बाद मारपीट हो गई जिसमें प्रथम पक्ष से रमेश व उनकी पुत्री ऋचा व रीतू घायल हो गई। जबकि दूसरे पक्ष से संतलाल व उनकी पत्नी सरोज देवी घायल हो गई। पुलिस ने रमेश की तहरीर पर संतलाल, अमरेश, राजेश, नंदे तथा संतलाल की तहरीर पर रमेश व तुलसी के खिलाफ गाली गलौज मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# विद्यालय का वीडियो बना कर मांगा 1 लाख, मिली हवालात

**पड़ा महंगा**

**बाजार में मिले युवक को पकड़कर प्रधानाध्यापक ने पुलिस को सौंपा, यूट्युबर निकला युवक, पुलिस जांच में जुटी**

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** जिगना थाना क्षेत्र के नरोईया प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक से फर्जी वीडियो बना कर 1 लाख रुपया माँगना यूट्युबर को महंगा पड़ गया। बाजार में मिले युवक को पकड़ कर अध्यापक ने पकड़ लिया। भीड़ के बीच फंसने पर ब्लैकमेलिंग कर रहा युवक पैर छू कर माफी मांगने लगा। ब्लैकमेलर को पुलिस के हवाले किया गया। युवक को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ में जुटीं हैं।

बताया जाता हैं कि नरोइया प्राथमिक विद्यालय प्रथम के प्रधानाध्यापक विधानसभा चुनाव के पूर्व विद्यालय की टूटी खिड़की को बनवाने के लिए कुछ सामान लेने शहर गए थे। इसी दौरान क्षेत्र के युवक ने बच्चों से कह कर ईंट की ढुलाई कराते हुए वीडियो बना लिया। इसके बाद प्रधानाध्यापक चंद्र प्रकाश तिवारी को कई बार फोन करके मिलने को कहा।

मुलाकात होने पर उसने बच्चों से काम कराने की बात कहा। वीडियो डिलीट करने के एवज में 1 लाख रुपये की मांग की। जिस पर अध्यापक ने इंकार करते हुए उससे अपना पक्ष रखा। उसके बाद वह बार बार फोन करता रहा। बाजार में युवक के मिलने पर प्रधानाध्यापक चंद्र प्रकाश तिवारी ने उसे पकड़ लिया। कुछ ही देर में भीड़ लग गई।

अध्यापक ने युवक को पकड़ने और 1 लाख मांगने की जानकारी दी। जिगना थाना प्रभारी अरविंद पांडेय मौके पर पहुंचे दोनों पक्ष को सुनने के बाद आरोपी को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान कुछ अन्य लोगों का भी नाम सामने आने की बात कही जा रही हैं। लिहाजा पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर जांच में जुटीं हैं।

# खतरनाक ब्रेकर बना महिला की मौत का कारण

**सड़क दुर्घटना**

**शासन के आदेशों को किया जा रहा है दरकिनार**

**मुख्य मार्गों पर बनाए गए जानलेवा ब्रेकर**

**जनसंदेश न्यूज**


घटना की जानकारी लेते थानाध्यक्ष राजगढ़

**राजगढ़।** स्थानीय क्षेत्र के मुख्य मार्गों पर बनाए गए खतरनाक गति अवरोधक आए दिन सड़क दुघर्टना का सबब बन रहे हैं तथा जानलेवा साबित हो रहे हैं। ऐसे जानलेवा ब्रेकर को हटाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आदेश भी जारी किया है लेकिन सब हवा हवाई साबित हो रहा है और एक के बाद एक क्षेत्र में लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं।

जानकारी के अनुसार राजकुमार राम पुत्र सियाराम निवासी बिसहार थाना कर्मा जिला सोनभद्र अपनी पत्नी गंगा जली उम्र 40 वर्ष और पत्नी की बड़ी बहन राजकुमारी पत्नी स्वर्गीय मोनागू राम निवासी परसोदा थाना मड़िहान मिजार्पुर उम्र 58 वर्ष को मोटरसाइकिल पर बैठा कर अपनी रिश्तेदारी चुनार बरगवां से राजगढ़ के तरफ आ रहे थे, इस दौरान राजगढ़ चुनार मार्ग पर रुद्रा स्कूल के सामने इंदिरा नगर में ब्रेकर पर डिसबैलेंस होकर गिर गए, गिरने के कारण राजकुमारी के सर में गंभीर चोट आई, घायल दोनों महिलाओं को सीएचसी राजगढ़ लाया गया, जहां अस्पताल में चिकित्सक द्वारा राजकुमारी को मृत घोषित कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी राणा प्रताप यादव ने परिजनों को फोन कर सूचित किया। दोनों महिलाओं का मायका ग्राम नदिहार थाना क्षेत्र राजगढ़ में है। सूचना के बाद मौके पर परिजन पहुंचे, तथा पंचायत नामा तैयार कर पीएम हेतु शव को अंत्य परिक्षण के लिए भेज दिया गया। ऐसे में सड़कों पर बनें जानलेवा ब्रेकर की वजह से एक परिवार फिर उजड़ गया।

# श्रीमद्भागवत मनुष्य को कर्त्तव्यों का कराता है बोध : कपिल महराज

**हलिया।** क्षेत्र के खोदाईपुर गांव में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन बुधवार को वृंदावन से पधारे कथावाचक पंडित कपिल उपमन्यु महराज ने गोपी उद्धव संवाद की कथा का मार्मिक वर्णन करते हुए श्रोताओं को अमृतपान कराया। कथावाचक ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य को कर्त्तव्यों का बोध होता है।

अज्ञानता को दूर करने के लिए भागवत कथा का श्रवण आवश्यक है। गोपी उद्धव प्रसंग की कथा सुनाते हुए कहा कि उद्धव जी को अपने ज्ञान पर बहुत अभिमान था। एक दिन उद्धव जी भगवान कृष्ण के शयन कक्ष में पहुंचे तो देखा कि भगवान कृष्ण रो रहे हैं। भगवान के रोने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि जब-जब गोपियां याद करती हैं तो मेरे हृदय में बड़ी पीड़ा होती है। गोपियों के निःस्वार्थ प्रेम को देखकर बरबस अश्रु धारा निकल पड़ती है। वह ब्रज में रोती है मैं यहां रोता हूं।

श्रीकृष्ण ने उद्धव को ब्रज जाकर अपने ज्ञान से गोपियों को लाभान्वित करने के लिए कहा उद्धव जी ब्रज जाते हैं। उद्धव के रथ को आते देख सभी गोपियां दौड़ पड़ी कि कान्हा आ गया। लेकिन रथ में कृष्ण को नही पाकर निराश हो जाती है। उद्धव जी कहते हैं मैं कृष्ण का संदेश वाहक हूं। इतना सुनते ही गोपियां उद्धव जी का श्रद्धा से स्वागत करते हुए भगवान कृष्ण का कुशलक्षेम पूछने लगी और बोली कि क्या संदेश लाए हो।

उद्धव जी संदेश की बजाय निर्गुण ब्रह्म का ज्ञान देने लगे। गोपियों ने कहा कि आप अपना ज्ञान अपने पास रखें। हमारा एक ही हृदय है हम सब कृष्ण से प्रेम करते हैं हमारा मन उन्ही के साथ चला गया है। गोपियों का श्रीकृष्ण के प्रति अटूट प्रेम देखकर उद्धव जी अपने ज्ञान पर लज्जित हो गये। और कहा कि संसार में प्रेम से बढ़कर कुछ भी नही है। इस दौरान दयाशंकर दुबे, रमाशंकर मिश्र, पुष्पेन्द्र सिंह, पुंडरीक सिंह, आदि मौजूद रहे।

# जनता निर्भीक होकर करे मतदान : एसपी

**चुनाव**

**नगर में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च**

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** आगामी नगर निकाय सामान्य चुनाव 2023 व विधानसभा छानबे उप निर्वाचन-2023 को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत जनपद में लगातार कराये जा रहे फ्लैग मार्च व एरिया डॉमिनेशन के क्रम में बुधवार को पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा भारी संख्या में पुलिस व पी.ए.सी. बल व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानों के साथ नगर क्षेत्र में फ्लैग मार्च व एरिया डॉमिनेशन किया गया।

इस क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम ब्रीफिंग कर समस्त बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया तत्पश्चात नगर क्षेत्र में क्षेत्राधिकारी नगर मय पुलिस बल व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च/एरिया डॉमिनेशन किया गया। उक्त एरिया डॉमिनेशन/ फ्लैग मार्च का प्रारम्भ सरदार बल्लभ भाई पटेल चौराहा(भरूहना चौराहा) से हुआ जो बरौधा कचार, पीली कोठी, रोडवेज तिराहा, रेलवे स्टेशन, संगमोहाल ओवर ब्रिज होते हुए राबर्टसगंज तिराहे पर समाप्त हुआ। इस दौरान अराजक एवं असामाजिक तत्वों तथा आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों में कड़ी कार्यवाही का संदेश दिया गया। वहीं आम जनमानस से संवाद कर सुरक्षा का एहसास कराते हुए भयमुक्त वातावरण में निर्भीक होकर को मतदान के दिन भारी संख्या में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा सौहार्द पूर्ण माहौल बनाये रखने एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल चुनाव संपन्न कराने में शासन-प्रशासन का सहयोग करने की अपील भी की गई। चुनाव के दृष्टिगत पुलिस बल द्वारा लगातार सतर्क दृष्टि रखते हुए आपराधिक प्रवृति के व्यक्तियों को चिह्नित कर उनके विरूद्ध लगातार कार्यवाही एवं शराब, गांजा आदि मादक पदार्थों का अवैध निष्कर्षण एवं विक्री करने वालों एवं वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। वहीं आम जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुए सौहार्द पूर्ण माहौल बनाये रखने एवं शांतिपूर्ण वातावरण में भारी संख्या में चुनाव में निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की गयी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर, पी.ए.सी. व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के उच्चाधिकारीगण के साथ-साथ अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## उपचुनाव के मद्देनजर सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने किया रूट मार्च

**हलिया।** छानबे विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर बुधवार को सीमा सुरक्षा बल के चार बटालियन के जवानों ने थाना क्षेत्र के गडबडा, महुगढ, इन्द्रवार, सिकटा गाँव के रोड पर यस यस बी 18 के कमांडर रोहिल बंसल तथा यस यस बी 48 के कमांडर सोमलाल तथा यस यस बी 51 के कमांडर चैन सिंह एवं यस यस बी बी बी एन के कमांडर वेद प्रकाश सहित उपनिरीक्षक श्याम लाल के साथ हलिया पुलिस व पैरामिलिट्री के जवानों ने पहुंचकर लोगों को निष्पक्ष मतदान के सुरक्षा का एहसास दिलाया। जवानों तथा पुलिसकर्मियों के नेतृत्व में क्षेत्र में रूटमार्च किया। थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर भयमुक्त वातावरण बनाने के लिए जवानों संग क्षेत्र के विभिन्न गांवों में रूटमार्च किया गया है। लोगों से भयमुक्त मतदान करने के लिए रोड मार्च किया जा रहा है यह अभियान चुनाव पुर्व तक चलता रहेगा।

### मधुमक्खी के हमले में दो दर्जन दर्शनार्थी घायल

**मड़िहान।** विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत रामपुर रिक्शा में स्थित प्राचीन गणेश मंदिर प्रांगण में स्थित विशालकाय पीपल के पेड़ में बड़ी मधुमक्खियों (डड़ेह) का छत्ता है जहां गुण घी हवनादि होने पर आए दिन इनके आक्रमण से भक्त घायल हो रहे है। बुधवार को गणेश जी के दरबार में सैकड़ो लोग थे। उसी समय इनका आक्रमण हो गया और दो दर्जन लोग घायल हो गए और भगदड़ मच गयी। भक्तों ने खतरनाक मधुमक्खियों को हटाने की गुजारिश की है।

### विद्युत पोल से टकराकर बाइक सवार घायल

**मड़िहान।** सन्तनगर थाना क्षेत्र के बोदा खुर्द निवासी 45 वर्षीय शिव प्रसाद का पैर बॉइक पोल से लड़ने के चलते टूट गया। बताया जाता है कि शिव प्रसाद कोल बुधवार को अपनी बिटिया का तिलक लेकर बनकी बद्री कोल के घर आए थे। साथ के लोगों ने शराब पीने की इच्छा जाहिर की तो गांव के ही विजय कुमार के साथ बाइक से दीपनगर आए जहां से शराब खरीद कर बनकी तिलकोत्सव में जा रहे थे कि सिरसी रोड के गौशाला मोड़ पर बाइक घूम नही पाई जिसके चलते विद्युत पोल से टकरा गई। बॉइकर तो बाल बाल बच गया किन्तु पीछे सवार शिव प्रसाद का एक पैर टूट गया। राहगीरों की सूचना पर थानाध्यक्ष संतनगर कमल टावरी द्वारा पीएचसी पटेहरा लाया गया जहां प्राथमिक उपचार कर मण्डलीय अस्पताल रेफर किया।

# टैंकर से पेयजल आपूर्ति के दौरान ग्रामीणों से वसूला जा रहा शुल्क

**आरोप**

**ग्रामीणों में व्याप्त है आक्रोश**

**जनसंदेश न्यूज**

**कलवारी।** विकासखंड राजगढ़ के ग्राम सभा गोरथरा में पेयजल किल्लत चरम पर है। राजगढ़ ब्लाक अधिकतर ग्राम सभा धुरकर, दरबान, खुटारी, कलवारी, सेमरा बरसों, दारानगर पेयजल किल्लत बनी है। पेयजल किल्लत को दूर करने के लिए हर ग्राम सभा में पेयजल मुहैया कराने के लिए टैंकर लगाया गया लेकिन गोरथरा ग्राम सभा के सुदुर पुरवा में पेयजल पहुंचाने के लिए लगायें गये टैंकर चालक के द्वारा सुविधा शुल्क वसूला जा रहा है। मनोज, कमलेश व बुटाऊ ग्रामीण ने सुविधा शुल्क लेने का आरोप लगाया।

टैंकर से पानी लेने में असमर्थता जताई। गांव के ही अरविंद कुमार सिंह के बोरिंग से करीब 1-2 किलोमीटर की दूरी तय करके पेयजल भरकर ले जाने के जुगाड़ में लग गये। क्षेत्र पिछड़ा होने के नाते ग्रामीणों के पास साइकिल न होने पर सिर पर ही बाल्टी में पानी भरकर ढोन्ने के लिए मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामसभा में लगे सरकारी टैंकर के द्वारा पानी के बदले पैसा वसूला जा रहा है, जिससे तंग आकर हम ग्रामीणों ने ठेले और साइकिल से पानी ढोने पर विवश हैं। जनता ने जहां ग्राम प्रधान के चुनाव में पुनीता देवी पत्नी अवध बिहारी पनिका को गांव का सरपंच बनाया वहीं सरपंच जनता को चूस रही है। जिस पर ब्लॉक के नोडल अधिकारी चुप्पी साधे हैं। ग्राम सभा में आवास, शौचालय के नाम पर लूट मची हुई है। सेक्रेटरी विजय कुमार क्षेत्र में निर्धारित शेड्यूल पर आते ही नहीं है केवल किसी कार्य के पूर्ण होने पर डोंगल लगाने व कमिशन लेने के लिए ही आते हैं। इन्हें गांव के विकास कार्यों से कोई लेना देना नहीं है।

ब्लॉक अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में पेयजल की किल्लत को देखते हुए नामित नोडल अधिकारी एडीओ कोआपरेटिव राज कपूर ने बताया कि पानी के बदले ग्रामीणों से किसी भी प्रकार का शुल्क लिया जा रहा है तो संबंधित ग्राम प्रधान के खिलाफ जांच कर कार्यवाही की जाएगी। क्षेत्र में पेयजल की किल्लत को देखते हुए टैंकर के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने की रणनीति बनाई गई है। इस सम्बंध में गोरथरा प्रधानपति अवध बिहारी से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि मेरी जानकारी में नही आया है और टैंकर चालक द्वारा कुछ वसूली की गयी है तो गलत है।

# स्पोर्ट्स

### टैटी कैस्टेलानोस के की मदद से गिरोना ने रियाल मैड्रिड को हराया

मैड्रिड। टैटी कैस्टेलानोस के चार गोल की मदद से गिरोना ने रियाल मैड्रिड हो 4-2 से पराजित करके बार्सिलोना की स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा का खिताब जीतने की उम्मीदों को पंख लगा दिए। अर्जेंटीना के 24 वर्षीय खिलाड़ी कैस्टेलानोस ने दोनों हाफ में दो-दो गोल किए। उन्होंने 12वें, 24वें, 46वें और 62वें मिनट में गोल किए और दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। रियाल मैड्रिड की तरफ से वीनीसीयस जूनियर और लुकास वाजेज ने गोल किए लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाए। रियाल मैड्रिड के अब 31 मैचों में 65 अंक हैं और वह पहले की तरह दूसरे स्थान पर है। बार्सिलोना उससे 11 अंक आगे है लेकिन उसने अपने इस चिर प्रतिद्वंदी से एक मैच कम खेला है। अन्य मैचों में पांचवें स्थान पर काबिज रियल बेटिस ने चौथे स्थान की टीम रियाल सोसिडाड के साथ गोल रहित ड्रा खेला जबकि ओसासुना ने कैडिज को 1-0 से हराया।



# चेन्नई सुपर किंग्स का प्लेऑफ की ओर कदम राजस्थान रॉयल्स के लिए जीतना आसान नहीं होगा

## लगातार तीन जीत से उत्साह से ओतप्रोत महेंद्र सिंह धोनी की टीम से पार पाना उसके लिए आसान नहीं होगा



**जयपुर।** पिछले दो मैचों में हार से पस्त राजस्थान रॉयल्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में गुरुवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ वापसी करने की उम्मीद से मैदान पर उतरेगा लेकिन लगातार तीन जीत से उत्साह से ओतप्रोत महेंद्र सिंह धोनी की टीम से पार पाना उसके लिए आसान नहीं होगा। रुतुराज गायकवाड़, डेवोन कॉनवे, अजिंक्य रहाणे और शिवम दुबे की शानदार बल्लेबाजी से चेन्नई ने पिछले तीन मैचों में आसान जीत दर्ज की। ऐसे में इस मैच में चेन्नई के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों और राजस्थान के विश्वस्तरीय स्पिनरों के बीच रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है। कॉनवे ने इस सत्र में अभी तक शानदार बल्लेबाजी करके सात मैचों में 314 रन बनाए हैं जबकि अजिंक्य रहाणे के आक्रामक तेवर सभी टीमों पर भारी पड़ रहे हैं। उन्होंने रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ केवल 29 गेंदों पर नाबाद 71 रन की तेजतर्रार पारी खेली थी। रहाणे अभी तक पांच मैचों में 209 रन बना चुके हैं और उनका स्ट्राइक रेट 199.04 है। रॉयल्स के लिए यह राहत की बात है कि उसने इस सत्र में चेन्नई के खिलाफ पिछला मैच जीता था। उस मैच में भी धोनी ने एक समय चेन्नई को जीत के करीब पहुंचा दिया था लेकिन आखिर में उनकी टीम को घरेलू दर्शकों के सामने तीन रन से हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन तब से लेकर चीजें काफी बदल चुकी हैं तथा चेन्नई पांच जीत से 10 अंक लेकर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच चुका है। सवाई मानसिंह स्टेडियम में गुरुवार को होने वाले मैच में जीत से उसने प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाओं को मजबूती मिलेगी। इसके लिए वहां राजस्थान को उसके घरेलू मैदान पर हराने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। लगातार दो मैचों में हार से राजस्थान अपनी टीम का अभियान वापस पटरी पर लाने के लिए बेताब होगा और चेन्नई की मजबूत टीम के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेगा। यदि राजस्थान को चेन्नई को हराना है तो उसके चोटी के बल्लेबाजों जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पिच से स्पिनरों को मदद मिलने की उम्मीद है और ऐसे में राजस्थान के स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी। राजस्थान रॉयल्स भले ही अपने घरेलू मैदान पर खेल रहा होगा लेकिन इस बात की पूरी संभावना है कि दर्शकों से धोनी को अपार समर्थन मिलेगा जैसे कि कुछ दिन पहले कोलकाता में हुआ था। माना जा रहा है कि धोनी अंतिम बार आईपीएल में खेल रहे हैं।

***टीम इस प्रकार हैं***

**चेन्नई सुपर किंग्सः** महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान और विकेटकीपर), डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़, अंबाती रायडू, मोइन अली, बेन स्टोक्स, रवींद्र जडेजा, अजिंक्य रहाणे, सिसंडा मगाला, शिवम दुबे, ड्वेन प्रिटोरियस, अहय मंडल, निशांत सिंधु, राजवर्धन हैंगरगेकर, मिचेल सेंटनर, सुभांशु सेनापति, सिमरजीत सिंह, मथीसा पथिराना, महेश तीक्ष्णा , भगत वर्मा, प्रशांत सोलंकी, शेख रशीद, तुषार देशपांडे।

**राजस्थान रॉयल्सः** संजू सैमसन (कप्तान), अब्दुल बसिथ, मुरुगन अश्विन, रविचंद्रन अश्विन, केएम आसिफ, ट्रेंट बोल्ट, जोस बटलर, केसी करियप्पा, युजवेंद्र चहल, डोनोवन फरेरा, शिमरोन हेटमेयर, जेसन होल्डर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, ओबेड मैककॉय , देवदत्त पडिक्कल, रियान पराग, कुणाल सिंह राठौर, जो रूट, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आकाश वशिष्ठ, कुलदीप यादव, एडम जम्पा। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

## अक्टूबर में होने वाले राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करेंगे पीएम नरेंद्र मोदी



**पणजी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बुधवार को कहा कि राज्य में अक्टूबर 2023 में होने वाले राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। सावंत इन खेलों की तैयारियों के संबंध में भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा के साथ बैठक करने के बाद संवाददाताओं से बात कर रहे थे। गोवा के खेल मंत्री गोविंद गौड़े ने भी बैठक में हिस्सा लिया। सावंत ने कहा, राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन समारोह 23 या 24 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। यह प्रधानमंत्री के कार्यक्रम पर निर्भर करेगा। उन्होंने इसके साथ ही बताया कि खेल 10 नवंबर तक आयोजित किए जाएंगे। खेलों का उद्घाटन समारोह दक्षिण गोवा के फतोर्डा में स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। आईओए प्रमुख उषा ने कहा कि गोवा राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए तैयार है। खेल मंत्री गौड़े ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों के लिए कुल 38 खेलों की पहचान की गई है तथा सभी मैच स्थल तैयार हैं। उन्होंने बताया कि आईओए की तकनीकी टीम ने स्थलों का निरीक्षण किया और एक अन्य टीम 27 अप्रैल को राज्य का दौरा करेगी।

# मार्क चैपमैन और इफ्तिखार अहमद कैरियर की सर्वोच्च रैंकिंग पर

## सूर्यकुमार यादव रैंकिंग में शीर्ष पर



दुबई। न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन और पाकिस्तान के इफ्तिखार अहमद पांच मैचों की श्रृंखला खत्म होने के बाद आईसीसी टी20 पुरूषों की रैंकिंग में कैरियर की सर्वोच्च पायदान पर पहुंच गए। सूर्यकुमार यादव रैंकिंग में शीर्ष पर हैं और शीर्ष दस में अकेले भारतीय हैं। श्रृंखला में सर्वाधिक 290 रन बनाने वाले चैपमैन ने 48 पायदान की छलांग लगाकर 35वें स्थान पर कब्जा किया।

इससे पहले वह फरवरी 2018 में 54वें स्थान पर पहुंचे थे। वहीं आखिरी मैच में 36 रन बनाने वाले इफ्तिखार छह पायदान चढकर 38वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

मोहम्मद रिजवान दूसरे और बाबर आजम तीसरे स्थान पर हैं। इफ्तिखार इससे पहले पिछले साल नवंबर में 43वें स्थान पर पहुंचे थे। न्यूजीलैंड के चाड बोवेस 82 पायदान चढकर 118वें स्थान पर हैं जबकि ईश सोढी गेंदबाजी में 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के हरफनमौला इमाद वसीम बल्लेबाजों की रैंकिंग में 15 पायदान चढकर 127वें स्थान पर हैं जबकि गेंदबाजों की रैंकिंग में 120 पायदान ऊपर 93वें स्थान पर पहुंच गए हैं । हरफनमौलाओं की रैंकिंग में वह 44 पायदान चढकर 24वें स्थान पर हैं।

## महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों पर प्राथमिकी से पहले प्रारंभिक जांच की जरूरत : सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ सात महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों पर प्राथमिकी दर्ज करने से पहले प्रारंभिक जांच की जरूरत है। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा की पीठ को दिल्ली पुलिस की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि अगर शीर्ष अदालत को लगता है कि सीधे प्राथमिकी दर्ज की जानी है तो ऐसा किया जा सकता है। मेहता ने कहा, हालांकि पुलिस को लगता है कि प्राथमिकी दर्ज करने से पहले कुछ पहलुओं की प्रारंभिक जांच किए जाने की जरूरत है।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, सॉलिसिटर आप जानते हैं, हम दूसरे पक्ष को सुने बिना और जब तक हमारे पास कुछ तथ्य न हों, कुछ नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि आप जो भी बात है उसे शुक्रवार को अदालत के समक्ष रखें। मेहता ने कहा कि ऐसी धारणा कायम न होने दें कि अदालत के कहने के बावजूद प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई। पीठ ने मेहता की दलीलों का संज्ञान लिया और कहा कि दिल्ली पुलिस 28 अप्रैल को पहलवानों की याचिका पर सुनवाई के दौरान प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर अपने विचार रख सकती है। पहलवानों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि वह मामले पर कुछ अतिरिक्त सामग्री दाखिल करेंगे। शीर्ष अदालत ने सात महिला पहलवानों की याचिका पर मंगलवार को दिल्ली पुलिस और अन्य को नोटिस जारी किया था। न्यायालय ने महिला पहलवानों द्वारा लगाये गये यौन उत्पीड़न के आरोपों को गंभीर बताते हुए कहा था कि इस पर उसे (न्यायालय को) विचार करने की जरूरत है। पहलवानों ने दावा किया कि सिंह तथा उनके करीबी सहयोगियों द्वारा कई मौकों पर यौन, भावनात्मक, मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न किए जाने के बाद उन्होंने (पहलवानों ने) इस तरह के कृत्य के खिलाफ अपनी आवाज उठाने की हिम्मत जुटाई और आरोपियों के खिलाफ उपयुक्त कार्रवाई की मांग करते हुए जंतर मंतर पर धरने पर बैठ गईं। कई राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता पहलवान सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच करने वाली समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की सरकार से मांग करते हुए यहां जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे हैं। पहलवानों ने मंगलवार को कहा था कि सिंह को गिरफ्तार करने तक वे जंतर-मंतर से नहीं जाएंगे। सिंह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद भी हैं।

# एशियाई खेलों की तैयारियों के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी भारतीय महिला हॉकी टीम



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम चीन के हांगझू में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारियों के सिलसिले में पांच मैचों की श्रृंखला खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। भारतीय टीम का यह दौरा 18 मई को शुरू होकर 27 मई को समाप्त होगा। भारतीय टीम पहले तीन मैचों में ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय टीम का सामना करेगी जबकि अंतिम दो मैच ऑस्ट्रेलिया ए टीम से खेलेगी। सभी मैच एडिलेड में खेले जाएंगे। भारत अपना पहला मैच 18 मई को ऑस्ट्रेलिया से खेलेगा जबकि इसके बाद अगले दो मैच 20 और 21 मई को खेले जाएंगे। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया ए से 25 और 27 मई को मैच खेलेगी। ऑस्ट्रेलियाई महिला हॉकी टीम अभी विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर है जबकि भारतीय टीम आठवें स्थान पर है। भारतीय टीम का यह दौरा एशियाई खेलों की तैयारी के सिलसिले में आयोजित किया जाएगा जिनका आयोजन इस साल सितंबर अक्टूबर में होना है। भारतीय कोच यानेके शोपमैन ने इस दौरे के बारे में कहा, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी धरती पर खेलने से हमें यह आकलन करने में मदद मिलेगी कि हम दुनिया की चोटी की महिला टीमों के सामने किस स्थिति में हैं। उन्होंने कहा, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह श्रृंखला चीन में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारियों को देखते हुए बेहद महत्वपूर्ण होगी क्योंकि इससे हमें यह पता करने में मदद मिलेगी कि हमें किन विभागों में सुधार और बदलाव करने की जरूरत है। इसलिए यह श्रृंखला हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण होगी।

भारत ने पिछले साल दिसंबर में एफआईएच महिला नेशंस कप में मेजबान स्पेन को हराकर खिताब जीता था और वह इस प्रदर्शन से प्रेरणा लेकर बढ़े मनोबल के साथ ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगा। भारतीय टीम अभी बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) परिसर में अभ्यास शिविर में भाग ले रही है।

# 'रोहित शर्मा को आईपीएल से थोड़े समय के लिए विश्राम लेना चाहिए', गावस्कर ने भारतीय कप्तान को दी सलाह



**नई दिल्ली।** अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि मुंबई इंडियंस और भारत के कप्तान रोहित शर्मा को मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से थोड़े समय के लिए विश्राम लेना चाहिए ताकि वह जून में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए खुद को तरोताजा रख सकें। गावस्कर ने कहा कि रोहित मुंबई इंडियंस के आईपीएल अभियान के दौरान आखिरी तीन चार मैचों में वापसी कर सकते हैं ताकि वह डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए लय में रहें। डब्ल्यूटीसी फाइनल सात जून से लंदन के ओवल में शुरू होगा जबकि आईपीएल का फाइनल 28 मई को खेला जाएगा। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल में अभी तक सात मैच खेले हैं और रोहित को बल्लेबाजी में मिश्रित सफलता मिली है। उन्होंने आईपीएल में अब तक 181 रन बनाए हैं जिसमें एक अर्धशतक शामिल है। उनका औसत 25.86 और स्ट्राइक रेट 135.07 है। क्रिकइंफो के अनुसार गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मैं इमानदारी से यह कहना चाहूंगा कि रोहित को कुछ समय के लिए विश्राम लेना चाहिए और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए खुद को फिट रखना चाहिए। वह आखिर के कुछ मैचों के लिए वापसी कर सकते हैं लेकिन अभी उन्हें खुद को कुछ समय के लिए विश्राम देना चाहिए। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि इस स्तर पर उन्हें थोड़ा विश्राम की जरूरत है। वह आखिर के तीन या चार मैचों के लिए वापसी कर सकते हैं ताकि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए उनकी लय बनी रहे। गावस्कर ने कहा कि हो सकता है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के महत्व को देखते हुए रोहित उसके बारे में सोचने लग गए होंगे। उन्होंने कहा, अभी मैं मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी क्रम में कुछ बदलाव देखना चाहूंगा। वह (रोहित) थोड़ा चिंतित नजर आ रहा है। हो सकता है कि इस स्तर पर वह डब्ल्यूटीसी (फाइनल) के बारे में सोच रहा हो, मैं नहीं जानता। मुंबई इंडियंस की टीम अभी तक साम मैचों में तीन जीत से सातवें स्थान पर काबिज है और गावस्कर का मानना है कि कोई चमत्कार ही उसे प्लेऑफ में जगह दिला सकता है। उन्होंने कहा, अभी वे जिस स्थिति में है वैसे में अगर वे प्लेऑफ में जगह बनाते हैं तो यह चमत्कार होगा। वे नंबर चार पर रह सकते हैं लेकिन उन्हें बल्लेबाजी और गेंदबाजी में असाधारण प्रदर्शन करना होगा।

## स्पेन के दौरे पर भारतीय टीम, अभ्यास मैच में मैड्रिड के लेगानेस अंडर-18 क्लब से 0-2 हारी



**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-17 फुटबाल टीम को स्पेन दौरे के अपने दूसरे अभ्यास मैच में मैड्रिड के लेगानेस अंडर-18 क्लब से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की अंडर-17 टीम इस साल जून-जुलाई में होने वाले एएफसी अंडर-17 एशियाई कप तैयारियों के सिलसिले में अभी स्पेन के दौरे पर है। भारतीय टीम ने इससे पहले पिछले सप्ताह एटलेटिको डी मैड्रिड अंडर-17 के खिलाफ अभ्यास मैच में 4-1 से जीत हासिल की थी। भारतीय टीम ने लेगानेस के खिलाफ सकारात्मक शुरूआत की और खेल शुरू होते ही आक्रामक रवैया अपनाया। भारत के पास चौथे मिनट में ही गोल करने का मौका था लेकिन तब डैनी मेइती लैशराम के क्रॉस पर लगाया गया शाश्वत पवार का शॉट विरोधी टीम के गोलकीपर ने रोक दिया। मैच आगे बढ़ने के साथ भारतीय खिलाड़ियों ने खेल पर नियंत्रण बनाए रखने की अच्छी कोशिश की लेकिन स्पेन के क्लब में 35वें मिनट में जवाबी हमला करके पहला गोल दाग दिया। उसकी तरफ से यह गोल प्रिसो ने किया। एक गोल से पिछड़ने के बावजूद भारतीय टीम ने हौसला नहीं खोया और आक्रामक खेल जारी रखा। दूसरे हाफ में हालांकि स्पेनिश टीम ने हमलावर तेवर अपनाए जिसका उसे 68वें मिनट में फायदा मिला जब गोंजालो ने उसकी तरफ से दूसरा गोल किया।

# कठिन परिस्थिति में भारत में कुछ नया करने का साहस है: मोदी

## सोमनाथ में बोले-हमें देश को आगे लेकर जाना है, लेकिन रास्ते में तोड़ने वाली ताकतें भी मिलेंगी, भटकाने वाले लोग भी मिलेंगे

**सोमनाथ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि सबसे कठिन परिस्थितियों में भी भारत में कुछ नया करने का साहस है। उन्होंने कहा कि देश 2047 तक विकसित भारत बनने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है लेकिन कुछ ताकतें ऐसी भी हैं जो रास्ते से भटकाने की कोशिश करेंगी। सौराष्ट्र तमिल संगमम के समापन समारोह को डिजिटल तरीके से संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारत विविधता को विशेषता के रूप में जीने वाला देश है और ये विविधता हमें बांटती नहीं, बल्कि हमारे बंधन को मजबूत बनाती है। एक सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया कि यह कार्यक्रम एक भारत- श्रेष्ठ भारत की भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री की सोच को आगे बढ़ाता है और यह सौराष्ट्र के तमिलों को अपनी



जड़ों के साथ फिर से जुड़ने का एक अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा आज हमारे पास 2047 के भारत का लक्ष्य है। हमारे सामने गुलामी और उसके बाद सात दशकों के कालखंड की चुनौतियां भी हैं। हमें देश को आगे लेकर जाना है, लेकिन रास्ते में तोड़ने वाली ताकतें भी मिलेंगी, भटकाने वाले लोग भी मिलेंगे। लेकिन, भारत कठिन से कठिन हालातों में भी कुछ नया करने की ताकत रखता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सौराष्ट्र और तमिलनाडु का साझा इतिहास यह भरोसा भी देता है। उन्होंने कहा कि इस साझा सांस्कृतिक विरासत को आगे ले जाकर भारत को राष्ट्र निर्माण की दिशा में आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा, भारत विविधता को विशेषता के रूप में जीने वाला देश है। हम अलग-अलग भाषाओं और बोलियों को, अलग-अलग कलाओं और विधाओं को जीते हैं। हमारी आस्था से लेकर हमारे अध्यात्म तक, हर जगह विविधता है। उन्होंने कहा, ये विविधता हमें बांटती नहीं, बल्कि हमारे बंधन को, हमारे संबंधों को मजबूत बनाती है। क्योंकि हम जानते हैं, अलग-अलग धाराएं जब एक साथ आती हैं तो संगम का सृजन होता है। इसलिए, हम नदियों के संगम से लेकर कुम्भ जैसे आयोजनों में विचारों के संगम तक, इन परंपराओं को सदियों से पोषित करते आए हैं। मोदी ने कहा कि यही संगम की शक्ति है, जिसे सौराष्ट्र तमिल संगमम आज एक नए स्वरूप में आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा, आज जब देश की एकता ऐसे महापर्वों के रूप में आकार ले रही है, तो सरदार पटेल हमें जरूर आशीर्वाद दे रहे होंगे। ये देश के उन हजारों-लाखों स्वतन्त्रता सेनानियों के सपनों की भी पूर्ति है, जिन्होंने अपना बलिदान देकर 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' का सपना देखा था। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर विरासत पर गर्व के पंच प्राण के अपने आह्वान का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अपनी विरासत पर गर्व तब औ? बढ़ेगा, ह्यजब हम उसे जानेंगे, गुलामी की मानसिकता से मुक्त होकर अपने आपको जानने की कोशिश करेंगेह्न। उन्होंने कहा कि काशी तमिल संगमम हो या सौराष्ट्र तमिल संगमम, ये आयोजन इसके लिए एक प्रभावी अभियान बन रहा है। मोदी ने कहा कि गुजरात और तमिलनाडु के बीच कितना कुछ है जिसे जान-बूझकर जानकारी से बाहर रखा गया। मोदी ने सोमनाथ मंदिर पर विदेशी आक्रांताओं के हमले का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय बड़ी संख्या में लोग अपनी आस्था और पहचान की रक्षा के लिए सौराष्ट्र से तमिलनाडु चले गए और तमिलनाडु के लोगों ने उनका खुले दिल से, परिवारभाव से स्वागत किया। उन्होंने कहा, एक भारत, श्रेष्ठ भारत का इससे बड़ा और बुलंद उदाहरण और क्या हो सकता है? *एजेंसी*

### कैब चालक की गंदी बात: शाहीनबाग में पहली की छात्रा से अश्लील हरकत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहीनबाग इलाके में स्कूल कैब चालक पहली कक्षा की छात्रा के साथ गंदी बातें कर रहा था। वह पिछले एक साल से छात्रा के साथ शारीरिक छेड़छाड़ कर रहा था। आरोपी छात्रा की यूनिफॉर्म को उतार देता था। दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस उपायुक्त राजेश देव के बताया कि छात्रा के परिजनों की शिकायत पर मामला दर्जकर आरोपी कैब चालक मोहम्मद अजहर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने बताया कि मासूम छात्रा डिफेंस कॉलोनी स्थित एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ती है। वह छात्रा को सुबह स्कूल ले जाता और फिर स्कूल से घर छोड़ता था। आरोप है कि जैतपुर निवासी अजहर कैब में मासूम के साथ अश्लील हरकतें कर रहा था। वह छात्रा के शरीर को गलत नीयत से छूता था। मासूम आरोपी की ऐसी हरकत से काफी डरी हुई थी। उसने परिजनों को ये बात बताई तो घरवाले दंग रह गए। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो की धाराओं के तहत मामला दर्जकर आरोपी मो. अजहर को गिरफ्तार कर लिया।

## 'द केरल स्टोरी' में अदा शर्मा लीड रोल में, ट्रेलर रिलीज हुआ



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री अदा शर्मा की आने वाली फिल्म द केरल स्टोरी का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। 'द केरल स्टोरी' में अदा शर्मा लीड रोल में हैं, जो हिंदू परिवार की शालिनी उन्नीकृष्णन का रोल प्ले कर रही हैं। जिनके बाद में फातिमा बनने के सफर को दिखाया गया है। ट्रेलर में देखा जा सकता है कि अदा शर्मा जो शालिनी उन्नीकृष्णनन बनी हैं वो एक नर्स बनकर लोगों की सेवा करना चाहती थी। लेकिन अब वो फातिमा बा और एक आईएसआईएस टेरर बन गई है, जो अफगानिस्तान जेल में बंद है। उसकी तरह ही 32000 लड़कियां इसकी शिकार हुई है। सभी को किडनैप कर उनका धर्म परिवर्तन कराया गया है। फिल्म 'द केरल स्टोरी' का निर्देशन सुदीप्तो सेन ने किया है और प्रोड्यूस विपुल अमृतलाल शाह ने किया है। यह फिल्म 05 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### खास खबर

#### बिजनौर : गुलदार के हमले में युवक की मौत,12 घंटे में ले चुका दो की जान

**बिजनौर।** सैदपुरी महीचंद गांव में बुधवार सुबह मंदिर जा रहे युवक पर घात लगाए बैठे गुलदार ने हमला कर दिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। क्षेत्र में 12 घंटे के भीतर गुलदार के हमले से यह दूसरी मौत है। इससे पहले मंगलवार रात मौजा महसनपुर गांव में गुलदार बच्ची को घर से उठाकर ले गया था। बच्ची खेत में मृत मिली थी। गुलदार के बढ़ते हमलों से लोगों में दहशत है। वहीं सूचना के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम को ग्रामीणों का विरोध झेलना पड़ा। उन्होंने गांव में पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग की है। थाना क्षेत्र के सैदपुरी महीचंद गांव निवासी युधिष्ठिर का पुत्र राहुल (26) बुधवार सुबह पांच बजे मंदिर जा रहा था। रास्ते में बैठे गुलदार ने उस पर हमला कर दिया। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ,वन विभाग की टीम और परिजन मौके पर पहुंचे।

#### खान सौलत हनीफ को रिमांड पर लेगी पुलिस, करेगी पूछताछ

**प्रयागराज।** उमेश पाल मर्डर के पहले उसके अपहरण किये जाने के मामले में आरोपी बनाये गए अतीक अहमद के करीबी खान सौलत हनीफ को पुलिस जल्द ही रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। बता दें कि उमेशपाल की हत्या से पहले राजूपाल हत्याकांड की गवाही पलटने के मामले में अतीक अहमद और उसके साथियों ने उमेशपाल का अपहरण कर लिया था। जिस मामले में अतीक अहमद और उसके करीबी सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किये गया था। अतीक अहमद और उसके सहयोगियों में खान सौलत हनीफ को भी कोर्ट ने सजा सुनाई थी। जिसके बाद पुलिस ने सौलत को जेल भेज दिया था। हाल ही में अतीक अहमद और अशरफ की हत्या कर दी गई थी। उमेशपाल अपहरण के मामले में अब पुलिस खान सौलत हनीफ को भी रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। जल्द ही पुलिस उसे कोर्ट में पेश कर रिमांड की अर्जी दाखिल कर दी है।

## सिसोदिया की जमानत पर सस्पेंस बरकरार

### ईडी मामले में कोर्ट ने टाला निर्णय



**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति केस में गिरफ्तार पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में मनीष सिसोदिया की जमानत पर निर्णय टाल दिया है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने 28 अप्रैल तक सिसोदिया की जमानत याचिका पर फैसला टाल दिया है। इससे पहले 18 अप्रैल (मंगलवार) को मामले की सुनवाई में अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल 26 अप्रैल को फैसला सुनना था। आज की सुनवाई में अदालत ने फैसला टाल दिया है। सिसोदिया फिलहाल सीबीआई और ईडी द्वारा दर्ज मामलों में न्यायिक हिरासत में हैं। उन्हें सीबीआई मामले में विशेष न्यायाधीश ने 31 मार्च को जमानत देने से इनकार कर दिया था। उनकी जमानत याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित है और इस पर 20 अप्रैल को सुनवाई होगी। सिसोदिया को ईडी की हिरासत में भेजते हुए अदालत ने कहा था कि आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में सिसोदिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनकी गिरफ्तारी उचित है। ईडी ने आरोप लगाया है कि कुछ निजी कंपनियों को 12% का थोक व्यापार लाभ देने की साजिश के तहत आबकारी नीति लागू की गई थी। एजेंसी ने यह भी कहा था कि एक साजिश थी जिसे थोक विक्रेताओं को असाधारण लाभ मार्जिन देने के लिए साउथ ग्रुप के साथ विजय नायर और अन्य व्यक्तियों द्वारा समन्वित किया गया था। यह तर्क दिया गया कि नायर दिल्ली के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री की ओर से कार्य कर रहे थे। सबूत नष्ट करने पर ईडी ने कहा है कि सिसोदिया ने 14 फोन नष्ट किए, जिनमें से केवल दो बरामद किए गए।

### अहमदाबाद की कोर्ट में तेजस्वी यादव के खिलाफ याचिका, गुजरात के लोगों को ठग बताने का आरोप

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ गुजरात की एक कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। अहमदाबाद की मेट्रो कोर्ट में दायर याचिका में तेजस्वी पर कथित रूप से गुजरात के लोगों को ठग और धूर्त बताया था। याचिका में उनके खिलाफ सख्त से सख्त सजा देने की मांग की गई है। याचिका पर अगली सुनवाई एक मई को होगी। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो तेजस्वी ने पिछले महीने कहा था कि आज के हालात में देखा जाए तो सिर्फ गुजराती ही ठग हो सकते हैं। उनकी ठगी को माफ भी कर दिया जाएगा। एलआईसी का पैसा, बैंक का पैसा लेकर अगर फिर भाग जाएगा तो उसके लिए कौन जिम्मेदार होगा? बता दें कि लालू के परिवार पर सीबीआई के छापे से तेजस्वी काफी नाराज चल रहे हैं। परिवार के सदस्यों से सीबीआई ने पूछताछ भी की थी। इसे लेकर तेजस्वी समेत कई विपक्षी नेताओं ने केंद्र सरकार पर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया था। इसी दौरान तेजस्वी यादव ने कहा था कि इस देश में दो ठग हैं। आज के देश के हालात में देखा जाए तो सिर्फ गुजराती ही ठग हो सकते हैं।

# बीजेपी विधायक के उत्पीड़न से तंग आकर खुद को किया आग के हवाले

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ में बुधवार को सीएम आवास के पास एक युवक ने आग लगाकर आत्मदाह की कोशिश की है। हालांकि पुलिस ने तत्काल युवक पर कंबल डाल कर आग बुझा दी। उसके बाद झुलसे युवक को ले जाकर सिविल अस्पताल में भर्ती कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है। दरअसल, बुधवार को सीएम आवास के पास एक युवक पहुंचा और खुद को आग लगा ली, लेकिन जैसे ही युवक ने खुद को आग के हवाले किया। वहां अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने न सिर्फ आग बुझाई बल्कि युवक को सिविल अस्पताल में लाकर भर्ती कराया है। जिस युवक ने आत्मदाह का प्रयास किया है। उसका नाम आनंद मिश्रा बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। आत्मदाह की कोशिश करने वाला युवक उन्नाव का निवासी है। उसने बीजेपी विधायक बंबा लाल दिवाकर पर गंभीर आरोप लगाये हैं। पीड़ित का आरोप है कि विधायक उसका और उसके परिवार का उत्पीड़न कर रहे हैं, पुलिस भी सुनवाई नहीं कर रही है। एजेंसी

**आत्मदाह**

**सीएम योगी के आवास के पास युवक ने किया आत्मदाह का प्रयास, पुलिस ने बचाया, सिविल अस्पताल में भर्ती**



### सीने पर बंदूक रख सब लूट ले गए, सूडान से लौटे भारतीयों ने बयां किया अपना दर्द

**नई दिल्ली।** हिंसाग्रस्त सूडान में फंसे भारतीयों को निकालने का सिलसिला जारी है। भारतीय वायु सेना के दो परिवहन विमानों के जरिए सूडान से 250 भारतीयों को निकाला गया है। इससे पहले नौसेना के जहाज आईएनएस सुमेधा के माध्यम से इस हिंसाग्रस्त अफ्रीकी देश से 278 नागरिकों को निकाला गया था। सूडान से आने वाले भारतीय हिंसा की दिल दहला देने वाली घटनाओं की आपबीती सुना रहे हैं। भारतीयों ने बताया कि उनके सीने पर बंदूक रखकर उन्हें 8 घंटे तक बंधक बनाकर रखा गया। भारत लौटने वाले नागरिकों ने सूडान की भीषण स्थितियों के बारे में बताया है। एएनआई द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में, नागरिकों में से एक को सूडान में दंगों की स्थिति के बारे में बात करते हुए देखा जा सकता है। उनका कहना है कि भारत सरकार ने उन्हें जहाज से लाने की व्यवस्था की। उनका यह भी कहना है कि नागरिकों को भारतीय सेना ने खाना खिलाया। एक भारतीय नागरिक ने कहा कि सूडान में लड़ाई चरम स्तर पर है। उन्होंने कहा कि हिंसा ठीक उनके घरों के बाहर हो रही थी और उन्हें खाने तक के लिए संघर्ष करना पड़ रहा था। एक अन्य नागरिक ने कहा कि उन्होंने पिछले दो-तीन दिनों से खाना नहीं खाया था। एक अन्य नागरिक ने एएनआई से बात करते हुए कहा, ह्लसूडान में अर्धसैनिक बल (आरएसएफ) हमारी कंपनी के करीब थे। सुबह 9 बजे वे हमारी कंपनी में घुसे और फायरिंग शुरू कर दी और हमें लूट लिया। उन्होंने हमें आठ घंटे तक बंधक बनाकर रखा। उन्होंने अपनी बंदूकें हमारे सिर और सीने पर तान रखीं थीं और हमें लूटा। उन्होंने कंपनी में सब कुछ नष्ट कर दिया। उन्होंने फाइलों को भी नष्ट कर दिया और हमारे लैपटॉप और मोबाइल फोन चुरा लिए।

## फिर से आप की जीत

### शैली ओबरॉय एक बार फिर से मेयर व आले इकबाल डिप्टी मेयर चुने गए



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की शैली ओबरॉय एक बार फिर से दिल्ली की मेयर और आले मोहम्मद इकबाल डिप्टी मेयर चुने गए। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली नगर निगम की दूसरी बार मेयर बनने पर डॉ शैली ओबेरॉय को बधाई दी। उन्होंने ट्वीट कर कहा, इस बार निर्विरोध मेयर और डिप्टी मेयर बनने पर शैली और आले को बधाई। दोनों को शुभकामनाएं। लोगों को हमसे काफी उम्मीदें हैं।

उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए कड़ी मेहनत करें भाजपा प्रत्याशी शिखा राय के नाम वापस लेने के बाद आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार शैली ओबेरॉय फिर दिल्ली नगर निगम की मेयर निर्वाचित हुई। इसके अलावा डिप्टी मेयर पद के लिए भाजपा प्रत्याशी सोनी पांडेय के नामांकन वापस लेने के बाद आम आदमी पार्टी के आले मोहम्मद को निर्विरोध डिप्टी मेयर चुन लिया गया है।

मेयर चुनाव में जीत के बाद सुश्री शैली ओबेराय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर राजनीति से ऊपर उठकर काम करना है ताकि दिल्ली की जनता के लिए स्कूल, अस्पताल, सड़कों और पार्कों का काम पूरी निष्ठा के साथ कर सकें।

## बदली भाजपा, यूपी में उतारे 395 मुस्लिम कैंडिडेट

### नए एम वाई फैक्टर की चर्चा

**लखनऊ।** पीएम नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों पसमांदा मुसलमानों को साथ जोड़ने की सीख भाजपा को दी थी। अब उत्तर प्रदेश के निकाय चुनाव में पार्टी इस रणनीति पर अमल करती दिख रही है। भाजपा ने निकाय चुनाव में 395 मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट दिए हैं, जिनमें से ज्यादातर पसमांदा यानी पिछड़ी जातियों के हैं। यूपी में 4 और 11 मई को दो चरणों मतदान होना है। ऐसा पहली बार है, जब भाजपा ने इतनी बड़ी संख्या में मुस्लिम उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। अपने समर्थकों के साथ ये मुस्लिम उम्मीदवार यूपी में नए 'एमवाई फैक्टर की चर्चा कर रहे हैं। अब तक सपा के एमवाई फैक्टर की ही चर्चा होती थी, लेकिन अब भाजपा के पास भी यही दांव है। पहली बार भाजपा ने 'एमवाई फैक्टर' का जिक्र 2022 के विधानसभा चुनाव में किया था। भाजपा को रामपुर जैसी सीट पर जीत मिली थी, जिसके बाद से उसका



रुझान मुस्लिमों की ओर बढ़ा है। यही वजह है कि निकाय चुनाव में उसने प्रयोग करते हुए बड़ी संख्या में मुस्लिमों को टिकट दिए हैं। यदि यह प्रयोग सफल होता है तो कुछ राज्यों में भी भाजपा इस राह पर बढ़ सकती है। ऐसा हुआ तो यूपी में सपा, बसपा और बिहार में आरजेडी जैसे दलों के लिए नई चुनौती खड़ी होगी। दरअसल यूपी में दशकों तक एमवाई फैक्टर का अर्थ मुस्लिम यादव वोटबैंक से रहा है। लेकिन भाजपा के एमवाई का अर्थ मोदी-योगी की लोकप्रियता के फैक्टर से है। यूपी में मुस्लिमों के एक वर्ग का कहना है कि इन दोनों नेताओं ने मुश्किल वक्त में मुफ्त राशन दिया था। इसके अलावा सरकारी योजनाएं भी उन तक पहुंच रही हैं। बिजनौर के नगीना से भाजपा उम्मीदवार नुसरत जहां ने कहा कि हम लोगों को बता रहे हैं कि कैसे हमें आज तक सिर्फ वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया जाता रहा, लेकिन आज हमें इंसान समझा जा रहा है। यूपी के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि हमने बड़ी संख्या में कैंडिडेट उतारकर विपक्ष के उन आरोपों को जवाब दे दिया है. जो कहता है कि भाजपा मुस्लिमों को टिकट नहीं देती।

## सूरत में आप को लगी बीजेपी की नजर

### पार्षदों में जबरदस्त सेंध, एक साल में 27 में से 13 हुए भाजपाई



**सूरत।** गुजरात की डायमंड सिटी कहे जाने वाले सूरत शहर में आम आदमी पार्टी की चमक फीकी पड़ती हुई नजर आ रही है। महज दो साल पहले सूरत महानगरपालिका चुनाव में 27 पार्षद जीतकर पूरे प्रदेश में अपना प्रभाव दर्ज कराने वाली पार्टी का गढ़ सूरत अब ढहने की कगार पर आ गया है। पिछले सात दिनों में आम आदमी पार्टी के छह पार्षदों ने पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है। जबकि एक पार्षद को उसके बगावती तेवर के कारण पार्टी ने उसे बाहर का रास्ता दिखा दिया है। पिछले 14 माह में आप के 13 पार्षद पार्टी छोड़ चुके है। अब पार्टी के पास 27 में से महज 14 पार्षद ही बचे हैं। दरअसल, फरवरी 2021 के गुजरात के स्थानीय निकाय चुनावों में आप ने सूरत में 27 सीटें जीती थीं और 120 सदस्यीय निगम में भाजपा को 93 सीटें मिली थीं। वहीं कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला था, लेकिन बड़ी जीत के बाद भाजपा को मायूसी थी। इसके पीछे की दो वजहें थीं, पहली भाजपा के सबसे मजबूत गढ़ में आप की सेंधमारी और दूसरी कुछ वार्डों में भाजपा का सफाया, लेकिन आम आदमी पार्टी के 13 पार्षदों के पाला बदलने से अब भाजपा की सभी वार्ड में उपस्थिति हो गई है।

# कांग्रेस पर रक्षामंत्री का करारा प्रहार

## कांग्रेस ने सत्ता में आने के लिए मजहब का इस्तेमाल किया

**बेलगावी।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कांग्रेस पर कड़ा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि उसने सत्ता में आने के लिए ह्यमजहबह्न का इस्तेमाल किया। सिंह ने विपक्षी पार्टी को कर्नाटक की सत्ता में रहने के दौरान धार्मिक आधार पर चार प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था करने के लिए भी आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि यह केवल मुस्लिमों के तुष्टिकरण के लिए किया गया था। बेलगावी जिले के कागवाड़ में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा, भारत के इतिहास में अगर कोई पार्टी है जिसने सत्ता में आने के लिए ह्यधर्मह्न या कहें कि ह्यमजहबह्न का सहारा लिया है तो वह कांग्रेस है। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक विधानसभा के लिए 10 मई को मतदान होगा जबकि मतगणना 13 मई को कराई जाएगी। रक्षामंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस



हिंदू, मुस्लिम और ईसाई की राजनीति करती है। इस तरह की राजनीति कभी नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मुस्लिमों के तुष्टिकरण के लिए राज्य में धर्म के आधार पर चार प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई। सिंह ने कहा, अगर आर्थिक रूप से कमजोर मुस्लिमों और ईसाईयों को आरक्षण दिया जाता है तो हम उसका स्वागत करेंगे लेकिन भारतीय संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता। गौरतलब है कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने से महज कुछ दिन पहले ही राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने अन्य पिछड़ा वर्ग की 2बी श्रेणी के तहत मुस्लिमों के लिए की गई चार प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था समाप्त कर दी थी। बाद में सरकार ने इस चार प्रतिशत आरक्षण को दो हिस्सों में बांट कर राज्य के दो सबसे प्रभावशाली समुदायों को दे दिया था। सरकार ने वोक्कालिगा के आरक्षण में 2सी श्रेणी के तहत दो प्रतिशत की वृद्धि की है जबकि लिंगायत को 2डी श्रेणी के तहत दो प्रतिशत और आरक्षण देने का फैसला किया था। इसके बाद मुस्लिमों को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) में रखा गया था। सरकार के इस फैसले के खिलाफ कई मुस्लिम संगठनों ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया। न्यायालय ने कर्नाटक सरकार को आरक्षण समाप्त करने के फैसले को नौ मई तक लागू नहीं करने का निर्देश दिया है। सिंह ने कहा, भाजपा के चरित्र के बारे में कुछ भी छिपाने को नहीं है और पूरी दुनिया इस बारे में जानती है। उन्होंने दावा किया, भाजपा कभी जाति, नस्ल या धर्म के आधार पर भेदभाव में विश्वास नहीं करती। भाजपा ह्यइंसाफ और इंसानियतह्न में विश्वास करती है। रक्षामंत्री ने कहा कि भाजपा 12वीं सदी के कर्नाटक के समाज सुधारक बसावेश्वर के सिद्धांतों का अनुपालन करती है।उन्होंने कहा, भाजपा बसावेश्वर के सिद्धांतों का अनुपालन करते हुए भारत में अपनी भूमिका निभा रही है।

### हिजाब पहने महिला का औरंगाबाद में किया गया उत्पीड़न, हिरासत में लिए गए तीन लोग

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र के औरंगाबाद शहर में हिंदू समुदाय के एक व्यक्ति के साथ घूमने के संदेह में हिजाब पहनी महिला के कथित उत्पीड़न को लेकर पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना के सिलसिले में शहर के बेगमपुरा थाने में मामला दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। मकई गेट इलाके में सोमवार को हुई इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ युवक हिजाब पहनी एक महिला के साथ बदसलूकी कर रहे हैं और उसका मोबाइल फोन छीन रहे हैं। वीडियो में महिला को युवकों से उसका फोन लौटाने का अनुरोध करते देखा जा सकता है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने वीडियो के जरिए महिला की पहचान की और उससे शिकायत दायर करने को कहा, लेकिन उसने ऐसा करने से मना कर दिया।



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को चंडीगढ़ पहुंचकर पंजाब के पूर्व सीएम प्रकाश सिंह बादल को श्रद्धांजलि दी। मोदी चंडीगढ़ एयरपोर्ट से सीधे सेक्टर-28 स्थित शिरोमणि अकाली दल के कार्यालय पहुंचे। जहां दिवंगत बादल का पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन को रखा गया था। पीएम मोदी करीब 12:45 बजे शिअद कार्यालय पहुंचे और संगत के हुजूम के बीच उन्होंने बादल के पार्थिव शरीर को पुष्प अर्पित किए। पीएम मोदी सिख धर्म के नियमानुसार सिर पर केसरिया पटका बांधकर पहुंचे थे। वह करीब 10 मिनट तक शोक सभा में रहे और प्रकाश सिंह बादल को याद किया।**



**सेंसेक्स**
169.87 अंक मजबूत होकर 60,300.58 अंक पर बंद



**सोना**
80 रुपये की तेजी के साथ 60,660 रुपये प्रति 10 ग्राम हो

# ग्लोबल मार्केट में गिरावट के बावजूद घरेलू शेयर बाजार में तेजी

## सेंसेक्स 60,300 पर बंद, निफ्टी 17,800 के पार



**मुंबई।** वैश्विक बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों के बावजूद लगातार तीसरे दिन घरेलू शेयर बाजार में तेजी देखी गई। सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को कुछ चुनिंदा शेयरों में जोरदार लिवाली से शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुए। आज के कारोबार में सेंसेक्स 170 अंक मजबूत हुआ। वहीं, निफ्टी में 44 अंको की बढ़त दर्ज की गई। कारोबार के अंत में निफ्टी 17,813.60 पर बंद हुआ। बीएसइ के मिडकैप इंडेक्स में 0.27 फीसदी और स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.34 फीसदी की तेजी आई। 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 169.87 अंक यानी 0.28 फीसदी मजबूत होकर 60,300.58 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 60,362.79 की ऊंचाई तक गया और नीचे में 59,954.91 तक आया। वहीं, दूसरी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 44.35 अंक यानी 0.25 फीसदी की तेजी देखी गई। निफ्टी कारोबार के अंत में 17,813.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 17,827.75 की उंचाई तक गया और नीचे में 17,711.20 तक आया। आज के कारोबार में सेंसेक्स के शेयरों में 21 शेयर हरे निशान पर बंद हुए। पावर ग्रिड, इंडसइंड बैंक, लार्सन एंड टूब्रो, नेस्ले इंडिया और एचसीएल टेक सेंसेक्स के टॉप 5 गेनर्स रहे। सबसे ज्यादा मुनाफा पावर ग्रिड के शेयरों को हुआ। इसके शेयर करीब 2.49 फीसदी तक चढ़े। वहीं, दूसरी तरफ सेंसेक्स के शेयरों में 9 शेयर लाल निशान पर बंद हुए। बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, रिलायंस, कोटक बैंक और बजाज फाइनैंस सेंसेक्स के टॉप 5 लूजर्स रहे। सबसे ज्यादा नुकसान बजाज फिनसर्व के शेयरों को हुआ। इसके शेयर करीब 0.84 फीसदी तक गिर गए। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग चढ़कर बंद हुआ जबकि जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहे। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में नुकसान के साथ कारोबार कर रहे थे। एक दिन पहले अमेरिकी बाजारों में बड़ी गिरावट आई थी। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.17 फीसदी चढ़कर 80.91 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजारों से पूंजी की निकासी जारी रखी है। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी निवेशकों ने मंगलवार को 407.35 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 24 अंक टूटकर 17,745.25 अंक पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स में, टाटा स्टील, भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी नुकसान में रहे।

## एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज ने वित्तवर्ष 23 में राजस्व, शुद्ध लाभ में 22 फीसदी की वृद्धि दर्ज



**नई दिल्ली।** एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज लिमिटेड ने बुधवार को वित्तवर्ष 23 के लिए 22 फीसदी राजस्व वृद्धि 8,014 करोड़ रुपये दर्ज की। शुद्ध लाभ 1,170 करोड़ रुपये था, जो 22 फीसदी की वृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) भी था।वित्तवर्ष 23 की चौथी तिमाही के लिए प्योर-प्ले इंजीनियरिंग सर्विसेज कंपनी ने 2,096 करोड़ रुपये दर्ज किए, जो कि 19 प्रतिशत की वृद्धि के साथ, 309 करोड़ रुपये से अधिक के शुद्ध लाभ के साथ, 18 प्रतिशत की वृद्धि है। तिमाही के दौरान एलटीटीएस ने 4 करोड़ डॉलर का सौदा और 1 करोड़ डॉलर से अधिक कुल अनुबंध मूल्य (टीसीवी) सौदे जीते। एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज लिमिटेड के सीईओ और प्रबंध निदेशक अमित चड्ढा ने कहा, वित्तवर्ष 23 हमारे लिए एक ऐतिहासिक वर्ष था, क्योंकि हमने राजस्व रन रेट में एक अरब डॉलर और वार्षिक मुनाफे में 1,000 करोड़ रुपये को पार कर लिया था। एक मजबूत और टिकाऊ ऑपरेटिंग मॉडल के निर्माण पर एक मजबूत फोकस द्वारा संचालित हमारा ईबीआईटी मार्जिन अब तक का सबसे अधिक 18.5 प्रतिशत था। उन्होंने कहा कि स्थिर वृद्धि और बढ़ते ऑपरेटिंग मार्जिन के संयोजन से पिछले 5 वर्षों में मुनाफे में 18 प्रतिशत सीएजीआर की वृद्धि हुई है। वित्तवर्ष 23 की चौथी तिमाही के अंत में एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज का पेटेंट पोर्टफोलियो 1,090 था, जिसमें से 727 अपने ग्राहकों के साथ सह-लिखित हैं और बाकी एलटीटीएस द्वारा दायर किए गए हैं। कंपनी में इस समय 22,233 कर्मचारी हैं। एलटीटीएस के ग्राहक आधार में औद्योगिक उत्पादों, चिकित्सा उपकरणों, परिवहन, दूरसंचार और हाई-टेक और प्रक्रिया उद्योगों में 69 फॉर्च्यून 500 कंपनियां और दुनिया की शीर्ष ईआरएंडडी कंपनियों में से 57 शामिल हैं।

## मारुति ने चौथी तिमाही में कमाया 2,671 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया का कंसोलिडेट नेट प्रॉफिट मार्च में समाप्त बीते वित्त वर्ष (2022-23) की चौथी तिमाही में 42 प्रतिशत बढ़कर 2,671 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने कहा कि बिक्री में सुधार, प्राप्तियां बेहतर रहने और अनुकूल विदेशी मुद्रा विनिमय गतिविधियों से उसका मुनाफा बढ़ा है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2021-22 की मार्च तिमाही में 1,876 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट कमाया था। कंपनी की बीती तिमाही में नेट बिक्री 26,749 करोड़ से बढ़कर 32,060 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। एमएसआई का पूरे वित्त वर्ष 2022-23 में कंसोलिडेट नेट प्रॉफिट 8,211 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2021-22 में यह आंकड़ा 3,879 करोड़ रुपये रहा था।

वित्त वर्ष के दौरान कंपनी की नेट बिक्री भी 88,330 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,17,571 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। बीएसई पर कंपनी का शेयर 8,475 रुपये पर स्थिर रुख के साथ कारोबार कर रहा था।

## आपूर्ति से जुड़ी मौसमी समस्याओं से बढ़ी महंगाई सरकार की स्थिति पर लगातार नजर : सीतारमण



**कलबुर्गी।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि आपूर्ति से जुड़ी मौसमी समस्याओं के कारण महंगाई बढ़ी है और जरूरी सामान की कीमतों में नरमी लाने के प्रयासों के साथ उसपर लगातार नजर रखी जा रही है। सीतारमण ने ईंधन और प्राकृतिक गैस के दाम में कमी लाने के प्रयासों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि देश में इनका आयात किया जाता है और कोविड तथा रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण वैश्विक बाजारों में ईंधन के दाम ऊंचे हैं। उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, प्रधानमंत्री ने नवंबर, 2021 में स्वयं ईंधन पर लगने वाले उत्पाद शुल्क में कटौती का निर्देश हमें दिया था। इसके कारण दीपावली के दौरान इस बारे में घोषणा की गयी। उसके बाद जून, 2022 में फिर हमने उत्पाद शुल्क में कटौती की। इन सब कारणों से ईंधन के दाम में कुछ हद तक नरमी आई। महंगाई और उसे नीचे लाने के उपायों के बारे में पूछे गये सवालों के जवाब में वित्त मंत्री ने कहा, लेकिन जब हम ईंधन या प्राकृतिक गैस के बारे में बात करते हैं, हमें एक चीज समझने की जरूरत है। इन उत्पादों का आयात किया जाता है और खासकर कोविड महामारी तथा उसके बाद रूस-यूक्रेन युद्ध से कीमतें तेज हुई हैं और इसके बावजूद आयात जारी है। केंद्र के स्तर पर हमने इसके दाम में कमी लाने के लिये उत्पाद शुल्क में कटौती की है।

उन्होंने कहा कि मंत्रियों का समूह जरूरी सामान और उनकी कीमतों पर नजर रखता है। परिस्थिति के अनुसार अतिरिक्त स्टॉक जारी किया गया। जब चावल के दाम में तेजी आई, हमने बफर स्टॉक से चावल जारी किया। सीतारमण ने कहा, केंद्र सरकार कीमतों को नीचे लाने के लिये लगातार कदम उठा रही है। यही कारण है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति छह प्रतिशत से घटकर 5.8 प्रतिशत पर आई है। मौसमी स्तर पर आपूर्ति संबंधी समस्याओं के कारण महंगाई बढ़ी है, जिसपर लगातार नजर रखी जा रही है तथा उसे नीचे लाने के उपाय किये जा रहे हैं। उन्होंने पार्टी की आलोचना को लेकर कांग्रेस तथा उसके नेता सिद्धरमैया पर पलटवार भी किया।

सिद्धरमैया ने भाजपा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर उनके इस बयान के लिये निशाना साधा था कि 10 मई का विधानसभा चुनाव कर्नाटक का भविष्य नरेंद्र मोदी के हाथों में सौंपने को लेकर है। उन्होंने पूछा था कि क्या सत्तारूढ़ दल इतना दिवालिया है कि राज्य में उसे ऐसा कोई कन्नड़ नेता नहीं दिखता, जो राज्य के भविष्य को देख सके। इस पर पलटवार करते हुए सीतारमण ने कहा, देश के प्रधानमंत्री के हाथों में राज्य सौंपे जाने में क्या गलत है? उस प्रधानमंत्री को जो पूरे देश को साथ लेकर चल रहा है और यहां तक कि जिलों के विकास पर भी ध्यान दे रहा है... अगर ऐसे प्रधानमंत्री का नाम लिया जा रहा है, तो वे (कांग्रेस नेता) क्यों चिढ़ रहे हैं?

## मिशन जीरो मलेरिया के लिए मोर्टिन और मलेरिया नो मोर ने हाथ मिलाया

**नई दिल्ली।** रेकिट के जाने-माने घरेलू कीटनाशक ब्रांड मोर्टिन ने आज उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से बरेली में 'मिशन जीरो मलेरिया' की शुरूआत की। 2030 तक मलेरिया को खत्म करने के भारत के लक्ष्य के अनुरूप मिशन जीरो मलेरिया को कार्यान्वयन भागीदार के रूप में मलेरिया नो मोर के साथ शुरू किया गया है। इस मिशन का मकसद स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और शहर के समुदाय, स्वास्थ्य प्रणाली और सरकारी निकायों के भीतर वांछित व्यवहार परिवर्तन को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। रवि भटनागर, डायरेक्टर- एक्सटर्नल अफेयर्स एंड पार्टनरशिप्स, रेकिट-साउथ एशिया ने कहा, हमारी साझेदारी के जरिए मलेरिया को खत्म करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे बढने को लेकर हम काफी उत्साहित व रोमांचित हैं। यह साझेदारी बीमारियों के प्रसार, प्रभाव और व्यापकता को बेहतर ढंग से समझने के लिए उन्नत डेटा प्रबंधन और विश्लेषण द्वारा लक्षित हस्तक्षेपों पर ध्यान केंद्रित करेगी।

## वित्तीय वर्ष 24 में छह प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था : एक्यूइट




**चेन्नई।** क्रेडिट रेटिंग एजेंसी एक्यूइट रेटिंग्स एंड रिसर्च ने कहा है कि वित्त वर्ष 24 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर छह फीसदी रहेगी।अर्थव्यवस्था पर अपनी मासिक टिप्पणी में एक्यूइट ने कहा कि वैश्विक वृहद अर्थव्यवस्था में विरोधाभासों और वित्तीय प्रणाली की अस्थिरता के जोखिमों के सामने आने के बावजूद, भारतीय अर्थव्यवस्था ने ताकत और स्थिरता का प्रदर्शन जारी रखा है। रिपोर्ट में कहा गया है, एक्यूइट को उम्मीद है कि सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि मध्यम होगी, लेकिन वित्त वर्ष 24 में 6.0 प्रतिशत पर स्वस्थ रहेगी।

एक्यूइट के अनुसार, घरेलू मांग की ताकत के संबंध में एक स्पष्ट अंतर उभर रहा है, जो कि बाहरी मांग को धीमा करने के प्रभाव के खिलाफ व्यापारिक निर्यात की कम रन-रेट में कब्जा कर रहा है।

एक्यूइट ने कहा, वित्त वर्ष 24 में घरेलू विकास के लिए चुनौतियां तेज होने की उम्मीद है। वैश्विक विकास में मंदी, बैंकिंग क्षेत्र की उथल-पुथल के बाद क्रेडिट की स्थिति में तंगी, जलवायु जोखिम, उच्च उधार लागत आदि का सामना करना पड़ सकता है। एक्यूइट के अनुसार, मुद्रास्फीति के दबाव में कमी और सार्वजनिक पूंजीगत व्यय में वृद्धि से घरेलू अर्थव्यवस्था में स्वस्थ गति बनी रहनी चाहिए।

## रुपया शुरूआती कारोबार में छह पैसे टूटकर 82.01 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट के रुख और विदेशी पूंजी की निकासी के बीच बुधवार को रुपया शुरूआती कारोबार में छह पैसे टूटकर 82.01 प्रति डॉलर पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.00 प्रति डॉलर पर कमजोर खुलने के बाद 82.01 प्रति डॉलर पर कारोबार कर रहा था। यह पिछले बंद स्तर की तुलना में छह पैसे की गिरावट है।

मंगलवार को रुपया 81.95 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की मजबूती का आकलन करने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत गिरकर 101.82 पर पहुंच गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.37 प्रतिशत चढ़कर 81.07 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर कारोबार कर रहा था। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 407.35 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## राकेश झुनझुनवाला पोर्टफोलियो की टॉप होल्डिंग टाइटन में हैं



**नई दिल्ली।** मार्च 2023 के लिए पोर्टफोलियो सारांश से पता चलता है कि दिवंगत राकेश झुनझुनवाला की उच्चतम होल्डिंग टाइटन में 12,253 करोड़ रुपये है।अगला सबसे मूल्यवान होल्डिंग स्टार हेल्थ में 6,050 करोड़ रुपये है, इसके बाद मेट्रो ब्रांड्स 3,326 करोड़ रुपये और टाटा मोटर्स 2,475 करोड़ रुपये है। शीर्ष 10 में अन्य शीर्ष होल्डिंग्स में केनरा बैंक, इंडियन होटल्स, फेडरल बैंक, एनसीसी और फोर्टिस हेल्थकेयर शामिल हैं। नई खरीदी गई होल्डिंग्स में सन फार्मा एडवांस्ड रिसर्च और राघव प्रोडक्टिविटी एन्हांसर शामिल हैं।

अन्य बड़े निवेशकों में सुनील सिंघानिया की शीर्ष होल्डिंग जिंदल स्टेनलेस हिसार में है, इसके बाद रूट मोबाइल, मास्टेक, आयन एक्सचेंज, हिंदवेयर होम इनोवेशन, टेक्नोक्राफ्ट इनोवेशन, कैरीसिल लिमिटेड, एचजी इंफ्रा इंजीनियरिंग, सारदा एनर्जी और रूपा एंड कंपनी हैं। पोटरेलियो में जो नए जोड़े गए हैं, उनमें यूनिपार्ट्स इंडिया शामिल है। आशीष कचोलिया की शीर्ष 10 होल्डिंग्स में सफारी इंडस्ट्रीज, एनआईआईटी लिमिटेड, पीसीबीएल, एमी ऑर्गेनिक्स, ग्रेविटा इंडिया, फाइनोटेक्स केमिकल, यशो इंडस्ट्रीज, वैभव ग्लोबल, ला ओपाला आरजी और एडोर वेल्डिंग शामिल हैं।

मुकुल अग्रवाल की शीर्ष 10 होल्डिंग्स में रेमंड, रेडियो खेतान, पीडीएस, इंटेलेक्ट डिजाइन एरिना, एथोस लिमिटेड, अपोलो पाइप्स, आयन एक्सचेंज, डिशमैन काबोर्जेन, ऑलकार्गो लॉजिस्टिक्स और सूर्या रोशनी शामिल हैं।

## महिला ने जेडब्ल्यू मैरियट पर बिल को लेकर उसे बंधक बनाने का आरोप लगाया, होटल का इनकार




**नई दिल्ली।** दिल्ली के एयरोसिटी में जेडब्ल्यू मैरियट होटल के कर्मचारियों पर 55 वर्षीय महिला ने खराब सेवा की शिकायत करने और होटल के बिल के भुगतान के लिए समय मांगने पर खुद को घंटों बंधक बनाकर रखने और उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। महिला एक व्यावसायिक संगठन के लिए कानूनी सलाहकार के तौर पर काम करती है। होटल ने इन आरोपों से इनकार किया है और इन्हें बेबुनियाद बताया है। जेडब्ल्यू मैरियट के प्रवक्ता ने एक न्यूज एजेंसी को बताया, जेडब्ल्यू मैरियट नयी दिल्ली एयरोसिटी संबंधित मामले में होटल के खिलाफ लगे इन आरोपों का दृढ़ता से खंडन करता है और मामले की जांच में होटल संबंधित अधिकारियों के साथ सहयोग कर रहा है। प्रवक्ता ने आगे कहा, हम पूरी निष्ठा, नैतिकता और मूल्यों के साथ काम करते हैं जो हम अपने सभी भागीदारों, सहयोगियों और मेहमानों के प्रति भी दिखाते हैं। चूंकि मामला वर्तमान में पुलिस देख रही है, इसलिए हम कोई और जानकारी देने में असमर्थ हैं। महिला अपना नाम नहीं बताना चाहती। उसने पुलिस को दी अपनी शिकायत में कहा कि होटल के कर्मचारियों ने उसे फटकारा और दो पुरुष कर्मचारियों की निगरानी में बंधक बना लिया, जो लगातार होटल में हर जगह उसके पीछे रहते थे। महिला ने अपनी शिकायत में लिखा है, जब मैं शौचालय गई, तब वे बाहर इंतजार करते रहे। शिकायत के आधार पर इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाईअड्डा पुलिस थाना ने एक प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिकी के अनुसार, विवाद 26 दिसंबर 2022 को आयोजित एक कार्यक्रम के बिल के भुगतान को लेकर हुआ था जिसके लिए संगठन ने होटल में 94 कमरे और हॉल बुक किए थे। इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए कंपनी ने 55 लाख रुपये का अग्रिम भुगतान किया, जिसमें देश और विदेश के विभिन्न हिस्सों के लोगों ने भाग लिया। जब 31 दिसंबर, 2022 को कार्यक्रम समाप्त हुआ, तो आयोजकों ने खराब सेवा और भोजन की गुणवत्ता को लेकर शिकायत की। हालांकि, कंपनी ने 31 दिसंबर को 25 लाख रुपये का एक और भुगतान किया और होटल से कहा कि वह एक जनवरी, 2023 को सभी बिल की जांच करने और अग्रिम राशि को समायोजित करने के बाद शेष राशि का भुगतान करेगी। शिकायतकर्ता ने प्राथमिकी में आरोप लगाया कि कमरे के किराए में छूट के संदर्भ में कुछ विसंगतियां थीं और उसके संगठन ने बिल की पूरी तरह से जांच करने के लिए समय मांगा था क्योंकि वे पहले ही बिल का 80 प्रतिशत भुगतान कर चुके थे। उसने प्राथमिकी में कहा, हमने एक जनवरी तक 30 कमरे बुक किए थे और हमने उनसे अनुरोध किया था कि वे हमें एक जनवरी तक शेष भुगतान करने की अनुमति दें, लेकिन उन्होंने मुझे और कुछ अन्य आयोजकों को बंधक बना लिया।

## ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज से भारत के पिकअप सेगमेंट में मचाई हलचल, 7.85 लाख से शुरू



**नई दिल्ली।** भारत में नंबर 1 पिकअप ब्रांड बोलेरो पिक-अप के निमार्ता महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) ने बुधवार को अपनी ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज लॉन्च की। 7.85 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) कीमत से शुरू ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज को ग्राहकों और ऑपरेटरों को एक कम कीमत पर जबरदस्त फीचर और परफॉर्मेंस देने के लिए तैयार किया गया है। हल्की, अधिक कॉम्पैक्ट और वसेर्टाइल ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज पेलोड क्षमता, ईंधन दक्षता, सुरक्षा और ड्राइविंग अनुभव के लिए नए बेंचमार्क सेट करती है। पहले से कहीं अधिक फायदे का सौदा साबित होते हुए इसमें स्मार्ट इंजीनियरिंग भी शामिल है। नई बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज को 24,999 रुपये के न्यूनतम डाउनपेमेंट पर बुक किया जा सकता है। महिंद्रा ने आसान खरीद और ऑनरशिप एक्सपीरियंस के लिए आकर्षक फाइनेंस स्कीम भी पेश की है। ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज एक नए प्लेटफॉर्म के साथ गेम चेंजर होने का वादा करती है, जबकि इसकी कीमत बोलेरो डीएनए के समान ही रखी गई है। यह महिंद्रा की गाड़ियों की उसी साख और ताकत को आगे बढ़ाती है, जो देती है मजबूती, विश्वसनीयता, कम रखरखाव लागत और अच्छी रीसेल कीमत। इसमें देश भर की शहरी सड़कों और हाइवे पर छाई बोलेरो की टाइमलैस और मिनिमम डिजाइन को भी बनाए रखा गया है। एमएंडएम के ऑटोमोटिव डिवीजन के प्रेसिडेंट विजय नाकरा ने कहा, मेक इन इंडिया पहल के लिए गहराई से प्रतिबद्ध एक कंपनी के रूप में हम ऐसे प्रोडक्ट तैयार करने में बहुत गर्व महसूस करते हैं जो न केवल ग्राहक केंद्रित हैं बल्कि भारत की आर्थिक वृद्धि में हमारी प्रतिबद्धता को भी दशार्ते हैं। महिंद्रा में, हम लगातार अपने ग्राहकों के जीवन को समृद्ध बनाने का प्रयास करते हैं, उन्हें वसेर्टाइल वीकल देते हैं जो विकास और समृद्धि लाते हैं। पूरी तरह से नई बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज अत्याधुनिक सुविधाओं, बेजोड़ शक्ति, अधिकतम पेलोड क्षमता और उच्च माइलेज की पेशकश करती है, इसका वादा है कि ड्राइवरों के लिए हर सफर प्रोडेक्टिव और थकान-मुक्त रहेगा। यह वास्तव में बेहतरीन गाड़ी की तलाश कर रहे किसी भी व्यक्ति के लिए सबसे बेस्ट विकल्प है।

## संक्षेप

### बजाज आलियांज लाइफ ने पार्टिसिपेटिंग पॉलिसीधारकों के लिए बोनस की घोषणा की

**कानपुर।** भारत के प्रमुख निजी जीवन बीमाकताओं में से एक बजाज आलियांज लाइफ ने एक बार फिर लगातार 22वें वर्ष के लिए बोनस की घोषणा करके अपने पॉलिसीधारकों के अटूट विश्वास को कायम रखा है। कंपनी ने इसके पार्टिसिपेटिंग पॉलिसीधारकों के लिए 1,201 करोड़ रुपये का बोनस घोषित किया है, जिसमें 872 करोड़ रुपये का नियमित प्रत्यावर्ती बोनस और 329 करोड़ रुपये का टर्मिनल और नकद बोनस शामिल है। बोनस से 11.43 लाख योग्य निष्ठावान पॉलिसीधारक लाभान्वित होंगे जो बजाज आलियांज लाइफ के साथ अपने जीवन के लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध हैं। तरुण चुघ, एमडी और सीईओ, बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने कहा, ₹बजाज आलियांज लाइफ अपने ग्राहकों से किए गए वादे के प्रति प्रतिबद्ध है। लगातार 22 वर्षों तक घोषित बोनस टीमों के फोकस का एक प्रमाण है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारे ग्राहक हमारे साथ उनके दीर्घकालिक लक्ष्यों में निवेशित रहने के लाभों का आनंद ले सकें। हमारे हर कदम में ग्राहकों को केंद्र में रखा जाता है, क्योंकि इसी तरह हम आगे बढ़ते हैं ताकि कई और ग्राहक हमारे साथ अपने लक्ष्यों को पूरा कर सकें।₹ कंपनी द्वारा घोषित नियमित प्रत्यावर्ती बोनस पॉलिसीधारक की परिपक्वता या मृत्यु के समय देय होगा। वित्त वर्ष 2023 के लिए कंपनी के पार्टिसिपेटिंग पॉलिसीधारकों के फंड द्वारा उत्पन्न अधिशेष से बोनस के लिए धन प्राप्त किया जाएगा। बजाज आलियांज लाइफ ने बजाज आलियांज लाइफ फ्लेक्सी इनकम गोल, बजाज आलियांज एलीट एश्योर, बजाज आलियांज लाइफ इनकम एश्योर सहित अपने पार्टिसिपेटिंग उत्पादों के लिए लगातार 22वें वर्ष बोनस की घोषणा की है। 31 मार्च, 2023 तक लागू सभी पार्टिसिपेटिंग पॉलिसी कंपनी द्वारा घोषित बोनस प्राप्त करने के योग्य हैं।

### हिमाचल सरकार ने सौर क्षमता का पता लगाने को ऑयल इंडिया से किया समझौता

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य की सौर क्षमता का पता लगाने के लिए बुधवार को ऑयल इंडिया लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, ताकि राज्य में नए और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के दोहन और विकास में सहयोग के लिए एक रूपरेखा तैयार की जा सके।समझौते पर राज्य सरकार की ओर से निदेशक (ऊर्जा) हरिकेश मीणा और ऑयल इंडिया लिमिटेड के निदेशक (संचालन) पंकज कुमार गोस्वामी ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कंपनी जल जलाशयों में फ्लोटिंग सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की संभावनाओं का पता लगाने के अलावा ग्राउंड माउंटेड सौर ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना करेगी। उन्होंने कहा कि ऑयल इंडिया भी पायलट आधार पर ग्रीन हाइड्रोजन और ग्रीन अमोनिया के उत्पादन के लिए एक संयंत्र स्थापित कर सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में हरित ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन उत्पादन के अवसर प्रचुर मात्रा में हैं और राज्य सरकार ने इस क्षमता का दोहन करने के लिए कई पहल की हैं। सुक्खू ने कहा कि प्रस्तावित परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा के लिए 26 मई को समीक्षा बैठक की जाएगी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री ने ऑयल इंडिया से इन परियोजनाओं को स्थापित करने में अनावश्यक देरी से बचने के लिए भी कहा। सुक्खू ने कहा कि यह 31 मार्च, 2026 तक हिमाचल प्रदेश को देश का पहला हरित ऊर्जा राज्य बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार और ऑयल इंडिया के बीच सहयोग सौर ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, संपीड़ित बायोगैस, भूतापीय ऊर्जा और पवन ऊर्जा सहित विभिन्न नए और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

### बुलेट ट्रेन सेवा से भी जुड़ेगा यूपी का मेडिकल डिवाइस पार्क

**लखनऊ।** यूपी सरकार यूपी को मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्री का हब बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। गौतमबुद्ध नगर में यमुना एक्सप्रेस वे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के सेक्टर 28 में 350 एकड़ में बन रहे मेडिकल डिवाइस पार्क को बेहतरीन कनेक्टिविटी प्रदान की जाएगी। जहां मेट्रो, एक्सप्रेस वे, ट्रांसपोर्ट नगर ही नहीं बुलेट ट्रेन की कनेक्टिविटी के साथ भी जोड़े जाने की तैयारी है। मेडिकल डिवाइस पार्क के लिए अबतक 59 भूखंडों का आवंटन किया जा चुका है। वहीं बुधवार को 26 आवंटियों को मुख्य कार्यपालक अधिकारी की ओर से आवंटन पत्र व चेकलिस्ट और लीज प्लान सौंपे गये हैं। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि भूखंडों के आवंटियों के साथ एक बैठक आयोजित की गयी, जिसमें उन्हें भूमि आवंटन से संबंधित पत्र सौंपे गये हैं। उन्होंने बताया कि मेक इन इंडिया व आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में इस मेडिकल डिवाइसेज पार्क को विश्व स्तरीय सुविधा संपन्न बनाने पर तेज गति से काम हो रहा है। पार्क में भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स की ओर से एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल की स्थापना भी की जा रही है। इससे इंडस्ट्रियलिस्ट्स को अब एक्सपोर्ट डॉक्यूमेंटेशन, एक्सपोर्ट ग्रांट, एमएआई ग्रांट आदि कार्यों के लिए कहीं और जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इसके लिए एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक का निर्माण कार्य भी प्राधिकरण द्वारा प्रारम्भ कर दिया गया है। इसके अलावा प्राधिकरण का यह क्षेत्र बेहतर रोड, मेट्रो, हाईवे, पोड टैक्सी और बुलेट ट्रेन से भी कनेक्टेड होने जा रहा है।

### 2022 में ग्लोबल कनेक्टेड कारों की बिक्री 12 फीसदी बढ़ी, वोक्सवैगन सबसे आगे : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** वैश्विक कनेक्टेड कारों की बिक्री 2022 में 12 फीसदी (साल-दर-साल) बढ़ी है, कुल कार बिक्री में कनेक्टेड कारों की हिस्सेदारी 50 फीसदी से अधिक हो गई है। एक नई रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार, वोक्सवैगन समूह ने कनेक्टेड कारों की बिक्री की अगुवाई की, जिसके बाद टोयोटा समूह का स्थान रहा। कनेक्टेड कारों के लिए अमेरिका सबसे मजबूत बाजार बना रहा, इसके बाद चीन और यूरोप का स्थान रहा। 2022 में इन तीन बाजारों ने वैश्विक स्तर पर कुल कनेक्टेड कारों की बिक्री का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा लिया। कनेक्टेड कारों की बिक्री का एक छोटा सा हिस्सा होने के बावजूद जापान ने कनेक्टेड कारों की पैठ में सबसे ज्यादा वृद्धि देखी। शोध विश्लेषक अभिलाष गुप्ता ने कहा, उपभोक्ताओं का ध्यान कार में कनेक्टिविटी पर केंद्रित होने के साथ गैर-कनेक्टेड कार शिपमेंट में लगातार गिरावट आ रही है। शीर्ष पांच ऑटोमोटिव समूहों ने 2022 में बेची गई कनेक्टेड कारों में से लगभग आधे का हिसाब लगाया। टेस्ला पहली बार शीर्ष 10 में शामिल हुआ। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि 4जी कारों ने 2022 में 95 प्रतिशत से अधिक कनेक्टेड कारों की बिक्री पर कब्जा कर लिया। एलन मस्क द्वारा संचालित टेस्ला पहली बार शीर्ष 10 कनेक्टेड कारों की बिक्री रैंकिंग में पहुंचा।

### लिंक्डइन के अब भारत में 10 करोड़ सदस्य : सत्या नडेला

**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीईओ सत्या नडेला ने बताया कि प्रोफेशनल सोशल नेटवर्कि ग प्लेटफॉर्म लिंक्डइन के अब भारत में 10 करोड़ सदस्य हैं, जो साल-दर-साल 19 फीसदी ज्यादा है।माइक्रोसॉफ्ट के स्वामित्व वाले लिंक्डइन ने मार्च तिमाही में रिकॉर्ड जुड़ाव देखा, क्योंकि वैश्विक स्तर पर 93 करोड़ से अधिक सदस्य अब जुड़ने, सीखने, बेचने और काम पर रखने के लिए पेशेवर सोशल नेटवर्क की ओर रुख कर रहे हैं। नडेला ने मंगलवार देर रात कंपनी की 2023 की तीसरी तिमाही के अर्निंग कॉल के दौरान कहा, लगातार सातवीं तिमाही में सदस्य वृद्धि में तेजी आई क्योंकि हमने नए दर्शकों तक विस्तार किया। भारत में अब हमारे 10 करोड़ सदस्य हैं, जो 19 प्रतिशत अधिक है। नडेला ने कहा, जैसे ही युवा कार्यबल में प्रवेश करता है, हमने छात्र साइन-अप की संख्या में साल-दर-साल 73 प्रतिशत की वृद्धि देखी। लिंक्डइन टैलेंट सॉल्यूशंस नौकरी चाहने वालों और पेशेवरों से जुड़ने में मदद करना जारी रखता है ताकि वे उन कौशलों का निर्माण कर सकें जिनकी उन्हें अवसर तक पहुंच की आवश्यकता है। नडेला ने कहा, हमारे हायरिंग बिजनेस ने लगातार तीसरी तिमाही में हिस्सेदारी ली।

# निपुण भारत मिशन के क्षेत्र में प्रदेश में पांचवें स्थान पर भदोही

जनसंदेश न्यूज



डीएम गौरांग राठी

**भदोही।** जिलाधिकारी गौरांग राठी की अगुवाई में जनपद में बेसिक शिक्षा विभाग नित नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर हो रहा है। शैक्षिक सत्र 2022-23 में जनपद भदोही में नामांकित छात्रों के सापेक्ष डीबीटी की प्रक्रिया एवं निपुण भारत मिशन के अंतर्गत हो रहे कार्यों में वर्तमान शैक्षिक सत्र में भी जनपद लगातार अपने आपको बेहतरीन कार्य कर रहे प्रदेश के जनपदों की सूची में शीर्ष पाँच स्थानों में बना हुआ है।

जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने बेसिक शिक्षा को प्राथमिकता वाले कार्यों में शामिल किया है, जिसके कारण लगातार समीक्षा और अनुश्रवण से विभाग में सकारात्मक परिवर्तन दृष्टिगोचर हो रहे हैं। इसके अलावा मुख्य विकास अधिकारी यशवंत सिंह ने भी भदोही में बेसिक शिक्षा विभाग में हो रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए हर्ष व्यक्त किया है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रत्येक सप्ताह कायाकल्प के अंतर्गत हो रहे कार्यों की विद्यालय वार समीक्षा की जाती है, जिसके परिणामस्वरूप जनपद जिन पैरामीटर्स में पीछे था, आज उन पैरामीटर्स में अग्रणी जनपदों के साथ खड़ा है। मंगलवार को प्रमुख सचिव द्वारा जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियो की ऑनलाइन बैठक की गई थी जिसमें प्रदेश के समस्त जनपदों को उनकी स्थिति से अवगत कराया गया तथा आने वाले दिनों में किए जाने वाले कार्य के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

उक्त बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार जनपद भदोही नामांकन के सापेक्ष आधार प्रमाणीकरण की प्रक्रिया में प्रदेश में तीसरे स्थान पर तथा निपुण स्कूलों की संख्या के मामले में जनपद ने पांचवा स्थान प्राप्त किया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, एकेडमिक टीम के सदस्यों एवं समस्त शिक्षकों को बधाई देते हुए यह अपील की गई है कि ऐसे ही कार्य करें।

## सुरियावां पुलिस की चेकिंग में तीन शराब तस्कर गिरफ्तार

**भदोही।** आगामी नगर निकाय चुनाव-2023 को सकुशल, निष्पक्ष व पारदर्शी सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा अपराधों के रोकथाम व अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। थाना सुरियावां पुलिस टीम को चेकिंग के दौरान 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त बुद्धिराम उर्फ बुद्धू पुत्र राजनारायण उर्फ सेठ निवासी मलेपुर वार्ड नं0 9 कस्बा सुरियावां थाना सुरियावां जनपद भदोही व विनोद कुमार बनवासी उर्फ कुरकुन्नी पुत्र कल्लू उर्फ कुन्नी निवासी कुसौली थाना सुरियावां जनपद भदोही के कब्जे से 10-10 लीटर तथा अभियुक्त बन्दे लाल कनौजिया पुत्र रामचन्द्र कनौजिया निवासी पाली केवटान थाना सुरियावां जनपद भदोही के कब्जे से 30 शीशी (06 लीटर) देशी शराब कुल 26 लीटर अवैध शराब बरामद करने का पुलिस ने दावा किया है। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अभियुक्तों के विरुद्ध अंतर्गत धारा-60 आबकारी अधिनियम अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

## मोबाइल फोन पर धमकी देकर पैसे की मांग करने का आरोपी गिरफ्तार

**कामयाबी**

**कब्जे से धमकी देने में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद**



**भदोही।** गत सोमवार को आवेदक गुलाब चंद यादव पुत्र स्व. बागेश्वर प्रसाद यादव निवासी कीर्तिपुर, करियांव थाना व जनपद भदोही द्वारा थाना भदोही पर सूचना दिया गया कि उनके मोबाइल फोन पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन करके जान से मारने की धमकी देते हुए पैसे की मांग की गई। सूचना पर तत्समय ही अज्ञात के विरुद्ध मु.अ.सं.-90/2023 धारा- 386, 504, 507 भा.द.वि. का अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पंजीकृत अभियोग के अनावरण व घटना में शामिल अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में स्थानीय पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकाश में आए अभियुक्त दिनेश कुमार गौतम पुत्र लालमनि गौतम निवासी कीर्तिपुर, करियांव थाना व जनपद भदोही को रेलवे स्टेशन भदोही के बाहर मंदिर के पास से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के कब्जे से धमकी देने में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद किया गया। अभियुक्त के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की जांच सहित आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए चालान मा0 न्यायालय किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. अरविंद कुमार, कां. निर्मल कुमार थाना व जनपद भदोही शामिल रहे।

## संक्षेप

### हलीमिया फाउंडेशन ने आयोजित किया ईद मिलन समारोह



**मुंगराबादशाहपुर।** नगर के मोहल्ला साहबगंज में बिरादरी अलीमियां फाउंडेशन के तत्वाधान में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर हिंदू व मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई देते हुए आपसी भाईचारा और देश में अमन चैन बनाए रखने के लिए संकल्प लिया। समारोह के मुख्य अतिथि सिटी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता (पिंटू) ने सभी को ईद की बधाई देते हुए कहा कि ईद मिलन समारोह से आपसी भाईचारा बढ़ता है। खालीमियां फाउंडेशन प्यार व सद्भावना को बढ़ावा देकर मानवता की सेवा में सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने संस्था के मेघावी बच्चों को अपने विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा देने की अपील की। विशिष्ट अतिथि आर्किटेक्ट उमाशंकर गुप्ता ने बोलते हुए कहा कि हिंदू मुस्लिम भाईचारा एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने के लिए ये ईद मिलन समारोह एक सार्थक कदम है। आयोजक सदर हाजी मोहम्मद मेराज व नायब सदर इलियास अहमद छिवलहा व सकलैन ने आगंतुकों के प्रति आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाजी मो. साबिर तथा संचालन आजम राईन ने किया। इस अवसर पर मोहम्मद सकलैन, रईस अहमद, डॉ. इमरान, सौदागर राइन, मोहम्मद नदीम सोनू, मोहम्मद अनीस छिवलहा, हाफिज मो. सुहैल, चांद बाबू व प्रवेश लंबू आदि लोग बड़ी संख्या मौजूद रहे।

### अध्यक्ष व सभासद प्रत्याशियों की हुई बैठक

**शाहगंज।** उपजिलाधिकारी एवं रिटर्निंग आफिसर शैलेन्द्र कुमार ने तहसील मुख्यालय स्थित सभागार में प्रत्याशियों एवं उनके प्रतिनिधियों की बैठक ली। बैठक में नगर पालिका एवं खेतासराय नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं सदस्य पद के प्रत्याशी एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे। एसडीएम ने उक्त बैठक राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में लिया। अध्यक्ष एवं सदस्य पद पर चुनाव लड़ रहे लोगों को व्यय लेखा सम्बंधित एवं चुनाव के सम्बन्ध में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत आदर्श चुनाव आचार संहिता के अनुपालन हेतु दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक चोब सिंह, तहसीलदार महेंद्र बहादुर सिंह समेत व्यय लेखा टीम के सदस्य मौजूद रहे।

### इंडस्ट्रियल एरिया व कारपेट इंडस्ट्री का डेनमार्क टीम ने किया निरीक्षण

**भदोही।** नदियों के जल की सफाई एवं उनके पुनरुत्थान लिए यूपी स्मार्ट लैबोरेट्री की स्थापना हेतु उत्तर प्रदेश सरकार एवं डेनमार्क सरकार के बीच संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को 6 सदस्यीय डेनमार्क प्रतिनिधिमंडल टीम ने जनपद भदोही में मोरवा व वरुणा नदी के संरक्षण हेतु स्थलीय निरीक्षण कर जिलाधिकारी गौरांग राठी के साथ शिष्टाचार मुलाकात कर स्मार्ट सिटीज के प्रबंधन हेतु विविध आयामों पर विचार विमर्श किया। निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम वरुणा नदी में गिर रहे वसुही नदी के स्थल मुहाने का अवलोकन किया गया, उसके बाद वरुणा नदी में मोरवा नदी गिर रहे स्थान को देखा गया। तत्पश्चात इंडस्ट्रियल एरिया भदोही में निरीक्षण किया गया एवं कारपेट इंडस्ट्री का भी निरीक्षण टीम द्वारा किया गया। कारपेट सिटी में इंडस्ट्रियल लोगों द्वारा लगाए गए ईटीपी का भी निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात टीम ने जिलाधिकारी गौरांग राठी से मिलकर अपने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया गया, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। पुनः टीम वरुणा नदी के उद्गम स्थल फूलपुर में गई उसका निरीक्षण किया। इसके पूर्व टीम ने बनारस में वरुणा नदी के स्थल का निरीक्षण किया गया। टीम में अतिरिक्त रूप से डेनमार्क से कुल 6 सदस्य टीम थी। उसके अतिरिक्त गंगा प्रदूषण नियंत्रण वाराणसी की टीम, सिंचाई विभाग की टीम, नमामि गंगे एवं आईआईटी बीएचयू की टीम एवं नगरपालिका भदोही की टीम उनके साथ थी।

### वॉलीबॉल प्रतियोगिता 3 मई से

**आजमगढ़।** क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी एके पाण्डेय ने बताया है कि खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश वॉलीबाल संघ के समन्वय से प्रदेशीय सब-जूनियर बालिका वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 3 से 6 मई, तक सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम, आजमगढ़ में किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु सब-जूनियर बालिका वॉलीबाल प्रतियोगिता हेतु आजमगढ़ मण्डल की टीम का जिला स्तरीय चयन, ट्रायल्स 29 अप्रैल, को एवं मण्डल स्तरीय चयन, ट्रायल्स एक मई, को सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम, में प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। उक्त चयन, ट्रायल्स में प्रतिभाग करने वाले सब-जूनियर बालिका वॉलीबाल खिलाड़ियों की जन्मतिथि एक जनवरी 2007 या उसके पश्चात की होनी चाहिए। आयु के सम्बन्ध में विद्यालय, संस्था के प्रधानाचार्य द्वारा प्राप्त जन्मतिथि प्रमाण-पत्र एवं पात्रता प्रमाण-पत्र एवं आधार कार्ड प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

## सिंगल यूज प्लास्टिक हटाना है जौनपुर को स्वच्छ बनाना है



दुकानदार को कपड़े का झोला देती जेसीआई जौनपुर चेतना की पदाधिकारीगण

**जौनपुर।** जनपद की महिलाओं की अग्रणी संस्था जेसीआई जौनपुर चेतना ने सिंगल यूज प्लास्टिक को हटाना है और जौनपुर को स्वच्छ बनाना है के निवेदन के साथ शहर के कोतवाली चौराहा तथा उर्दू बाजार में नो प्लास्टिक यूज का जागरूकता अभियान प्रारंभ किया।

संस्था के पदाधिकारी और सदस्यों ने लोगों को कपड़े का बैग इत्यादि प्रयोग करने का निवेदन करते हुए दुकानदारों को संस्था के द्वारा बनवाया गया कपड़े का झोला वितरित किया। संस्था अध्यक्ष सोनी जायसवाल ने बताया कि जेसीआई इंडिया मंडल 3 के आह्वान पर सिंगल यूज प्लास्टिक हटाओ का नारा दिया गया है इसी के तहत लोगों को कपड़े का बैग या झोला प्रयोग करने के लिए यह जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आप सभी को पता है की प्लास्टिक हमारे जीवन में बहुत हानिकारक है इसलिए हम सभी को जल्द से जल्द सिंगल यूज प्लास्टिक को अपने दिनचर्या से निकालना होगा। कार्यक्रम में संस्था की कोषाध्यक्ष सरला माहेश्वरी, सुधा बैंकर, संचिता बैंकर, मीनू बरनवाल और अनीता गुप्ता उपस्थित रही।

# पूर्वांचल के हज यात्रियों की उड़ानें वाराणसी से होगी: मौलाना सोहैब

**बैठक**

**यात्रियों के लिए टीका व पोलियो ड्रॉप समय से उपलब्ध होगा तो ट्रेनिंग व टीका एक साथ**

जनसंदेश न्यूज



प्रेसवार्ता करते खुददामें हज समिति के सदस्यगण

**भदोही।** खुददामें हज समिति के सरपरस्त हाजी शाहिद हुसैन अंसारी के आवास पर 2023 हज यात्रियों की ट्रेनिंग और टीका को लेकर एक आवश्यक बैठक की गई।

इस दौरान समिति के सरपरस्त हाजी शाहिद हुसैन अंसारी ने कहा कि हज कमेटी ऑफ इंडिया व हज समिति उत्तर प्रदेश के निदेर्शानुसार समिति हज यात्रियों की सेवा के लिए तैयार है। श्री अंसारी ने कहा कि हज कमेटी यात्रियों के लिए टीका व पोलियो ड्रॉप अगर समय से उपलब्ध करा दें तो ट्रेनिंग व टीका एक साथ कराया जाएगा। सहायक हज ट्रेनर मौलाना सोहैब आलम ने बताया कि भदोही जिले से कुल 87 हज यात्री आवेदन किए हैं। जिसमे 15 लोग दूसरे जिले से हैं, तथा 6 यात्री लगभग प्राइवेट टूर से हैं। मौलाना सोहैब आलम ने कहा कि हज समिति उत्तर प्रदेश के कार्यपालक सचिव जावेद को तथा भदोही जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रमेश चंद्र व अल्पसंख्यक निरीक्षक कमरुद्दीन तथा जिला चिकित्सा अधिकारी संतोष को भी पत्र के माध्यम से अवगत कराया जा चुका है। समय कम है, मई के लास्ट या फर्स्ट जून के अंदर पूर्वांचल के सभी हज यात्रियों का वाराणसी से जद्दा की उड़ाने हो सकती है।

वहीं समिति के मास्टर हज ट्रेनर हाजी हबीबुल्लाह शेख ने हज यात्रियों को सुबह और शाम चलने की हिदायत दी है, जिससे हज आसान हो सके। वहीं सरपरस्त शाहिद हुसैन अंसारी ने कहा कि मई के पहले हफ्ते में समिति के कादिर बाबू अंसारी, हाजी इमाम बैग, हाजी मुमताज आलम अंसारी, हाजी जाहिद अली अंसारी हज सेवकों की बैठक कर ट्रेनिंग की हज समिति उत्तर प्रदेश के निर्देशन में तारीख तय की जाएगी।

# मलेरिया से बचने के लिए आसपास रखें साफ-सुथरा : दीपक शुक्ल

**सुझाव**

**मलेरिया दिवस पर एक सौ लोगों को मुफ्त में बांटी गयीं मच्छरदानी**

जनसंदेश न्यूज



**भदोही।** मलेरिया दिवस के अवसर पर लोगों को मलेरिया से बचाव के उपाय बताए गए। उपस्थित लोगों से कहा गया कि बचाव और सुरक्षा ही मलेरिया से बचने का आसान उपाय है। आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और गंदा पानी न जमा होने पाए।

भदोही जनपद के दुगार्गंज के सेमरा गांव में आयोजित कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस दौरान एजअह्युमन ट्रस्ट के अध्यक्ष दीपक शुक्ला ने अपनी बात रखते हुए कहा कि मलेरिया गंदे पानी से फैलता है और इसके मच्छर गंदे पानी में है पैदा होते हैं। लापरवाही वश कभी-कभी यह जानलेवा और घातक हो जाता है। जहां हम रहते हैं वहां आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान देना चाहिए। गंदी नालियों में पानी नहीं जमा होना चाहिए। अगर कहीं जलजमाव है हमें वहां दवा या अन्य रासायनिक चीजों का छिड़काव करना चाहिए। मच्छरदानी लगाकर सोएंगे तो बिल्कुल स्वस्थ रहेंगे और स्वास्थ्य पर भी कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। संस्था की तरफ से तरफ से इस दौरान मौजूद लोगों को मच्छरदानी का वितरण किया गया। जरूरतमंदों को मच्छरदानी देने के बाद बताया गया कि आप रात में सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करेंगे तो मच्छर आपके पास नहीं आएंगे।

इस दौरान संस्था ने तकरीबन 100 लोगों को मच्छरदानी वितरित किया गया। इस दौरान संस्था के महाराष्ट्र अध्यक्ष ब्रिजेश शुक्ल, संस्था के संस्थापक प्रबन्धक धीरज शुक्ल प्रदेश अध्यक्ष विमलेन्द्र सिंह, रमाशंकर यादव, श्याम यादव, रामकुमार पाण्डेय, गिरिशचन्द्र पाण्डेय और अच्छेलाल शर्मा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## नगरीय चुनाव को लेकर पीठासीन अधिकारियों को किया गया प्रशिक्षित

> प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रथम पाली में 180 कार्मिक के सापेक्ष 177 कार्मिक उपस्थित रहे। जबकि दूसरी पाली में 150 कार्मिक के सापेक्ष 147 कार्मिक उपस्थित रहे। जिसमें पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी में 06 अनुपस्थित रहे।

**भदोही।** बुधवार को दूसरे दिन सेंट थॉमस स्कूल ज्ञानपुर में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 हेतु पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण कार्यक्रम दो पालिया में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी गौरांग राठी के द्वारा मतदान कार्मिकों को निर्देशित किया गया कि जनपद में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराना है। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन में जिन कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है वह कार्मिक अपने कार्यस्थल पर समय से पहुंचना सुनिश्चित करें। अगर निर्वाचन कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही की गई तो संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही संज्ञान में लाई जाएगी। और उन्होंने समस्त पीठासीन अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के समस्त बूथों पर मतदाता की तर्जनी उंगली पर अमिट स्याही प्रत्येक दशा में लगाई जाए। जिलाधिकारी ने समस्त पीठासीन अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन संबंधित कार्यों को गंभीरता से लें। और उन्होंने कहा कि बूथ पर अधिक संख्या में भीड़ ना लगाएं निर्वाचन की गाइड लाइन का शत-प्रतिशत पालन किया जाए। बूथ में अंदर दो ही लोग रहे इसको सुनिश्चित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने समस्त कार्मिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि अमिट स्याही इस तरीके से लगाई जाए जिससे वह मिट ना सके। उन्होंने कहा कि समस्त कार्मिक रवानगी स्थल पर समय से पहुंचे अगर कोई भी कार्मिक रवानगी स्थल पर समय से नहीं पहुंचता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही संज्ञान में लाई जाएगी।

# निकाय चुनाव में राष्ट्रीय पार्टियों के लिए मुसीबत बने बागी

**चुनाव**

**टिकट न मिलने पर आखिरी समय में बदला पाला, उतरे निर्दल**

जनसंदेश न्यूज




**गोपीगंज।** नगर निकाय चुनाव में बागियों ने राजनीतिक दलों की मुसीबतें बढ़ा दी है। भाजपा, सपा, बसपा जैसी पार्टियों से टिकट न मिलने से आखिरी समय में पाला बदलकर दूसरे दल में शामिल हो गए या निर्दल नामांकन के साथ ही प्रचार भी जोर-शोर से शुरू कर दिया है। अब उन्हें मनाने में वरिष्ठ पदाधिकारियों के पसीने छूटने लगे हैं। जिले की सात नगर निकायों में दो नगर पालिका पांच नगर पंचायत में नामांकन कार्य पूर्ण हो चुका है। अध्यक्ष पद के लिए भदोही, गोपीगंज, ज्ञानपुर, खमरिया, नई बाजार में सपा, भाजपा, बसपा से टिकट के दावेदारों की काफी संख्या रही। सभी को उम्मीद था कि उन्हें ही टिकट मिलेगा, लेकिन आखिरी समय पर टिकट कट जाने से निर्दल प्रत्याशी के रूप में नामांकन कर दिया। गर्मी की वजह से प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ सुबह ही प्रचार प्रसार में निकल जाते है, दुबारा फिर शाम से देर रात्रि तक चुनाव प्रचार कर बैठकों का दौर चलता है, नगर निकाय क्षेत्रों में चुनावी चहल-पहल तेज हो गई है। मतदाताओं को प्रत्याशी लुभाने में लगे हुए है। प्रचार प्रसार में कार्यकर्ता के साथ प्रत्याशी जी जान से लगे हैं, लेकिन मजे की बात यह हैं कि अधिकांश कार्यकर्ता नाश्ता करके रफूचक्कर हो जा रहे हैं। इस बीच कार्यकर्ता का फोन स्वीच ऑफ होने के बाद प्रत्याशियों के धड़कनें बढ़ जाती हैं। निकाय चुनाव को लेकर नगरों में खुब चर्चा है।

नामांकन का दौर खत्म होने के बाद अब पर्चा भरने वाले प्रत्याशी. प्रचार-प्रसार में अपना जोर लगाए हुए हैं। प्रचार-प्रसार में जमकर शक्ति प्रदर्शन किया जा रहा है। ऐसे में प्रत्याशी भी लोगों को खिला-पिलाकर अपने साथ रखे हुए हैं। कई उम्मीदवार भी भाजपा से टिकट न मिलने से निर्दल ही ताल ठोंक चुके हैं। नाम वापसी तक भाजपा के दिग्गज उन्हें मनाने में जुटे हैं। देखने वाली बात यह होगी कि बागी पार्टी की बात से सहमत होते हैं या निर्दल ही चुनाव में पार्टी की परेशानी को बढ़ाएंगे।

### साइत माई मंदिर में भंडारे का आयोजन 28 को

**खुटहन।** क्षेत्र के ताजूपुर इमामपुर स्थित साइत माई मंदिर में 28 अप्रैल को भव्य पूजन, जागरण एवं भंडारे का आयोजन होगा। उक्त बात की जानकारी मंदिर के पुजारी राम लवट चौधरी ने दिया। पूर्व प्रधान शिव प्रसाद चौधरी ने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि सभी लोग माता रानी के दरबार में पहुंच भंडारे का प्रसाद अवश्य ग्रहण करें। पूजा अर्चना के बाद जागरण का कार्यक्रम भी रखा गया है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# पुण्यतिथि पर जरूरतमंद महिलाओं को वितरित की गयी साड़ी व खाद्यान्न

जनसंदेश न्यूज



स्व. प्रथमा देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते रमाकान्त मिश्र

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय पंचायत के दुर्गा मंदिर के समीप स्थित प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी के नेता रमाकांत मिश्र की पत्नी प्रथमादेवी की द्वितीय पुण्यतिथि मनाई गई। स्व प्रथमा मिश्रा के चित्र पर रमाकांत मिस्र द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर गरीब महिलाओं को साड़ी व खाद्यान्न का वितरण किया गया। पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपा नेता रमाकांत मिश्र ने कहा प्रथमा का जीवन शिक्षा समाज और सेवाभाव में ही समर्पित रहा। उन्होंने अपनी पत्नी प्रथमा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राजनीति के तमाम उतार-चढ़ाव में भी हमारी पत्नी साए की तरह मेरे साथ कदम से कदम मिलाकर चलती थी वह मेरी ऊर्जा थी। उनके बिना अब जीवन का कोई मकसद ही समझ में नहीं आता। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तथा उनके पुत्र पुष्कर मिश्रा ने कहा कि माताजी हमेशा गांव गरीब किसान की बात करती थी एक साधारण गृहणी होने के बावजूद भी समाज के उन माइनों को भी बखूबी समझती थी पिताजी के राजनीतिक जीवन में माताजी का बहुत बड़ा सहयोग है तथा मेरा दुर्भाग्य है कि जब मेरा राजनीतिक कैरियर शुरू हुआ उसके पहले ही माता जी का साथ छूट गया इस मौके पर मुख्य रूप से कमलनयन, साधु शुक्ला, हरिभान पांडे, अनीता, कमल, त्रिवेणी राम, श्रीराम सोनकर, सुनील पांडे, रमाशंकर वर्मा, बालमुकुंद सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

# गोष्ठी आयोजित कर गन्ना कृषकों को दी गयी जानकारी

जनसंदेश न्यूज



गोष्ठी को सम्बोधित करते वक्ता

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** अहिरौला क्षेत्र के सजनी गांव में गन्ना विकास विभाग द्वारा एक कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि सठियांव चीनी मिल के महाप्रबंधक अनिल कुमार चतुर्वेदी रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित गन्ना कृषकों को पेड़ी गन्ना प्रबंधन ,गन्ने में कीट रोग नियंत्रण, गन्ना फसल का सर्वेक्षण, खरपतवार का नियंत्रण, सिंचाई तथा गन्ना विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विभिन्न जानकारी किसानों को दी गई ।गोरखपुर पिपराइच गन्ना विकास संस्थान के सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि इस क्षेत्र में गन्ने का औसत उपज कम है इसका प्रमुख कारण है देर से गन्ने की बुवाई करना अधिक उपज लेने के लिए किसान अक्टूबर-नवंबर या फरवरी व 15 मार्च तक गन्ने की बुवाई करेगा तो अधिक गन्ने का उत्पादन हो सकेगा। उन्होंने बताया कि 13225 ,14201, 13452, 0118 आदि गन्ने की ट्रेंच बिधि से बुवाई करके किसान गन्ने के साथ अपनी सुविधा अनुसार अन्य आलू प्याज लहसुन गोभी टमाटर आदि सह फसली खेती कर-के अपना आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकता है। चीनी मिल के प्रबंधक अनिल कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि मिलगेट में गन्ने की उपलब्धता नहीं के बराबर है। इस सत्र में चीनी मिल 28 लाख कुंतल गन्ने की पेराई की है। चीनी की परता 7.5 है जो बहुत कम है। सभी किसानों से अपील है कि वह अधिक चीनी देने वाली गन्ने की बुवाई करें। उन्होंने बताया कि गन्ना मूल्य भुगतान के लिए प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान कृषि वैज्ञानिक डॉ विनय मिश्रा ने भी किसानों को गन्ना उत्पादन के विभिन्न विधियों पर विस्तार से बताया। जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि इस समय गन्ने का सर्वेक्षण कार्य चल रहा है किसान अपने खेत पर रहकर गन्ने का सर्वे कराकर रसीद प्राप्त कर ले। इस मौके पर जीएम अनिल कुमार चतुर्वेदी, मुख्य गन्ना अधिकारी त्रिलोकी सिंह, गन्ना विकास निरीक्षक अशोक कुमार वर्मा, अंकित श्रीवास्तव सहित किसान बद्री सिंह, गौतम राय, हीरालाल, मनोज राय आदि लोग मौजूद रहे।


फादर गुरुसान्थाराज (सेंट जॉन्स स्कूल बरेका)

# ईमानदारी व भाईचारा संग कर्म पर विश्वास रखने वाला ही सफल इनसान

**1963** में स्थापित सेंट जॉन्स डीएलडब्ल्यू शिक्षा के साथ ही मानवता के संदेश के प्रति है समर्पित

**50** बच्चों के साथ शुरू हुआ सफर आज **4000** से अधिक बच्चों का बना परिवार गरीब बच्चों के लिए नि:शुल्क शिक्षा



## वीआईपी या वीवीआईपी के दबाव में नहीं, बल्कि बच्चों की बौद्धिक क्षमता से ही मिलता है सेंट जॉन्स बरेका में प्रवेश

अश्विनी कुमार श्रीवास्तव

**खास मुलाकात**

वाराणसी। शिक्षा के साथ ही मानवता का संदेश देने के उद्देश्य से वर्ष 1963 में सेंट जॉन्स स्कूल बीएलडब्ल्यु (अब बीएलडब्ल्यु) की स्थापना की गयी, स्कूल की स्थापना को 59 वर्ष पूर्ण हो गये हैं, आज भी विद्यालय में मानवता, भाईचारा का संदेश शिक्षा के साथ ही गूंजता है। सेंट जॉन्स बरेका के प्रधानाचार्य फादर गुरु सान्थाराज ने जनसंदेश टाइम्स से हुई खास मुलाकात में बताया कि एक वर्ष पूर्व जुलाई 2022 को उन्होंने सेंट जॉन्स बरेका के प्रधानाचार्य के रुप में कार्यभार ग्रहण किया, इसके पूर्व भी वह यहां बातौर उप-प्रधानाचार्य का पद संभाल चुके हैं। फादर गुरुसान्था राज बताते हैं कि हम सभी को इस बात की बहुत खुशी होती है कि जिस मानवता व भाईचारे के संदेश के लिए इस विद्यालय की स्थापना की गयी उसमें विद्यालय पूरी तरह से सफल है।

### बच्चों में धर्म नहीं, कर्म का बीज बोना चाहिए

फादर बताते हैं कि बच्चों में शुरू से ही धर्म का नहीं बल्कि कर्म का बीज बोना चाहिए क्योंकि कर्मपथ ही चलकर ही बच्चों को जीवन में सफलता हासिल हो सकती है। धर्म तो हम आप ने बनाया है लेकिन मानवता और भाईचारे का संदेश स्वयं ईश्वर ने निर्मित किया है। बताया कि शिक्षा और मानवता के संदेश के लिए ही यह विद्यालय फोर्ब्स ग्रेट इंडियन एजुकेशन सेंटर लिस्ट 2018 में सूचीबद्ध है।

### खेल के प्रति समर्पित है सेन्ट जॉन्स बरेका

खेल के प्रति सेन्ट जान्स बरेका पूरी तरह से समर्पित है, विद्यालय का मानना है कि शिक्षा के साथ ही शारीरिक विकास भी महत्वपूर्ण है। इसलिए स्कूल की ओर से एथलेटिक टूर्नामेंटका भी आयोजन किया जाता है। जिसमें एमजेएम फुटबॉल कप है, जिसमें क्षेत्र के आसपास के कई स्कूल भाग लेते हैं। डिस्कस थ्रो, जेवलिन थ्रो और शॉट पुट जैसे अन्य खेलों को भी यहाँ बहुत महत्व दिया जाता है।

### प्रार्थना से शुरू होती है दिनचर्या

वर्तमान में सेंट जान्स बरेका के प्रधानाचार्य फादर गुरुसान्था राज की दिनचर्या सुबह चार बजे से शुरू हो जाती है, इस समय उठना दैनिक दिनचर्या के बाद चर्च में प्रार्थना और फिर सुबह छह बजे विद्यालय पहुंच जाना, दिन भर विद्यालय के कार्मो में निरंतर लगे रहने के साथ रात 11 बजे प्रार्थना के साथ ही सोना यह रोज की प्रक्रिया है।



### बागवानी करना नहीं भूलते

फादर ने बताया अवकाश में अन्य लोग जहां पूरी तरह रिलैक्स मूड में रहते हैं वहीं हम लोगों को अधिक काम रहता है, विद्यालय के फाइल से संबंधित सभी पेंडिग कार्य अवकाश में ही पूरा किया जाता है, हां विद्यालय पर्यावरण के प्रति हमेशा संजीदा है, वह स्वयं अपने व्यस्तम समम में भी बागवानी करना नहीं भूलते।

### राष्ट्रीय एकता का भी केंद्र है सेंट जॉन्स स्कूल

फादर बताते हैं कि सेंट जॉन स्कूल राष्ट्रीय एकता का केंद्र है क्योंकि इसमें भारत के लगभग वर्ग व सभी स्थानों के बच्चे पढ़ते हैं। स्कूल अधिकांश आधुनिक स्कूलों के साथ अनुकूल तुलना करता है। छात्रों को जीवन में उनकी भूमिका के लिए तैयार करने के लिए ठोस नैतिक, शारीरिक और सांस्कृतिक प्रशिक्षण उतना ही आवश्यक है जितना कि अकादमिक और विद्वतापूर्ण निर्देश। इसलिए खेल, खेल और शारीरिक व्यायाम को बहुत महत्व दिया जाता है। एलकेजी से 5 और 6 से 12 कक्षाओं के लिए अलग-अलग भवन हैं। दो बड़े खेल के मैदान, एक पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं और एक बड़ा आधुनिक सभागार है।

### मानवता का संदेश देने को बने फादर

फादर गुरु सान्थाराज बताते हैं कि इस स्थान पर आने के लिए किसी ने प्रेरित नहीं किया बल्कि मानवता के संदेश देने का मन में आस जगी तो इस ओर मुखातिब हुआ। फादर बताते हैं कि वह वर्ष 1994 में वाराणसी आये थे, बताते हैं कि जब सेंट जॉन्स डीएलडब्ल्यु था तो वह यहां उप प्रधानाचार्य रह चुके हैं।



# फिर शुरू होगा बैंड-बाजा-बारात

**तैयारी**

**दो मई से प्रारंभ हो जायेंगे मांगलिक कार्य**

**मई-जून में 25 व नवम्बर-दिसम्बर में 11 शुभ वैवाहिक मुहुर्त**

**इस बार 36 सर्वश्रेष्ठ व शुद्ध शुभ वैवाहिक लग्न पड़ेंगे**

राधेश्याम कमल

**वाराणसी।** जो लोग परिणय सूत्र में बंधने की प्रतीक्षा कर रहे हैं उनके लिए गुड न्यूज है। बैंड-बाजा-बारात की एक बार फिर शुरूआत होने जा रही है। आगामी दो मई से फिर से मांगलिक कार्य के साथ ही शुभ वैवाहिक मुहुर्त प्रारंभ हो जायेंगे। इसके साथ ही एक बार शहनाई की मंगल धुन सुनायी पड़ेगी। ज्योतिषी गणना के मुताबिक आगामी मई व जून माह में 25 एवं नवम्बर व दिसम्बर में 11 शुद्ध शुभ वैवाहिक मुहुर्त पड़ेंगे। प्रसिद्ध ज्योतिषी पं. विमल जैन के मुताबिक सामान्यतः खरमास की समाप्ति के पश्चात वैवाहिक लग्न प्रारंभ हो जाते हैं लेकिन इस बार खरमास 14 अप्रैल को समाप्त हो चुका था। लेकिन गुरु शुक्र अस्त एवं ग्रहों के फलस्वरूप समय शुभ नहीं था। 30 अप्रैल 2023 से आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी देवशयनी एकादशी तिथि गुरुवार 29 जून तक समय शुद्ध रहेगा। तत्पश्चात 23 नवम्बर से 15 दिसम्बर 2023 तक ग्रह गणना के मुताबिक समय शुद्ध रहेगा। जिसमें वैवाहिक शुभ लग्न के अतिरिक्त समस्त मांगलिक कार्य शुभ लग्न, शुभ वैवाहिक मुहुर्त प्रारंभ हो जायेंगे। शुद्ध वैवाहिक मुहुर्त की गणना में वर-वधू के जन्म कुंडली के ग्रहों की गणना एवं विचार किया जाता है। वर के लिए सूर्य ग्रह तथा वधू के लिए वृहस्पति ग्रह का बल देखना नितांत आवश्यक है। आवश्यकता व अपरिहार्य स्थिति में शास्त्रोक्त विधि से ग्रहों की पूजा दान करके विवाह करना शुभ फलदायी माना गया है।

### कब-कब गूंजेगी शहनाई, होंगे वैवाहिक शुभ मुहुर्त

मई–2023– 2 मई, 3 मई, 10 मई, 11 मई, 12 मई, 16 मई, 20 मई, 21 मई, 22 मई, , 27 मई, 29 मई, 30 मई, 31 मई।

जून–2023– 1 जून, 3 जून, 5 जून, 6जून, 7 जून, 8 जून, 11जून, 12जून, 13जून, 23 जून, 24 जून, 27 जून।

नवम्बर–2023– 23 नवम्बर, 24 नवम्बर, 27 नवम्बर, 28 नवम्बर, 29 नवम्बर।

दिसम्बर–2023–4 दिसम्बर, 6 दिसम्बर, 7 दिसम्बर, 8 दिसम्बर, 9 दिसम्बर, 15 दिसम्बर।

### 30 जून से 22 नवम्बर 2023 तक नहीं मिलेंगे लग्न

आगामी 30 जून से 22 नवम्बर 2023 तक अधिकमास, चातुर्मास्य, हरिशयन, करकायन, शुक्रास्त के कारण लग्न नहीं मिलेंगे। कार्तिक शुक्ल एकादशी (देवोत्थनी एकादशी) गुरुवार 23 नवम्बर से लेकर साल के अंत में 15 दिसम्बर 2023 तक वैवाहिक शुभ लग्न रहेंगे। 16 दिसम्बर शनिवार मार्ग शीर्ष शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से खरमास प्रारंभ हो जायेगा। जिसके फलस्वरूप मांगलिक कार्यों पर विराम लग जायेगा। आगामी 2024 में 16 जनवरी मंगलवार से खरमास की समाप्ति के पश्चात वैवाहिक व मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जायेंगे।



# गंगा पुष्करालु कुंभ में गूंजा 'सबका साथ हो, गंगा साफ हो'

**कार्यक्रम**

**दक्षिण भारतीय आस्थावानों ने गंगा सफाई में बंटाया हाथ**

**मानसरोवर समेत अन्य घाटों पर की गई सफाई**



**वाराणसी।** उत्तर और दक्षिण की संस्कृति के मिलन के साक्षी उत्तरवाहिनी गंगा के मानसरोवर घाट पर बुधवार को गंगा पुष्करालु कुंभ के दौरान ₹सबका साथ हो गंगा साफ हो₹ की गूंज सुनाई पड़ी। तेलुगू भाषी दक्षिण के मेहमानों ने गंगा में पवित्र स्नान के बाद नमामि गंगे और 137 सीईटीएफ प्रादेशिक सेना गंगा टास्क फोर्स के जवानों के साथ मां गंगा की आरती उतारी। दक्षिण भारत के तेलंगाना व आंध्र प्रदेश से गंगा पुष्करम कुंभ के लिए पधारे श्रद्धालुओं ने गंगा किनारे की सफाई में भी हाथ बंटाया। मानसरोवर, क्षेमेश्वर, राजाघाट और नारद घाट के गंगा तट पर इधर-उधर बिखरे कचरे और पॉलिथीन को कूड़ेदान तक पहुंचाने में भी मदद की । तेलुगु भाषा में लाउडस्पीकर से स्वच्छता बनाए रखने की अपील भी की । राष्ट्रध्वज तिरंगा और ॐ लिखी पताका हाथों में लेकर सभी ने गंगा की स्वच्छता का संकल्प लिया। 'सबका साथ हो गंगा साफ हो' का गगनभेदी उद्घोष मानसरोवर घाट पर गूंज उठा । नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ल ने कहा कि पतित पावनी गंगा दक्षिण से उत्तर तक और पूर्व से पश्चिम तक भारत की सांस्कृतिक-सभ्यता को जोड़ने की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। कहा कि 'गंगा स्वच्छता की जिम्मेदारी थोड़ी हमारी थोड़ी तुम्हारी' और 'सबका साथ हो गंगा साफ हो' के संकल्प की पूर्ति हेतु भारतीय जनमानस को अपना योगदान देना होगा । आयोजन में प्रमुख रूप से नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ल, गंगा टास्क फोर्स से सूबेदार शिवेंद सिंह और जवान, श्रीनिवास राव, रामनिवास शर्मा, नामदेव गुप्ता, राजशेखर द्रविड़, लक्ष्मी रेड्डी, पार्वती देशमुख व सैकड़ों की संख्या में दक्षिण भारत से पधारे सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।

# पंचाक्षर जप यज्ञ के 21 साल पूरे होने पर निकलेगी शोभायात्रा

**आयोजन**

**काशी के कई पीठाधीश्वर होंगे शामिल, अहिल्याबाईघाट पर होगा रूद्राभिषेक**

**ग्यारह बटुक करेंगे अभिषेक 1008 दीपों का गंगा में होगा दान**




**वाराणसी।** शिव आराधना समिति काशी के तत्वावधान में सनातन धर्म के रक्षार्थ व आतंकवाद के समूल समापन के लिए विगत 21 वर्षों से महानगर के विभिन्न चौराहे से नित्य ब्रह्मबेला में शिव पंचाक्षर मंत्र ॐ नमः शिवायः जप यज्ञ आम जनमानस से निकाली जाती रही है। उक्त आयोजन के 21 साल पूर्ण होने पर 28 अप्रैल शुक्रवार को प्रातः सात बजे जगतगंज चौराहे से भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। यह जानकारी शिवाराधना समिति के संस्थापक अध्यक्ष डा. मृदुल मिश्र व प्रभारी अध्यक्ष विन्ध्याचल चौबे एडवोकेट ने बुधवार को पिशाचमोचन स्थित कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने बताया कि इस शोभायात्रा में काशी के सभी पीठाधीश्वर रथ पर विराजमान रहेंगे। इनमें प्रमुख रूप से काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रो. नागेन्द्र पांडेय, अन्नपूर्णा मंदिर के महंत शंकरपुरी महराज, महामृत्युंजय महादेव मंदिर के महंत पं. मोहन दीक्षित, बड़ागणेश मंदिर के महंत पं. राजेश तिवारी, कालभैरव के पं. नवीन गिरी, सर्वेश्वरशरण समेत अन्य महंत शामिल रहेंगे। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई अहिल्याबाई घाट (दशाश्वमेधघाट) जाकर समाप्त होगी। जहां पर सायंकाल चार बजे गंगा की धारा में महारूद्राभिषेक होगा। 11 बटुक अभिषेक करेंगे। साथ ही 1008 दीपों का गंगा में दान होगा। सायंकाल से लेकर रात्रि तक भंडारा भी चलता रहेगा।

# एचआईवी का इलाज मिल गया?

## स्टेम सेल ट्रांसप्लांट से मरीज का कैंसर भी ठीक हो गया

## ये दुनिया में दो असाध्य रोगों से उबरने की चमत्कारिक सफलता





दो असाध्य रोग, कैंसर और एचआईवी, जिसके होने का अर्थ यही है कि जान बचने की संभावना कम से कमतर। लेकिन अब एक चिकित्सकीय चमत्कार ने कैंसर के साथ एचआईवी से ग्रस्त रोगियों के लिए जिंदगी की नई रौशनी दे दी है। जुलाई 2022 में जब एचआईवी से पीड़ित एक अमेरिकी मरीज को इस बीमारी से पूरी तरह मुक्त घोषित किया गया तो पूरी दुनिया में एड्स के वायरस का इलाज खोज निकालने में इसे एक बड़ी सफलता की तरह लिया गया। यह मरीज दुनिया के उन पांच लोगों में शामिल है, जो स्टेम सेल ट्रांसप्लांट इलाज से एचआईवी और ल्यूकीमिया से पूरी तरह ठीक हो गए। 66 साल के इस मरीज को 1988 में अपने एड्स बीमारी का पता चला था। उन पांच में वो उम्र में सबसे अधिक हैं और बीमारी के साथ सबसे अधिक जिंदा रहने वाले व्यक्ति भी हैं। उस समय वो अपनी पहचान उजागर नहीं होने देना चाहते थे लेकिन एक साल बाद पॉल एडमंड्स ने सार्वजनिक होने का फैसला किया। एडमंड्स कुछ समय चाहते थे लेकिन अब उन्होंने अपनी कहानी सुनाने का फैसला किया। कहते हैं कि मैं एड्स पीड़ितों के लिए प्रेरणा बनना चाहता हूं और उनके प्रति सम्मान जताना चाहता हूं जो इस बीमारी से हार गए। एचआईवी यानी ह्यूमन इम्यूनोडेफिसियंसी वायरस मरीज की प्रतिरोधक तंत्र पर हमला करता है। गंभीर चरण में ये एड्स बन सकता है जो मरीज के प्रतिरोध तंत्र के फेल होने पर एक के बाद एक उन बीमारियों को जन्म देता है, जो कमजोर प्रतिरोध की स्थिति में अपने आप फलती फूलती रहती हैं। 1980 के दशक में एचआईवी का इलाज नहीं था, बहुतों के लिए इसके होने का मतलब मौत पक्की। लेकिन उनके केस में हालात इससे भी बदहाल थे, जब उन्हें एचआईवी के बारे में पता चला तबतक उन्हें एड्स भी हो चुका है। एडमंड्स का 2019 में कैलिफोर्निया के सिटी ऑफ होप कैंसर सेंटर में ट्रांसप्लांट हुआ। हाल के दशकों में नए इलाज सफल रहे हैं और आज लोग इस वायरस के साथ भी लंबे समय तक ज़िंदा रह सकते हैं और कई लोगों में तो एड्स तक की नौबत नहीं आती। बावजूद इसका कोई मुकम्मल इलाज नहीं था और मरीज को पूरी ज़िंदगी दवाओं पर जीना होता था। 2018 में एडमंड्स को एक दूसरी खतरनाक बीमारी ल्यूकीमिया का पता चला। इस बीमारी से पूरी तरह ठीक होने को वो 'चमत्कार' कहते हैं। ये एक किस्म का कैंसर है जो बोन मैरो और रक्त कोशिकाओं को प्रभावित करता है। डॉक्टरों ने एडमंड्स को स्टेम सेल ट्रांसप्लांट की सलाह दी. ये बहुत जटिल प्रक्रिया है लेकिन ठीक होने का एकमात्र तरीका भी है। अब उन्हें एक ऐसे डोनर की जरूरत थी जिसमें एक जेनेटिक म्यूटेशन (सीसीआर5 डेल्टा 32) हुआ हो, जो एचआईवी वायरस के प्रति प्रतिरोधक हो।

एडमंड्स का इलाज 2019 में कैलिफोर्निया के सिटी ऑफ होप कैंसर सेंटर में हुआ. दो साल बाद 2021 में वो एचआईवी की दवाओं से पूरी तरह आजाद हो गए।आज तक उनके अंदर एचआईवी या ल्यूकीमिया का कोई लक्षण नहीं दिखा और वो पूरी तरह ठीक हो चुके हैं। हालांकि एचआईवी पॉज़िटिव मरीजों के लिए ऐसा ट्रांसप्लांट अपवाद ही है। लेकिन एडमंड्स और अन्य चार मरीजों की प्रगति से डॉक्टरों और रिसर्चरों में इस बीमारी के नए इलाज खोज निकालने की उम्मीद बढ़ गई है।

एडमंड्स का इलाज करने वाली टीम के डॉक्टर जाना डिक्टर का कहना था कि स्टेम सेल ट्रांसप्लांट एक जटिल प्रक्रिया है जिसका बहुत अधिक साइड इफेक्ट हो सकता है। वो कहती हैं, अधिकतर एचआईवी मरीजों के लिए ये बिल्कुल सटीक विकल्प नहीं है, लेकिन ये उन मरीजों के लिए एक विकल्प जरूर है जिनमें ब्लड कैंसर विकसित हो गया हो और उन्हें इसका फायदा हो सकता है। एडमंड्स जियार्जिया के ग्रामीण इलाके में करीब 10 हजार की आबादी वाले टोकोआ कस्बे में पले बढ़े। एक धार्मिक और संकीर्ण विचारों वाले समाज में रहने के बावजूद, जब उन्होंने अपनी पहचान समलैंगिक के रूप में जाहिर की तो उनके माता पिता ने उनका साथ नहीं छोड़ा। 1976 में 21 साल की उम्र में वो कैलिफोर्निया के शहर सैन फ्रांसिस्को चले गए जहां समलैंगिक आंदोलन बहुत मजबूत था। उन दिनों को याद करते एडमंड्स कहते हैं, वो बहुत शानदार समय था. हर जगह से समलैंगिक सैन फ्रांसिस्को में आकर जमा हो गए थे। लेकिन 1980 के दशक में इनमें अधिकतर बीमार होने लगे। ये बहुत डरावना था, कोई नहीं जानता था कि क्या हो रहा है। लोग इसे नई बीमारी 'गे कैंसर' कहने लगे। लोग डर गए थे।वो कहते हैं कि 1988 में जब उन्होंने एचआईवी टेस्ट कराने का फैसला किया तो इसके कोई लक्षण उनमें नहीं थे। हालांकि उन्हें ये शुबहा जरूर था कि वो वायरस के 'कैरियर' हो सकते हैं। टेस्ट का रिजल्ट उन्हें क्लीनिक में इंटर्नशिप करने वाली एक लड़की देने आई, वो समझ नहीं पा रही थी वो कैसे मुझे बताए, ये उसके लिए बहुत मुश्किल लग रहा था और ये उसके चेहरे से साफ झलक रहा था. मेरे लिए भी ये सदमे से कम नहीं था। एडमंड्स के मुताबिक, यही नहीं मुझे एड्स का भी पता चला क्योंकि मेरा टी लिम्फोसाइट काउंट (सीडी4) 200 (प्रति क्यूबिक मिलीमीटर खून) से कम था, जिसे आधिकारिक रूप से एड्स माना जाता था। उन्हें लगा कि उनका भी हश्र उनके दोस्तों जैसा होने वाला है। इस हताशा में वो अधिक शराब पीने लगे लेकिन आखिरकार उन्होंने खुद को संभाला और नियमित इलाज कराने लगे। वो बताते हैं, जब भी नई दवा आती मुझे बदलना पड़ता, ये बहुत पीड़ादायी था क्योंकि इनके साइड इफेक्ट बहुत होते थे। इनसे बचने के लिए इलाज में इस्तेमाल होने वाली भांग का इस्तेमाल करता था। 1992 में उनकी मुलाकात अपने पार्टनर अर्नाल्ड हाउस से हुई और उन्हें भी एचआईवी टेस्ट कराने के लिए उन्होंने राजी कर लिया। एडमंड्स कहते हैं, और वो भी पॉज़िटिव निकला. ये सदमे से कम नहीं था, लेकिन उसने धैर्य से काम लिया और हम लोग ज़िंदगी में आगे बढ़ गए।

### ट्रांसप्लांट और डोनर की खोज

समय के साथ एचआईवी के बेहतर इलाज आ रहे थे। 2018 में उन्हें मायलोडिसप्लास्टिक सिंड्रोम (एमडीएस) का पता चला जो कई बीमारियों के समूह को कहा जाता है जिससे ब्लड कैंसर हो सकता है। ये बाद में मायलॉयड ल्यूकीमिया में बदल गया। उन्हें इसका कोई लक्षण नहीं था, बस थकावट होती थी. डॉक्टरों ने कहा कि इस इलाज से उनका कैंसर खत्म हो सकता है और शायद एचआईवी भी। डॉ. जाना डिक्टर के अनुसार, स्टेम सेल ट्रांसप्लांट में बोन मैरो के उस ऊतक को डोनर की कोशिकाओं से बदला जाता है जिसमें कैंसर होता है। इसके बाद एक ऐसे डोनर की खोज शुरू हुई जिसमें एचआईवी के खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता हो. अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार, ऐसे लोग पूरी आबादी में महज 1% से 2% होते हैं। 2019 में 63 साल का एक डोनर मिला और यह ट्रांसप्लांट सफल रहा। एडमंड्स इसके नतीजे की चिंता किए बिना इलाज पर ध्यान दे रहे थे और देश भर से उन्हें शुभकामनाएं आ रही थीं। इसी दौरान कोविड-19 महामारी आई जिसकी वजह से एचआईवी का इलाज रुक गया। दो साल बाद मार्च 2021 में एडमंड्स ने एंटीरिट्रोवियल थेरेपी (एचआईवी का इलाज) पूरी तरह छोड़ दी। तबसे वो एचआईवी और ल्यूकीमिया से पूरी तरह मुक्त हैं, लेकिन डॉक्टर इसे 'पूरा इलाज' की बजाय 'लंबे समय तक ठीक होना' कहते हैं।